सुप्रभात
रांची, रविवार
01.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 316



12 अंतरिक्ष में मानव भेजने की तैयारी में इसरो

## न्यूज डायरी

### दिल्ली वापस लौटी 16वें वित्त आयोग की टीम

**रांची।** अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में बीते 28 मई को झारखंड आई 16वें वित्त आयोग की टीम शनिवार को वापस दिल्ली लौट गयी। झारखंड भ्रमण के दौरान टीम ने न सिर्फ देवघर का भ्रमण किया, बल्कि वहां के जनप्रतिनिधियों से भी संवाद किया। 30 मई राजधानी रांची में सरकार के प्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के साथ बैठक की थी।

### केंद्रीय कारा हजारीबाग में नक्सली ने की खुदकुशी

हजारीबाग। लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में बंद एक नक्सली विचाराधीन कैदी ने खुदकुशी कर ली है। वार्ड डी में उसका शव शनिवार सुबह फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान दुमका के काठीकुण्ड थाना क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय छोटा श्यामलाल देहरी के रूप में हुई है। बंदी को 9 फरवरी 2021 को दुमका केंद्रीय कारा से हजारीबाग जेल में स्थानांतरित किया गया था। वह नक्सली गतिविधियों से जुड़े आठ मामलों में विचाराधीन था।

### आंध्रप्रदेश में ट्रेन हादसे में झारखंड के मजदूर की मौत

**सीएम हेमंत ने लिया संज्ञान**

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आंध्रप्रदेश में ट्रेन हादसे में जान गंवाने वाले मजदूर कुशल बृजिया के मामले में संज्ञान लिया है। सीएम ने लातेहार डीसी को मृतक के पार्थिव शरीर को उसके घर तक पहुंचाने के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने मृतक के परिवार को हर जरूरी सरकारी योजना से जोड़ने का भी निर्देश दिया है।

### सुकमा से 21 लाख के इनामी तीन नक्सली धराये

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जगरगुण्डा थाना क्षेत्रान्तर्गत सक्रिय लाखों रुपये के इनामी तीन हार्डकोर नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दो नक्सलियों पर छत्तीसगढ़ सरकार ने 8-8 लाख और एक नक्सली पर 5 लाख रुपये सहित कुल 21 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। गिरफ्तार नक्सली वर्ष 2024 में जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत एक शिक्षादूत को बैठक में बुलाकर पुलिस मुखबिरी के शक में हत्या करने की घटना शामिल रहे हैं।

### झारखंड में भी कोरोना के पांच एक्टिव केस

**रांची।** झारखंड के दो शहरों रांची और जमशेदपुर में कोरोना मरीजों के मिलने के बाद स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड पर है। राज्य में कुल 06 कोरोना संक्रमित मामले आये हैं। 04 रांची और 02 जमशेदपुर के हैं। रांची में एक मरीज ठीक हो चुका है। विभाग ने के सभी डीसी और सीएस को संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिया है। वहीं देश मे कोरोना मामलों में पांच गुना वृद्धि देखी गयी है। एक्टिव केस की संख्या 3395 हो गयी है। 24 घंटों में कोरोना से सात मौतें हो गयी हैं।

## कार्टून कोना




**जैक बोर्ड** : पिछले साल के मुकाबले साइंस में 7 प्रतिशत और कॉमर्स में दो प्रतिशत रिजल्ट बढ़ा

# साइंस में 79.26% और कॉमर्स में 91.2% छात्र सफल

**बारहवीं का रिजल्ट**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने शनिवार को साइंस और कॉमर्स का रिजल्ट जारी कर दिया। स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने परीक्षा परिणामों की आधिकारिक घोषणा की। इस बार साइंस की परीक्षा में 79.26% छात्र पास हुए हैं, जबकि कॉमर्स में 91.2% छात्र सफल घोषित किये गये हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार साइंस में 7 फीसदी और कॉमर्स में दो फीसदी से अधिक छात्रों ने सफलता पायी है। कार्यक्रम में स्कूली शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, जैक अध्यक्ष नटवा हांसदा और जैक सचिव जयंत मिश्र समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने रिजल्ट को बीते साल की तुलना में बेहतर बताया।

इस साल साइंस में 98634 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 78186 बच्चे सफल हुए। साइंस का सफलता का प्रतिशत 79.26% रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7% अधिक है। इसमें 80.29% छात्राएं और 78.47% छात्र शामिल हैं। साइंस में 38732 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 19383 द्वितीय श्रेणी और 63 तृतीय श्रेणी में परीक्षा पास की है।

कॉमर्स में 22066 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 20285 बच्चों ने सफलता हासिल की है। सफलता का प्रतिशत 91.2% रहा।



## इस बार बेहतर रहा 12वीं का रिजल्ट : रामदास सोरेन

स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि पिछले साल की तुलना में इस बार का रिजल्ट अच्छा रहा है। पिछले बार साइंस में 72.79 प्रतिशत रिजल्ट रहा था, जो इस बार बढ़कर 79.26 प्रतिशत हो गया। वहीं कॉमर्स में पिछले साल 90.60 फीसदी था, जो इस बार बढ़कर 91.02 प्रतिशत हो गया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम एक ऐसी सशक्त और समावेशी शिक्षा प्रणाली विकसित करें जो राज्य के प्रत्येक छात्र तक पहुंचे।

जो पिछले साल की तुलना में दो फीसदी अधिक है। कॉमर्स में 12829 बच्चों ने प्रथम श्रेणी, 7234 ने द्वितीय श्रेणी और 222 ने तृतीय श्रेणी में पास की है। कॉमर्स में लातेहार जिला अव्वल रहा है।



**साइंस का फैक्ट फाइल**

| | |
|---|---|
| फर्स्ट | 58,720 |
| सेंकेंड | 19,383 |
| थर्ड | 63 |
| पास | 20 |

**कॉमर्स का फैक्ट फाइल**

| | |
|---|---|
| फर्स्ट | 12,829 |
| सेकेंड | 7234 |
| थर्ड | 222 |
| पास | ---- |

**टॉप 3 विद्यार्थियों को सरकार देगी नकद पुरस्कार**

12वीं परीक्षा में टॉप 3 स्थान पाने वाले छात्रों को राज्य सरकार पुरस्कार देगी।
रैंक 1 को 3 लाख नकद, लैपटॉप और मोबाइल फोन।
रैंक 2 को 2 लाख नकद, लैपटॉप और मोबाइल फोन।
रैंक 3 को 1 लाख नकद, लैपटॉप और मोबाइल फोन।

# इंटर साइंस में अंकिता और रश्मि कॉमर्स में स्टेट टॉपर

**दोनों स्ट्रीम में लातेहार अव्वल, रांची टॉप 10 से बाहर**

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद की ओर से जारी किये गये 12वीं साइंस और कॉमर्स के रिजल्ट में लातेहार जिला टॉप पर रहा। साइंस में लातेहार जिला का पास का प्रतिशत 88.02 फीसदी रहा। वहीं, कॉमर्स में पास प्रतिशत 100 फीसदी रहा। हालांकि इस बार रांची जिला टॉप टेन से बाहर हो गया।

**साइंस में 16वें पायदान पर रांची**

साइंस में रांची जिला 16वें पायदान पर रहा, जबकि कॉमर्स में रांची जिले का पास प्रतिशत 92.68 फीसदी रहा। कॉमर्स में भी रांची जिला 12वें पायदान पर रहा। इस बार साइंस में धनबाद के गोविंदपुर की अंकित स्टेट टॉपर बनी है। अंकिता को 477 अंक मिले हैं। वहीं चाईबासा की रश्मि कुमारी से कॉमर्स में स्टेट टॉपर होने का गौरव हासिल किया है।





**साइंस और कॉमर्स में लड़कियों ने बाजी मारी :** इस बार भी इंटर साइंस और कॉमर्स में लड़कियों ने ही बाजारी मारी है। साइंस में 80.53 फीसदी छात्राओं ने सफलता हासिल की है, जबकि छात्रों का पास परसेंटेज 78.43 फीसदी रहा। कॉमर्स में 95 फीसदी छात्राएं सफल रही हैं, जबकि छात्रों का पास परसेंटेज 86 फीसदी रहा।

## गवर्नर और सीएम ने विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं





**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और सीएम हेमंत सोरेन ने जैक 12वीं साइंस और कॉमर्स के सफल विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया में विद्यार्थियों की सफलता की सराहना की है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि यह सफलता आपकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। मैं आप सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करता हूं। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि जैक बोर्ड की इंटरमीडिएट कॉमर्स और साइंस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। सभी को उज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं।

**पीएम ने भोपाल से पाकिस्तान को फिर चेताया, कहा**

# गोली का जवाब गोले से मिलेगा

- पीएम ने देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मलेन को किया संबोधित।
- आतंकियों के मददगारों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी

**एजेंसी**



**भोपाल।** ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवादियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा और सबसे सफल अभियान बताते हुए पीएम मोदी ने शनिवार को एक बार फिर पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चुनौती देते हुए कहा कि अगर तुम गोली चलाओगे तो मान के चलो कि गोली का जवाब गोले से दिया जायेगा। श्री मोदी यहां देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत संस्कृति और संस्कारों का देश है। सिंदूर नारी शक्ति का प्रतीक है। हम शक्ति पूजा में सिंदूर अर्पण करते हैं। ये ही अब भारत के शौर्य का प्रतीक बन गया है। ऑपरेशन सिंदूर हमारी नारीशक्ति के सामर्थ्य का भी प्रतीक बना है।

**नारी शक्ति को चुनौती दी, मिट्टी में मिला दी :** पीएम मोदी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने भारतीयों का खून ही नहीं बहाया, संस्कृति पर भी प्रहार किया। हमारे समाज को बांटने की कोशिश की। सबसे बड़ी बात, आतंकवादियों ने नारीशक्ति को चुनौती दी। यही चुनौती आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गयी है। पाकिस्तानी सेना ने जहां तक सोचा भी नहीं था, वहां तक हमारी सेना ने आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कहा है कि आतंकवादियों के जरिए प्रॉक्सी वॉर नहीं चलेगा। घर में घुस कर मारेंगे और आतंकियों के मददगारों को भी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

## नौ राज्यों में 5 दिन भारी बारिश, तूफान के आसार, अलर्ट

**नयी दिल्ली।** देश में इस बार मॉनसून ने समय से पहले ही दस्तक दे दी। दक्षिण भारत से शुरू हुई मॉनसूनी बौछारें अब उत्तर और पूर्व भारत की ओर रफ्तार पकड़ रही है। भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि दिल्ली, यूपी, बिहार समेत 9 राज्यों के 50 से अधिक जिलों में अगले पांच दिन तक तेज आंधी और गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। झारखंड और छत्तीसगढ़ में भी मौसम करवट ले सकता है, इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**एक सप्ताह पहले आ गया मॉनसून :** आमतौर पर जून के पहले सप्ताह में केरल पहुंचने वाला मॉनसून इस बार 8 दिन पहले ही वहां पहुंच गया। यूपी, बिहार महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ दिल्ली-एनसीआर और पश्चिम बंगाल में मॉनसून सक्रिय हो चुका है।

## जेल भेजे गये विनय चौबे और गजेंद्र सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आइएएस विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को शनिवार को एसीबी की विशेष अदालत में पेश किया गया। दो दिनों की रिमांड अवधि शनिवार को खत्म होने के बाद दोंनो को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

**चौबे से एक ही दिन पूछताछ :** एसीबी की टीम ने निलंबित आईएएस विनय चौबे से पूछताछ के लिए अदालत से दो दिनों का रिमांड लिया था, लेकिन खराब स्वास्थ्य कारणों की वजह से उनसे केवल एक दिन शुक्रवार को ही पूछताछ हो सकी। इस दौरान गजेंद्र सिंह से भी पूछताछ की गयी थी। जानकारी के मुताबिक, विनय कुमार चौबे ने पूछताछ के दौरान तबीयत ठीक नहीं होने की बात कह अधिकांश सवालों के जवाब टाल दिये।

लड़ाकू विमान का गिरना या संख्या महत्वपूर्ण नहीं, बल्कि जरूरी ये कि वे क्यों गिरे

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के छह लड़ाकू विमानों को मार गिराने की बात झूठी : सीडीएस

**साक्षात्कार में खुलासा**

ब्लूमबर्ग टीवी को दिये साक्षात्कार में सीडीएस चौहान ने कहा कि यह पता लगाना अधिक महत्वपूर्ण है कि विमान को नुकसान क्यों हुआ, ताकि भारतीय सेना रणनीति में सुधार कर सके और फिर से जवाबी हमला कर सके।

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने पाकिस्तान के दावों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के 6 लड़ाकू विमानों को मार गिराने की बात पूरी तरह से झूठी है। 'ब्लूमबर्ग टीवी' को दिए एक इंटरव्यू में श्री चौहान ने ये बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह कहना भी गलत है कि भारत और पाकिस्तान परमाणु युद्ध के करीब थे। जनरल चौहान ने कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत के रास्ते हमेशा खुले हैं, ताकि स्थिति को नियंत्रण में रखा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अपनी गलतियों से सीखता है और उन्हें सुधारता है।

जनरल अनिल चौहान ने पाकिस्तान के साथ हालिया सैन्य टकराव में विमान के नुकसान की बात स्वीकार की, लेकिन छह भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के इस्लामाबाद के दावे को बिल्कुल गलत बताया।

ब्लूमबर्ग टीवी के साथ एक साक्षात्कार में चौहान ने कहा कि यह पता लगाना अधिक महत्वपूर्ण है कि विमान का नुकसान क्यों हुआ, ताकि भारतीय सेना रणनीति में सुधार कर सके और फिर से जवाबी हमला कर सके। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि लड़ाकू विमान का गिरना या संख्या महत्वपूर्ण बात नहीं है, बल्कि महत्वपूर्ण है कि वे क्यों गिरे। जनरल चौहान से पूछा गया कि क्या इस महीने पाकिस्तान के साथ चार दिनों तक सैन्य टकराव के दौरान भारत ने लड़ाकू विमान गंवाए थे। उन्होंने कहा, अच्छी बात यह है कि हम अपनी सामरिक गलतियों को समझ पाए, उन्हें सुधारा और दो दिन बाद फिर से लागू किया। हमने अपने सभी लड़ाकू विमानों को फिर से लंबी दूरी पर लक्ष्य करके उड़ाया।

**नुकसान लड़ाई का एक हिस्सा**

भारतीय वायुसेना के वायु संचालन महानिदेशक, एयर मार्शल एके भारती ने भी स्वीकार किया था कि नुकसान लड़ाई का एक हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा था कि भारतीय वायुसेना के सभी पायलट सुरक्षित घर लौट आए हैं। एयर मार्शल भारती ने 11 मई को प्रेस वार्ता में यह टिप्पणी की थी, जब उनसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के विमानों के नुकसान के बारे में पूछा गया था। फिलाहाल जनरल चौहान शांगरी-ला वार्ता में भाग लेने के लिए सिंगापुर में हैं।

SWARNREKHA COLLEGE OF NURSING
(Affiliated to JNRC & INC, New Delhi)

| COURSE | QUALIFICATION | DURATION |
|---|---|---|
| ANM | 10+2 (any Stream) | 2 Yrs. |
| GNM | 10+2 (any Stream with English) | 3 Yrs. |

SWARNREKHA COLLEGE OF PHARMACY
Recognised by: Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
Affiliated to: Jharkhand State Pharmacy Council

| COURSE | QUALIFICATION | DURATION |
|---|---|---|
| D.PHARMA | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Yrs. |

SWARNREKHA INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE
Recognised by: Jharkhand State Para Medical Council

| COURSE | QUALIFICATION | DURATION |
|---|---|---|
| DMLT (PATHOLOGY) | 10+2 (Science) | 2 Yrs. |
| DRT (X-RAY) | 10+2 (Science) | 2 Yrs. |
| O.T. TECHNICIAN | 10+2 (Science) | 2 Yrs. |
| OPTH. TECH. | 10+2 (Science) | 2 Yrs. |
| DRESSER | 10th | 1 Yr. |

SWARNREKHA SANSTHAN
Opp. Seventh Days Hospital, Booti Road, Bariatu. Ranchi - 09
Mob: 8210772409, 7004418497

# साइंस-कॉमर्स में ओबीसी का जलवा, सभी वर्गों में बेटियां आगे





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने साइंस और कॉमर्स स्ट्रीम का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस बार परीक्षा में साइंस से 79.26%, जबकि कॉमर्स से 91.2% छात्र सफल हुए। खास बात यह रही कि दोनों स्ट्रीम में अति पिछड़ा वर्ग ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इतना ही नहीं सभी वर्गों में इस बार भी लड़कों को पछाड़कर लड़कियों ने बाजी मारी है।

**कॉमर्स में विद्यार्थियों का वर्गवार प्रदर्शन**

| वर्ग | कुल परीक्षार्थी | उत्तीर्ण छात्र | उत्तीर्ण छात्राएं |
|---|---|---|---|
| अति पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) | 1173 | 658 (94.94%) | 473 (98.54%) |
| पिछड़ा वर्ग (बीसी) | 2864 | 1532 (92.79%) | 1182 (97.44%) |
| अनुसूचित जाति (एससी) | 614 | 350 (89.97%) | 205 (91.11%) |
| अनुसूचित जनजाति (एसटी) | 4003 | 2144 (89.25%) | 1526 (95.31%) |
| सामान्य वर्ग (जेनरल) | 13,412 | 6685 (88.53%) | 553 (94.35%) |

**12वीं बोर्ड कॉमर्स परीक्षा का फैक्ट फाइल :** कुल परीक्षार्थी : 22,066, लड़के : 12,686, लड़कियां : 9,380

**12वीं बोर्ड साइंस परीक्षा का फैक्ट फाइल :** कुल परीक्षार्थी : 98634, लड़के : 60725, लड़कियां : 37909

### सभी वर्गों में छात्राएं रहीं आगे

हर वर्ग में छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों से बेहतर रहा है। विशेषकर अति पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्राओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्श किया है।

**साइंस में विद्यार्थियों का वर्गवार प्रदर्शन**

| वर्ग | कुल परीक्षार्थी | उत्तीर्ण छात्र | उत्तीर्ण छात्राएं |
|---|---|---|---|
| अति पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) | 9069 | 5208 (84.01%) | 2477 (86.30%) |
| पिछड़ा वर्ग (बीसी) | 18467 | 9788 (80.69%) | 5407 (85.32%) |
| अनुसूचित जाति | 4135 | 2128 (74.77%) | 1006 (78.04%) |
| अनुसूचित जनजाति | 8998 | 3046 (62.02%) | 2938 (71.88%) |
| सामान्य वर्ग | 57965 | 27479 (79.32%) | 18689 (80.12%) |

## सभी जिलों का पास प्रतिशत

**साइंस में जिलों का पास प्रतिशत**

| जिला | पास का प्रतिशत |
|---|---|
| लातेहार | 88.02 |
| कोडरमा | 86.97 |
| पलामू | 85.79 |
| हजारीबाग | 84.79 |
| गिरिडीह | 82.74 |
| गुमला | 82.65 |
| जामताड़ा | 80.53 |
| देवघर | 80.10 |
| चतरा | 78.80 |
| रामगढ़ | 78.60 |
| धनबाद | 77.99 |
| बोकारो | 77.65 |
| प. सिंहभूम | 77.60 |
| गोड्डा | 76.75 |
| सिमडेगा | 76.71 |
| रांची | 76.08 |
| पाकुड़ | 76.02 |
| लोहरदगा | 71.96 |
| पूर्वी सिंहभूम | 70.91 |
| साहेबगंज | 70.67 |
| गढ़वा | 70.15 |
| सरायकेला | 68.44 |
| दुमका | 65.02 |

**कॉमर्स में जिलों का पास प्रतिशत**

| जिला | पास का प्रतिशत |
|---|---|
| लातेहार | 100.00 |
| लोहरदगा | 98.69 |
| सिमडेगा | 98.04 |
| जामताड़ा | 97.72 |
| पाकुड़ | 96.29 |
| कोडरमा | 95.61 |
| धनबाद | 94.34 |
| बोकारो | 94.03 |
| चतरा | 94.01 |
| गिरिडीह | 93.29 |
| हजारीबाग | 93.21 |
| रांची | 92.68 |
| पलामू | 92.67 |
| गुमला | 92.30 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 91.40 |
| रामगढ़ | 90.66 |
| खूंटी | 90.29 |
| साहेबगंज | 89.58 |
| देवघर | 89.20 |
| पूर्वी सिंहभूम | 87.91 |
| सरायकेला | 87.00 |
| गढ़वा | 86.40 |
| दुमका | 84.91 |
| गोड्डा | 84.66 |

## संत अन्ना इंटर कॉलेज की स्वाति बनीं झारखंड की छठी टॉपर

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा घोषित 2025 के इंटरमीडिएट परीक्षा परिणामों में संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विज्ञान एवं वाणिज्य (कॉमर्स) दोनों संकायों में छात्राओं ने उल्लेखनीय अंक प्राप्त किए हैं।

**विज्ञान संकाय में स्वाति कुमारी बनीं राज्य की छठी टॉपर :** विज्ञान संकाय में स्वाति कुमारी ने 471 अंक (94.2%) प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान और राज्य स्तर पर छठा स्थान हासिल किया। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर मेरी टोप्पो ने परीक्षा परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम अत्यंत संतोषजनक है।

| साइंस का साल दर साल रिजल्ट | | कॉमर्स का साल दर साल रिजल्ट | |
|---|---|---|---|
| साल | पास प्रतिशत | साल | पास प्रतिशत |
| 2019 | 57.00 | 2019 | 70.44 |
| 2020 | 58.99 | 2020 | 77.37 |
| 2021 | 86.89 | 2021 | 90.33 |
| 2022 | 92.19 | 2022 | 92.75 |
| 2023 | 81.45 | 2023 | 88.60 |
| 2024 | 72.70 | 2024 | 90.60 |

## साइंस में अंकिता दत्ता ने झारखंड में किया टॉप

- मजदूर के बेटे हसन को मिला दूसरा स्थान




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड बोर्ड के 12वीं कक्षा का रिजल्ट जारी किया गया। इस परीक्षा में टुंडी रोड गोविंदपुर के रहने वाले इलेक्ट्रीशियन हेल्पर प्रलय कुमार दत्ता की बेटी अंकिता दत्ता ने इंटर साइंस स्टेट टॉपर बनकर गोविंदपुर और जिले का नाम रोशन किया है। स्टेट टॉपर अंकिता राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय गोविंदपुर की छात्रा थी। अंकित तीन बहनों में सबसे बड़ी है। उसकी मां मालती दत्ता गृहिणी है।

वहीं, मजदूर के बेटे हसन शेख कॉमर्स स्ट्रीम में राज्य में सेकंड टॉपर बने हैं। वह, मिहिजाम के मस्जिद रोड मिहिजाम का रहने वाला है। इनके पिता असगर शेख आसनसोल के समीप जामुड़िया स्थित ग्लास फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। वह आगे कॉमर्स से स्नातक की पढ़ाई पूरी करेगा। इसके प»ात चार्टड एकाउंटेंट बनना चाहता है। बताया कि स्कूल के अलावा घर पर पांच-छह घंटे नियमित पढ़ाई करता है। खेल में कोई विशेष रुचि नहीं है। सेल्फ स्टडी से इंटरमीडिएट कॉमर्स संकाय में बेहतर अंक हासिल किए हैं।

## इंटर कॉमर्स में चाईबासा की रश्मि बनी स्टेट टॉपर

- आगे बीबीए की पढ़ाई करना चाहती है रश्मि, सरकार से मांगा सहयोग



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जैक बोर्ड की इंटर कॉमर्स में पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा की बिटिया रश्मि कुमारी ने स्टेट टॉप किया है। रश्मि को कुल 476 अंक (95.2 प्रतिशत) प्राप्त हुए हैं। संत जेवियर बालिका इंटर कॉलेज, चाईबासा की छात्रा रश्मि की इस सफलता से परिवार समेत चाईबासा वासियों में खुशी का माहौल है। रश्मि का परिवार चाईबासा के न्यू कॉलोनी नीमडीह में रहता है। रश्मि के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उसके पिता राजेश प्रसाद चाईबासा बस स्टैंड के समीप दुकान लगाकर कपड़ा बेचते हैं, जबकि मां रीना प्रसाद गृहणी हैं। रश्मि ने बताया कि वह आगे बीबीए और उसके बाद एमबीए की पढ़ाई करना चाहती है। उसने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हे। आगे की पढ़ाई के लिए उसने राज्य सरकार से आर्थिक सहयोग की अपील की है। उसने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के शिक्षकों व परिवार के सदस्यों को दिया है। इधर, रश्मि की सफलता पर संत जेवियर बालिका इंटर कॉलेज के शिक्षकों ने भी खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि रश्मि की मेहनत व लगन के कारण ही उसे यह परिणाम हासिल हुआ है। वहीं पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी इंटर कॉलेज के छात्र अंकित कुमार साह बारहवीं विज्ञान के रिजल्ट में स्टेट सेकेंड टॉपर बने हैं।

## एनडीपीसी एक्ट के आरोपी की जमानत 5 साल बाद सुप्रीम कोर्ट से रद्द

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने एनडीपीसी एक्ट के आरोपी प्रवीण पाठक को मिली जमानत रद्द कर दी है। जमानत रद्द करने की वजह ट्रायल कोर्ट द्वारा फैसला सुनाने के लिए निर्धारित तिथि पर आरोपी का हाजिर नहीं होना है। प्रवीण पाठक, एनडीपीसी एक्ट के तहत 2021 में दर्ज प्राथमिकी में अभियुक्त था। वह गांजा लेकर चल रही एक गाड़ी के पीछे-पीछे दूसरी कार से चल रहा था। जनवरी 2021 में जांच के दौरान पाठक को भी गिरफ्तार किया गया था। अभियुक्त की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने उसे चार अगस्त 2021 को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था।

हाईकोर्ट के इस आदेश के आलोक में ट्रायल कोर्ट ने उसे जमानत पर रिहा कर दिया था। एनडीपीसी के इस मामले में सुनवाई के बाद ट्रायल कोर्ट ने फैसला सुनाने के लिए 15 मई 2025 की तिथि निर्धारित की थी। लेकिन वह सजा सुनाये जाने के लिए निर्धारित तिथि पर ट्रायल कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था। इस स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गयी। न्यायाधीश दिपांकर दत्ता और के विनोद चंद्रन की पीठ में याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि आरोपी ट्रायल में सहयोग नहीं कर रहा है। इस स्थिति के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट द्वारा अभियुक्त को दी गयी जमानत रद्द् कर दी।

## सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के खराब प्रदर्शन पर 19 प्रिंसिपल को शोकॉज

### डीईओ के माध्यम से एसपीडी जेईपीसी ने एक सप्ताह में मांगा जबाव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के 19 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम बेहद निराशाजनक रहे हैं। इन स्कूलों का परिणाम 19.64% से 57% के बीच रहा, जो राज्य द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानक 60% से कम है। इसे लेकर शिक्षा विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है और स्कूल के प्राचार्यों और प्रभारी प्रधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**एक सप्ताह के भीतर डीईओ के जरिये मांगा लिखित स्पष्टीकरण :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के निदेशक शशि रंजन ने इस प्रदर्शन को पूरी तरह असंतोषजनक बताया है। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों को बेहतर शैक्षणिक माहौल के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं और भौतिक संसाधन उपलब्ध कराए गए थे, इसके बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं आ सके। परिषद ने संबंधित प्राचार्यों और प्रभारी प्रधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे एक सप्ताह के भीतर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) के माध्यम से लिखित स्पष्टीकरण दें।

### खराब प्रदर्शन के कई कारण बताये जा रहे हैं

**खराब परिणाम :** 19 स्कूलों का पास प्रतिशत 19.64% से 57% के बीच रहा, जो निर्धारित न्यूनतम मानक से 60% से कम है।

**कारण बताओ नोटिस :** प्राचार्यों और प्रभारी प्रधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**कार्रवाई की तैयारी :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने कार्रवाई की तैयारी की है और संबंधित प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगा है।

**उपलब्ध संसाधन :** शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को पर्याप्त संसाधन और सहयोग उपलब्ध कराये थे।

**लापरवाही और उदासीनता :** कई स्कूलों में दिशा-निर्देशों का पालन नहीं हुआ और शिक्षकों द्वारा पढ़ाई को लेकर विशेष प्रयास नहीं किए गए, जिसे विभाग ने लापरवाही और उदासीनता माना है।

## एसीबी ने निलंबित आईएएस विनय चौबे व गजेंद्र सिंह को कोर्ट में किया पेश, न्यायिक हिरासत में भेजे गये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे और तत्कालीन उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को एसीबी ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया। जिसके बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मालूम हो कि एसीबी ने शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए दोनों अधिकारियों को दो दिनों की रिमांड पर लिया था। विनय चौबे के स्वास्थ्य खराब होने की वजह से उनसे केवल एक दिन ही पूछताछ हो पायी। शनिवार को रिमांड अवधि खत्म होने के बाद उन्हें वापस कोर्ट में पेश किया गया।

**विनय चौबे संलिप्तता से करते रहे इनकार :** विनय चौबे व गजेंद्र सिंह दोनों से रिमांड अवधि के दौरान अलग-अलग पूछताछ की गयी थी। जानकारी के मुताबिक, विनय कुमार चौबे ने पूछताछ के दौरान तबीयत ठीक नहीं होने की बात कहकर अधिकांश सवालों के जवाब टाल दिये। एसीबी की टीम ने विनय चौबे से पूछा कि प्लसमेंट एजेंसियों के चयन का आधार क्या था, जब कंपनियों ने बकाया जमा नहीं कराया तो उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी। इसके अलावा पूछा गया कि बैंक गारंटी की जांच में अनियमितता क्यों बरती गई। उत्पाद सचिव के तौर पर उनकी भूमिका कैसी थी। एसीबी ने उनसे ये सभी सवाल किये, लेकिन विनय चौबे बार-बार अपनी सीधी संलिप्तता से इनकार करते रहे।

# हेमंत सरकार आदिवासियों की खेतिहर जमीन से बेदखल करना चाहती है: बाबूलाल मरांडी

- बिना ग्रामसभा की सहमति के एक इंच भी जमीन नहीं देने देंगे
- सरकार चला रही है जमीन हथियाओ अभियान
- खेती-बाड़ी की जमीन उजाड़कर विकास नहीं, विनाश हो रहा है।



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांके के नगड़ी में आदिवासी रैयतों एवं किसानों की उपजाऊ खेतिहर जमीन पर निर्माण की योजना का विरोध कर रहे आदिवासी-किसान रैयतों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने इस निर्माण कार्य को झारखंड के विकास की आड़ में विनाश करार दिया है। उन्होंने कहा कि यहां जो लोग वर्षों से खेती-बाड़ी कर अपनी आजीविका चला रहे हैं, उन्हें आखिर क्यों उजाड़ा जा रहा है? इन किसानों ने कौन-सा अपराध किया है जो उनकी उपजाऊ जमीन छीनी जा रही है? सरकार यदि अस्पताल ही बनाना चाहती है तो रांची के चारों ओर बंजर भूमि की कोई कमी नहीं है। अगर उन्हें नहीं मिल रही है तो हम खोजने को तैयार हैं। श्री मरांडी ने कहा कि इस क्षेत्र में एक ओर 202 एकड़, दूसरी ओर 25 एकड़ जमीन है। सरकार को सोचना चाहिए कि क्या ये सही निर्णय है? उपजाऊ खेतों को बर्बाद करके अस्पताल बनाएंगे, तो ये विकास नहीं, झारखंड का विनाश है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की कि वे एक बार यहां आकर देखें कि वास्तव में क्या हो रहा है।

### विकास के नाम पर आदिवासी-किसानों की आजीविका नहीं छीननी चाहिए

नेता प्रतिपक्ष ने याद दिलाया कि इससे पहले भी लॉ यूनिवर्सिटी के निर्माण के समय ऐसे ही खेती की जमीन ली गई थी, और तब भी स्थानीय लोग विरोध में धरना पर बैठे थे। उन्होंने कहा कि मैं पहले भी इस जमीन पर आ चुका हूं, लेकिन तब स्पष्ट नहीं था कि कौन-सी जगह छोड़ी गई है। अब स्पष्ट दिख रहा है कि सरकार की वक्र दृष्टि फिर से इस जमीन पर पड़ गई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार को विकास के नाम पर आदिवासी-किसानों की आजीविका नहीं छीननी चाहिए। झारखंड की आत्मा उसकी मिट्टी, खेत और किसान हैं, और इन्हीं के विनाश से राज्य का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस पूरे घटनाक्रम की कड़ी निंदा करते हुए इसे आदिवासी अधिकारों का सीधा उल्लंघन बताया है। बाबूलाल मरांडी ने नगड़ी के रैयतों से मुलाकात कर उनकी पीड़ा को न केवल सुना, बल्कि सरकार को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि हेमंत सरकार आदिवासियों के खेतिहर जमीन से बेदखल करना चाहती है, आदिवासी के पास जीविकोपार्जन चलाने के लिए अपनी खेती बाड़ी के अलावा और कोई साधन नहीं है।

### ग्रामसभा की अनुमति के बिना जमीन अधिग्रहण करना गैरकानूनी

उन्होंने कहा कि ग्रामसभा की अनुमति के बिना किसी की भी जमीन को अधिग्रहण करना गैरकानूनी है। संविधान के अनुसार आदिवासियों को उनकी जमीन पर अधिकार है, और भाजपा उनके साथ खड़ी है। पुलिस बल लगाकर आदिवासियों की जमीन छीनने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती। श्री मरांडी ने सीधे तौर पर हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार झारखंड को बेचने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि नगड़ी के रैयतों की जमीन पहले कभी अधिग्रहण नहीं हुई थी, और न ही कोई कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई है। उन्होंने कहा की ग्रामीणों ने जमीन अधिग्रहण की पूरी फाइल दिखाई है। उसमें न कोई अधिसूचना, न मुआवजा, न ग्रामसभा की सहमति। ये सब लोकतंत्र का गला घोंटने जैसा है। भाजपा यह अन्याय नहीं होने देगी।

### भाजपा देगी न्याय की लड़ाई को धार

बाबूलाल मरांडी ने ऐलान किया कि भाजपा पूरे मामले को विधानसभा से लेकर सड़क तक उठाएगी। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो पार्टी न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाएगी। उन्होंने कहा कि रैयतों की जमीन छीनने की कोशिश को हम विफल करेंगे। हेमंत सरकार के इस तानाशाही रवैये के खिलाफ जनांदोलन होगा। इस मौके पर अशोक बड़ाईक, बाल्कू उरांव, सहित गांव के सैकड़ो आदिवासी रैयत उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारियों ने की हेल्थ बीमा की मांग, कहा जेल जाने की अनिवार्यता हो खत्म



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारियों ने राज्य सरकार से स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने की मांग की है। इसके साथ ही आंदोलनकारियों में जेल जाने की शर्त को भी समाप्त करने की बात कही है। झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के प्रतिनिधियों ने राज्य के श्रम मंत्री संजय यादव से मुलाकात कर इन मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

### झारखंड आंदोलनकारियों को स्वास्थ्य बीमा बेहद जरूरी : पुष्कर महतो

झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के महासचिव पुष्कर महतो ने श्रम मंत्री को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने झारखंड के आंदोलनकारी के आश्रितों को सरकारी नौकरी में 5 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देकर स्वागतयोग्य कार्य किया है। लेकिन वर्तमान में झारखंड राज्य निर्माण के आंदोलनकारियों को सबसे बड़ी जरूरत स्वास्थ्य बीमा की है।

पुष्कर महतो ने कहा कि श्रम मंत्री से यह मांग की है कि वह कैबिनेट के अहम हिस्सा होने के नाते सरकार के मुखिया के समक्ष मोर्चा की मांग रखें। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ राज्य निर्माण के लिए चले आंदोलन में शामिल लोगों के चिन्हीतकरण के लिए जेल जाने की अनिवार्यता समाप्त की जाए।

### सीएम हेमंत सोरेन हैं आंदोलनकारी का बेटा, जरूर लेंगे फैसला : श्रम मंत्री

झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की मांग पर श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन, लालू यादव जैसे हमारे पुरोधा नेताओं के प्रयास से झारखंड अलग राज्य के अस्तित्व में आया है। उन्होंने कहा कि जो लोग यह कहते हैं कि लालू प्रसाद कहते थे कि उनकी लाश पर राज्य का बंटवारा होगा, वह गलत बयानी करते हैं।

श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि दरअसल, लालू प्रसाद ने ही यह शर्त रखी थी कि झारखंड राज्य का निर्माण तब होगा, जब वहां का सीएम कोई आदिवासी का बेटा बनेगा। श्रम मंत्री ने कहा कि आज लोग चाहे जो बोल लें, लेकिन सच्चाई यही है कि अलग झारखंड निर्माण में राजद की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है।

# भक्ति-भाव : मोरहाबादी में लोटन सेवा के साथ मंडा पूजा शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी के मंडा टांड़ में दो दिवसीय सार्वजनिक मंडा पूजा की शुरूआत हुई। पूजा के पहले दिन सोक्ताइन और भोक्ताओं ने लोटन सेवा की। करीब 350 सोक्ताइन ओर 525 भोक्ताओं ने जमीन पर लेटकर बाबा भोलेनाथ मंदिर की परिक्रमा कर अपनी श्रद्धा को प्रकट किया। सोक्ताइन तालाब में जाकर लोटे में जल भरकर कतारबंद होकर मुख्य मंदिर पहुंची और भोलेनाथ को जल चढ़ाया इसके बाद भोक्ताओं ने लोटन सेवा एवं होड़न सेवा समेत कई अनुष्ठान किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुजारी गुरु बलराम दास गोस्वामी, पाठ भोक्ता क्रिस लोहरा अध्यक्ष निर्मल पहान, संदीप मिर्धा, मनीष तिर्की, अमित मुंडा (पार्षद प्रत्याशी), संतोष उरांव, मिथिलेश मिर्धा, आशीष महतो, सतीश मुंडा, अर्जुन मुंडा, अमित कुमार, संजय मिर्धा, राजेश तिर्की, अशोक मुंडा, सुरेश मिर्धा, अर्जुन मिर्धा, राकेश मुंडा, बिरजू लोहरा व अन्य के साथ-साथ मोरहाबादी मौजा के सातों टोला के ग्राम वासियों का बहुमूल्य योगदान रहा।



# देवनद दामोदर महोत्सव 5 जून को राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गंगा दशहरा के अवसर पर 5 जून को आयोजित देवनद दामोदर महोत्सव में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि होंगे। यह जानकारी युगांतर भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण ने दी। इसको लेकर जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय और अंशुल शरण ने राज्यपाल मुलाकात की। अंशुल शरण ने बताया कि दामोदर महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम बोकारो जिले के तेलमच्चो में होगा। तेलमच्चो में राज्यपाल शाम पांच बजे कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत करेंगे। वह तेलमच्चो में दामोदर नद की पूजा-अर्चना करेंगे। अध्यक्षता दामोदर बचाओ आंदोलन के प्रणेता सरयू राय करेंगे।



**45 स्थानों पर दामोदर महोत्सव का होगा आयोजन :** अंशुल शरण ने बताया कि दामोदर महोत्सव में सेंट्रल कोल फील्ड लिमिटेड और दामोदर घाटी निगम की भी सहभागिता होगी।इसके अलावा इस साल पूरे झारखंड में 45 स्थानों पर दामोदर महोत्सव का आयोजन होगा।

## नशा कारोबार में शामिल पिता और पुत्र गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी में नशा कारोबार में शामिल पिता और बेटा को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आये अभियुक्त राधेश्याम साव और राम बाबू साव दोनों चुटिया थाना क्षेत्र के कृष्णापुरी रोड नंबर-दो के रहनेवाले हैं। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के पास से 16.50 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है। इस संबंध में सिटी एसपी अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कृष्णापुरी, चुटिया में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है। उक्त सूचना पर पुलिस ने छापामारी कर ब्राउन शुगर की बिक्री कर रहे पिता और पुत्र को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्त में आया अभियुक्त रामबाबू साव पूर्व में भी जेल जा चुका है। हाल ही में जेल से निकलने के बाद ब्राउन शुगर की बिक्री रामबाबू साव अपने बेटे के साथ कर रहा था। दोनों अभियुक्तों के पास से करीब पचास हजार की ब्राउन शुगर जब्त हुई है।

## बिजली के तार चोरी करनेवाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के ग्रामीण इलाकों में बिजली की तार चोरी करनेवाले गिरोह के तीन अपराधियों को पुलिस ने ईटकी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की गिरफ्त में आये अभियुक्त दीपक दास, सुखदेव उराँव उर्फ टोरचन और दीपु महली के पास से चोरी किया गया एलटी एबी बिजली का तार करीब 300 मीटर, अनकोटेट पैंथर बिजली का तार करीब 150 मीटर, बिजली तार कटिंग में इस्तेमाल दो कटर, मोबाइल और चोरी की तार ढोने के लिये प्रयुक्त टेम्पो जब्त किया गया है।

ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि डोला गांव में बिजली की तार की चोरी अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा किया जा रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक बेड़ो के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें गठित टीम द्वारा डोला गांव पहुंच कर स्थानीय ग्रामीणों और बिजली विभाग के कर्मियों के साथ घेराबंदी कर चोरी कर रहे तीन अपराधियों को रंगेहाथ पकड़ा। गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त ने सख्त कार्रवाई के दिये निर्देश

# ड्रंक एंड ड्राइव मामलों में होगी सख्त कार्रवाइ ओवर स्पीड और ओवरलोडिंग की होगी जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में ड्रंक एंड ड्राइव मामलों में जीरो टॉलरेंस के तहत कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में नशा कर वाहन चलानेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

उपायुक्त ने नशाकर वाहन चलानेवालों के खिलाफ सख्ती बरतते हुए जीरो टॉलरेंस के तहत कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। पुलिस अधीक्षक यातायात एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को अभियान चलाकर नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई का निर्देश दिया। उपायुक्त ने युवाओं को किसी प्रकार से आयोजन में आने जाने के लिए कैब या चालक की व्यवस्था करने की भी सलाह दी गयी है, ताकि सड़क दुर्घटना से बचा जा सके।

**नंबर प्लेट पर टेप चिपकानेवालों पर भी होगी कार्रवाई :** बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि शहर में वाहनों के नंबर प्लेट पर टेप चिपकाकर चलने वालों के खिलाफ भी बड़ी संख्या में कार्रवाई की गयी है। उपायुक्त द्वारा ऐसे वाहन मालिकों की वाहन जब्ती, जुर्माना और मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करने को कहा गया है।



बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने रांची जिला में वर्ष 2025 में जनवरी, फरवरी एवं मार्च महीने में सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन तीन महीनों में जिला में कुल 226 सड़क दुर्घटनाएँ हुईं, जिसमें 164 लोगों की मृत्यु हुई जबकि गंभीर रूप से 11 लोग घायल हुए और 108 लोगों को हल्की चोटें आयीं। उपायुक्त ने दुर्घटना के कारणों और यातायात नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ओवर स्पीडिंग पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा स्कूल बसों, वैन एवं ऑटो के उचित जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओवर स्पीड और ओवरलोडिंग के साथ-साथ वाहनों की स्थिति, दस्तावेज और ड्राइवर के लाइसेंस की अभियान चलाकर नियमित जांच करें। रांची के प्रमुख चौक-चौराहों, सड़कों एवं स्थानों पर अवैध पार्किंग को लेकर उपायुक्त ने फौरन कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि यातायात व्यवस्था बाधित न हो यह सुनिश्चित करते हुए अवैध पार्किंग पर फौरन कार्रवाई करें। ब्लैक स्पॉट, स्पीड ब्रेकर लगाने, साइनऐज लगाने, हिट एंड रन मुआवजा निष्पादन एवं अतिक्रमण हटाने की भी समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। समाहरणालय में आयोजित बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक, यातायात कैलाश करमाली, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं सड़क सुरक्षा समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### साइंस और कॉमर्स में जिला टॉपर बेटियां

## साइंस स्ट्रीम में मुस्कान और कॉमर्स में जिया सिटी टॉपर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जैक बोर्ड के इंटर साइंस और कॉमर्स संकाय के परिणाम में रांची के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। साइंस में 76.08 प्रतिशत रिजल्ट रहा। वहीं, कॉमर्स में 92.68 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता पाई। साइंस में कुल 9379 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें 7136 को सफलता मिली। इसी तरह कॉमर्स में कुल 5371 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 4978 विद्यार्थी सफल रहे।

दोनों संकायों में छात्राएं ही सिटी टॉपर रहीं। कॉमर्स में जिया श्रीवास्तव और मुस्कान कुमारी 473 अंक के साथ संयक्त रूप से टॉपर बनीं। वहीं, साइंस में योगदा सत्संग कॉलेज की छात्रा मुस्कान कुमारी 471 अंक के साथ टॉपर रही।

कॉमर्स में रांची सिटी टॉप-5 में सभी छात्राएं एक ही स्कूल उसुर्लाइन इंटर कॉलेज की रहीं। साइंस में स्टेट टॉप टेन की सूची में नौ विद्यार्थी रांची के हैं। कॉमर्स स्टेट टॉप टेन में 12 विद्यार्थी रांची के हैं।

# योगदा सत्संग कॉलेज का रिजल्ट शानदार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जैक ने इंटर का रिजल्ट शनिवार को जारी कर दिया। योगदा सत्संग महाविद्यालय इंटर शाखा का रिजल्ट शानदार रहा। कॉमर्स में 325 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। 315 विद्यार्थी इसमें सफल रहे अर्थात पासिंग प्रतिशत 97 रहा। इसमें 211 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से, 104 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। मुस्कान कुमारी 94.2% (471) अंक प्राप्त करते हुए। पूरे राज्य के मेरिट लिस्ट में 5 वा स्थान प्राप्त किया है। जबकि काव्या कौशिकी ने 93.2%(466) के साथ राज्य में सातवां स्थान लाया है। वहीं विज्ञान में 211 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमे 64.45% पास हुए। प्रथम श्रेणी से 93 तथा द्वितीय श्रेणी से 43 विद्यार्थी पास हुए। योगदा सत्संग महाविद्यालय के वाइस चेयरमैन (जीबी) जनरल ज्ञान भूषण, सचिव (जीबी) एके सक्सेना, प्राचार्या प्रगति बक्शी तथा निदेशक (इंटर) अरविंद कटियार ने कॉमर्स के रिजल्ट को बहुत बेहतर प्रदर्शन बताया तथा साइंस में विद्यार्थियों से और बेहतर की उम्मीद थी। स्वामी निश्चलानंद (चेयरमैन, जीबी) ने भी सभी विद्यार्थियों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को बेहतर रिजल्ट के लिए बधाई दी।








## खबर एक नजर में

### स्ट्रीट लाइट से चमकेंगी डोरंडा की सड़कें

**रांची।** भाजपा डोरंडा मंडल के अध्यक्ष पीयूष विजयवर्गीय ने विगत दिनों उपायुक्त एवं नगर आयुक्त को पत्र लिखकर यह मांग की थी कि जो डोरंडा और नामकुम की सड़कों पर स्ट्रीट लाइट लगे हैं, उन्हें चालू किया जाए, उपायुक्त एवं नगर आयुक्त ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए डोरंडा और नामकुम की सड़कों की स्ट्रीट लाइट चालू करने का निर्देश दिया है।

### राज्य के विकास में सकारात्मक रुख अपनाएं बीजेपी : कैलाश यादव

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा है कि बीजेपी की राजनीति सदैव मुस्लिम, मिशन, आदिवासी, ओबीसी विरोधी रहा है। जब से महागठबंधन की सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनी है, भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी, चंपई सोरेन, निशिकांत दुबे जैसे सरीखे नेता सरकार के खिलाफ जनविरोधी बयानबाजी करते रहते हैं। उन्होंने कहा है कि बीजेपी के नेता पेशा कानून, सरना धर्म कोड, जाति जनगणना, आरक्षण सीमा बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर राज्यहित में गंभीरता नहीं दिखाते है सिर्फ कटाक्ष करने का काम करते है। श्री यादव ने राज्य में हेमंत सोरेन सरकार को आग्रहपूर्वक सुझाव दिया है कि झारखंड में नगर निकाय चुनाव जल्द कराने चाहिए। नगर निकाय चुनाव में देरी होने से विकास की गति धीमी हो सकती है, अगर जल्द चुनाव हो गए तो निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सरकार के योजनाओं का सीधा लाभ क्षेत्रवार अंतिम व्यक्ति तक जरूर पहुंचेगा।

### 170 वाहनों की जांच, 52 वाहनों पर दो लाख चार हजार जुर्माना

**रांची।** जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची अखिलेश कुमार, मोटरयान निरीक्षक, रांची मुकेश कुमार और गोन्दा थाना प्रभारी रवि कुमार के द्वारा शनिवार को संयुक्त रूप से नागा बाबा खटाल के पास लगभग 170 तीन पहिया सवारी वाहन, ई-रिक्शा आदि वाहनों के कागजातों की जांच की गई। जिसमें मौके पर वाहन के टैक्स, फिटनेश, इन्श्योरेन्स, प्रदूषण प्रमाण पत्र, परमिट, ड्राईविंग लाईसेंस आदि की जांच की गई। शहरी क्षेत्र में संचालित सिटी बसों की भी जांच की गई। जांच के दौरान कागजात पूर्ण नहीं रहने के कारण 52 वाहनों पर 204000 .00 पर दण्ड अधिरोपित किया गया है। गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार के सुरक्षा उपाय को लेकर लागातर वाहनों की जांच की जा रही है। ताकि सुरक्षा के सभी मानकों का पालन कराया जा सकें। जिस कड़ी में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रांची, मंजूनाथ भजंत्री द्वारा स्पष्ट निर्देश पूर्व में ही दिया गया है।

# सचिवालय सेवा संघ का चुनाव आज, त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए जोरदार मुकाबला देखने को मिल रहा है। अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें दीप्ति शिखा हेरेंज, रितेश और आनंद बास्के के बीच त्रिकोणी मुकाबला माना जा रहा है। महासचिव पद के लिए राजेश कुमार सिंह और अमित कुमार के बीच सीधी टक्कर है। चुनाव एक जून यानि रविवार को पशुपालन भवन सिंहमोड़ हटिया में होगा।

बैच और जाति का समीकरण चुनाव में बैच और जाति का समीकरण भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 2013 बैच के सबसे अधिक लगभग 500 वोटर हैं, जो चुनाव के नतीजों को प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा, अन्य बैचों के वोटरों की संख्या भी महत्वपूर्ण है। सचिवालय सेवा संघ में कुल 882 मतदाता हैं। अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों को अपने ही बैच के वोटरों पर भरोसा है। इसके अलावा अन्य बैच के वोटरों को भी लुभाने की कोशिश जारी है।

**उपाध्यक्ष और संयुक्त सचिव पदों पर भी मुकाबला :** उपाध्यक्ष पद के लिए सात प्रत्याशी हैं, जिनमें पांच का निर्वाचन होना है। संयुक्त सचिव पद के लिए भी कई प्रत्याशी मैदान में हैं। कोषाध्यक्ष पद पर अवधि किशोर भगत और निधि स्मिता टोपनो के बीच सीधी टक्कर है।

### चुनावी व्यवस्था

चुनाव के दौरान सचिवालय संघ द्वारा भोजन और पेय पदार्थों की उत्तम व्यवस्था की गई है। वोटरों के लिए सुबह नाश्ता और दिन में भोजन की व्यवस्था की गई है। जिसमें मटन, मछली और पनीर जैसे विकल्प शामिल हैं।

**अध्यक्ष पद के उम्मीदवार :** विवेक आनंद बास्के, अनुज कुमार रजक, दीप्ति शिखा सेरेंज और रितेश कुमार।

**महासचिव पद के उम्मीदवार :** अमित कुमार और राजेश कुमार सिंह।

**उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार :** प्रदीप कुमार पासवान, धमेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, शशिकांत गोप, अनिल सरदार, नाजीर सुन्डी और मनीष कांत।

**सचिव पद के उम्मीदवार :** धर्मवीर कुमार, प्रेम कुमार, चंद्रदीप एक्का और नितिन कुमार।

**संयुक्त सचिव पद के उम्मीदवार :** प्रणव कुमार पंडा, आनंद कुमार, पप्पू कुमार, अमिता लकड़ा, हेम नारायण सिंह, राध्या खलखो और सोनपी कुमारी।

**संगठन सचिव पद के उम्मीदवार :** अष्टमी बानरा, वैद्यनाथ मुर्मू, रविंद्र प्रसाद वर्णवाल, मनोज कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह, रजनीश कुमार शुक्ला और विनोद कुमार नायक।

**कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार :** अवध किशोर भगत और निधि स्मिता टोपनो।

# प्रदेश कांग्रेस सेवादल की बैठक में संगठन विस्तार को लेकर चार बिंदुओ पर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल कार्यसमिति की बैठक शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मुख्य संगठक नवीन कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड कांग्रेस सेवा दल प्रभारी चैनसिंह समाले उपस्थित थे। गीत टुकड़ी में राष्ट्रीय सचिव सह बिहार की प्रभारी दुर्गा दास, कांग्रेस सेवा दल की महिला अध्यक्ष फुलजेंसिया बिलुंग, भोला सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चंद्र रश्मि पिंगुआ एवं धन्यवाद ज्ञापन मोहम्मद आरिफ ने दिया। बैठक में मुख्य संगठक द्वारा चार बिंदुओं पर विशेष चर्चा हुई। जिसमें संगठन विस्तार- पंचायत से लेकर प्रखंडों तक विस्तार एवं महिलाओं और युवाओं को संगठित करना। बिहार में बिसारत ट्रेनिंग कैंप एनटीसी की सूची पर चर्चा हुई और सभी जिला अध्यक्षों के द्वारा पिछले 6 महीनों की सेवा दल के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी पर चर्चा हुई। साथ ही हर महीने के आखिरी रविवार को ध्वज बंधन कार्यक्रमों को सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई।




बैठक में नवीन सिंह ने कहा कि कांग्रेस सेवादल कांग्रेस का बैकबोन माना जाता हैं। कांग्रेस सेवा दल को मजबूती प्रदान करना हैं ताकि आने वाले समय में स्वयंसेवक- सेविकाओं की अहम भूमिका पूरे प्रदेश में मजबूती से नजर आये। चैनसिंह सामले ने कहा कि मुझे किसी स्वयंसेवकों से व्यक्तिगत मोहब्बत नहीं हैं, मुझे अपने संगठन से मोहब्बत हैं, इसलिए अगर कोई संगठन विस्तार में उदासीन दिखते हैं तो उन्हें संगठन से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा।

संचालन कर रही चंद्र रश्मि पिंगुआ ने कहा कि कांग्रेस सेवा दल 1923 में जन्मा एक ऐसा संगठन हैं जिसकी भागीदारी भारत में अंग्रेजो के खिलाफ सविनय अवज्ञा आंदोलन में रही और आज भी यह संगठन कांग्रेस को और मजबूती के साथ अपना योगदान देगी। साथ ही कार्यक्रम में दुर्गा दास, फुलगेंसिया बिलुंग, भोला सिंह ने भी अपने विचार संगठन के लिए रखें।

बैठक में राजेश कुमार, डॉ ऐडविन, सुर्दशन उरांव, कौशल्या देवी, संतोष पंडा, राजू मलटो, अरूण कुमार प्रसाद, शंभू प्रजापति, दिनेश सिंह, सत्यनारायण सिंह, अमुलिना, उषा खलखो, अरविन्द कुमार साहु, सुनील कुमार, बलराम दास, सलिमन खातुन, पारो देवी, सुनिता देवी, सुरेश प्रसाद, रूपेन्द्र महतो, उपस्थित थे।

### 3.80 करोड़ की लागत से जगन्नाथपुर मंदिर एवं तालाब का होगा सुंदरीकरण

# पुरी के जगन्नाथ कॉरिडोर की तर्ज पर होगा जगन्नाथ मंदिर परिसर का विकास : संजय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जगन्नाथ मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण 2 करोड़ 19 लाख रुपए की लागत से सीएसआर फंड से किया जाएगा। इसका शिलान्यास शनिवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने किया। उन्होंने कहा कि पुरी के जगन्नाथ कॉरिडोर की तर्ज पर इस मंदिर परिसर का भी विकास हो, यह प्रयास मेरा है। भगवान जगन्नाथ की कृपा से यह क्षेत्र जल्द ही विकसित होगा। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। यह मंदिर रांची ही नहीं बल्कि झारखंड का ऐतिहासिक धरोहर है। इसका आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। परिसर का सौंदर्यीकरण इसके महात्म्य को और बढ़ाएगा।




वहीं जगन्नाथपुर मंदिर के बगल में स्थित तालाब का सुंदरीकरण का कार्य डेढ़ करोड़ की लागत से किया जाएगा। इसका भी शिलान्यास केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री द्वारा किया गया। इस तालाब में घाट का निर्माण, लाइट की व्यवस्था, बेंच और तालाब के गहरीकरण के साथ-साथ अन्य कई सुंदरीकरण के कार्य किए जाएंगे।

मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, राजू सिंह, केके गुप्ता, राहुल शाहदेव, चंदा देवी, उमेश यादव, रामजी प्रसाद, गोपीचंद पांडे, शिवाजी सिंह, मेघा उरांव, बीना मिश्रा, कुणाल शाहदेव, शिवेश सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर हटिया विधानसभा की तीन योजनाओं का शिलान्यास सांसद निधि से रक्षा राज्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक ने नवीन जायसवाल ने किया।

# रिटायर शिक्षकों को रांची के डीसी ने किया सम्मानित

● उन्हें रिटायरमेंट के दिन ही उनके सारे पैसे और पेंशन के फायदे दे दिए गए, जिससे सभी बहुत खुश नजर आये

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रांची समाहरणालय द्वारा आयोजित एक खास कार्यक्रम में अपने काम से रिटायर हो रहे 8 स्कूल के शिक्षकों को आदर से विदाई दी गई। इस कार्यक्रम की अगुवाई जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने खुद की।

कार्यक्रम में सभी रिटायर हो रहे शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर और मोमेंटो (स्मृति चिह्न) देकर सम्मानित किया गया। सबसे बड़ी बात ये रही कि उन्हें रिटायरमेंट के दिन ही उनके सारे पैसे और पेंशन के फायदे दे दिए गए, जिससे सभी बहुत खुश नजर आये।

**जिन शिक्षकों को मिला सम्मान :** सम्मान मिलनेवाले शिक्षकों में अशोक प्रसाद (बन्धुवा, नामकुम), अम्बिका देवी (कन्या स्कूल, सिलवे, नामकुम), रामनरेश प्रसाद सिंह (कुच्चू, ओरमांझी), उषा कूला (कुच्चू, ओरमांझी), सबीना कुजूर (नगड़ी), सुशील कुमार सान्डिल (बांकू, सोनाहातु), जनक प्रसाद (हुरहुरी, रातू), लोलेन कन्डुलना (बालिका स्कूल, चुटिया) शामिल हैं।

शिक्षकों को संबोधित करते हुए उपायुक्त रांची ने कहा कि आप लोग एक नई ज़िंदगी की शुरूआत कर रहे हैं। भगवान आपको लंबी उम्र और अच्छा स्वास्थ्य दें। अब आप अपने अनुभव से समाज को और भी मजबूत बनाएं।

**बच्चों को पढ़ाने की अपील**

वहां मौजूद सभी से उपायुक्त ने कहा कि आपके आस-पास अगर कोई बच्चा पढ़ाई में पीछे है या किसी चीज में मदद चाहिए, तो उसकी मदद जरूर कीजिए। खासकर अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों में। उन्होंने ये भी कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए, ताकि सभी अपने अनुभव शेयर कर सकें और बाकी लोगों को भी कुछ सिखा सकें।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज और शिक्षा विभाग के कर्मचारी भी मौजूद थे। उपायुक्त ने इस पूरे आयोजन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

## एस.एस. मेमोरियल महाविद्यालय में स्नातक (यूजी ) में नामांकन जारी

**रांची।** सूरज सिंह मेमोरियल महाविद्यालय कांके रोड रांची में चार वर्षीय स्नातक के तहत सत्र 2025-2029 के लिए विभिन्न विषयों में नामांकन जारी है। नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस महाविद्यालय में उचित शैक्षिक वातावरण के अलावा अन्य गतिविधि यथा खेल, बालिका वर्ग के लिए कराटे, समय समय पर पेंटिंग, योग, वर्कशॉप, सेमिनार, करियर काउंसलिंग का आयोजन किया जाता है ताकि बच्चों में बौद्धिक विकास हो। यहां कला में- हिंदी, संस्कृत, नागपुरी, कुडुख, मुंडारी, बंगला, अंग्रेजी, भूगोल, राजनीतिशास्त्र, इतिहास, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, समाज विज्ञान, उर्दू तथा विज्ञान संकाय में भौतिकी, रसायन, प्राणी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान,गणित और वाणिज्य आदि के अलावा प्रवंधन और कंप्यूटर के क्षेत्र में करियर को अग्रसर करने के लिए बीबीए व बीसीए की भी पढ़ाई करायी जाती है। सत्र 2025-2029 में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 19/06/25 है।

## खबर एक नजर में

### श्री श्याम मंदिर में हरमू रोड में 158वां श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 158वां श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया कमला देवी मारू एवं समस्त मारू परिवार ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। उपस्थित भक्तों ने आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के स्वर में स्वर मिलाकर भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार लड्डु गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। मारू परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। ये जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्रा्रण महासभा की बैठक

**रांची।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्रा्रण महासभा झारखंड के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को महासभा के संरक्षक पंडित रामशंकर मिश्र की अध्यक्षता में कडरू में सम्पन्न हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में पांच सदस्यीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया जो झारखंड के विभिन्न जिलों में संपर्क अभियान के माध्यम से सामाजिक कार्यों को गति देगा। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी जुलाई माह से झारखंड के प्रत्येक जिले में मगबन्धुओं के बीच न्यूनतम पांच सौ एक नि:शुल्क ऋषिकेश पंचांग (संवत 2083) के वितरण का कार्यक्रम आयोजित होगा। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा सोशल मीडिया पर दिए गए त्यागपत्र को अस्वीकृत करते हुए पूर्ववत अपने पद पर बने रहने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर ब्रजबिहारी पाण्डेय ने समाज के व्यापक हित के लिए विभिन्न संगठनों को एक मंच में आने का आवाहन करते हुए सक्रिय प्रतिबद्धता का संकल्प लिया। इस बैठक में मुख्यरूप से पंडित रामशंकर मिश्र, ब्रजबिहारी पाण्डेय, गोपाल पाठक, डॉ. सुधांशु शेखर मिश्र, सुबोध कुमार मिश्र आदि मौजूद थे।

### जोड़ा मंदिर विकास नगर में सुंदर कांड पाठ का आयोजन



**रांची।** श्रीमद् भागवत कथा वाचक आचार्य राजेश शास्त्री के द्वारा भव्य सुंदर कांड पाठ का आयोजन शनिवार को जोड़ा मंदिर विकास नगर में आयोजित की गई। कथा वाचक आचार्य राजेश शास्त्री ने हनुमान जी की भक्ति, शक्ति, वीरता एवं बुद्धिमता, माता सीता जी, लंका दहन, विभीषण, रावण आदि के प्रसंग पर भक्तिमय संगीत के साथ साथ विस्तार पूर्वक कथा सुनाई। इस धार्मिक आयोजन की अध्यक्षता प्रसिद्ध समाजसेविका सह भाजपा नेत्री सीमा मिश्रा ने किया। इस कथा मे रांची के लोकप्रिय विधायक सी.पी.सिंह,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, समाजसेवी ललित ओझा, मंतोष सिंह, सोनू सिंह, विक्की शर्मा,चंदन कुमार, सोनू भारद्वाज आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्यरूप से शुभम कुमार, गोलू चौधरी, किरण देवी, सरिता देवी, मीणा देवी, सविता देवी, भानु देवी, पूनम देवी, रानी देवी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### अंगिका समाज आज करेगा भोजन का वितरण

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश अंगिका समाज के द्वारा चलाये जा रहे नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत आज 10 बजे दिन में रातू रोड स्थित दुर्गा मंदिर में नारायणों के बीच भोजन पैकेट का वितरण किया जाएगा। यह जानकारी डॉ. श्रीमोहन सिंह महासचिव ने दी।

### पीपीके कॉलेज बुंडू के समस्याओं को लेकर झारखण्ड छात्र मोर्चा गंभीर



**रांची।** झारखण्ड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय समिति के निवर्तमान अध्यक्ष अमन तिवारी एवं सचिव असद फेराज टिंकू के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के अंगीभूत पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू का दौरा कर प्रभारी प्राचार्य डॉ बिनीता कुमारी से मिलकर कॉलेज के आंतरिक समस्याओं को जाना। मोर्चा जल्द ही इन समस्याओं को लेकर संबंधित पदाधिकारी एवं उच्च शिक्षा मंत्रालय को अवगत कराने की पहल करेगी ।

## पिकअप वाहन से 10 गोवंशीय पशु बरामद, चालक गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नामकुम थाना की पुलिस ने गौ-तस्करी करने के आरोप में अभियुक्त बिमल दास को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त खूंटी जिला के अड़की थाना क्षेत्र के अपर टोली का रहनेवाला है। पुलिस ने पिकअप वाहन (जेएच01एफएक्स-2123) को जब्त कर दस पशु बरामद किया है।

इस संबंध में डीएसपी अमर कुमार पांडे ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस को गुप्त सुचना मिली थी कि नामुकम थाना अंतर्गत एनएच-33 टाटा रांची रोड तैमारा घाटी होते हुये नामकुम की तरफ एक पिकअप वाहन में अवैध रूप से गोवंशीय पशु का गौ तस्करी के उद्देश्य से परिवहन किया जा रहा है। उक्त इस सूचना पर पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसमें उक्त गठित टीम के द्वारा लदना पीढ़ी चौक के पास तैमारा घाटी की तरफ से आ रहे सफेद रंग का पिकअप वाहन को रोक कर जांच की गयी। जांच के दौरान उक्त वाहन पर 10 गोवंशीय पशु को क्रुरता पूर्वक लोड किया हुआ पाया गया। जिसे वाहन सहित विधिवत जब्ती सूची बनाकर जब्त किया गया है। मौके पर पुलिस ने वाहन चालक सह मालिक को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अभियुक्त के खिलाफ नामकुम थाना में पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 व धारा 12 झारखंड और गो वंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005 के तहत कांड संख्या 172/25 दर्ज की गई है। पुलिस टीम में पुअनि रंजीत कुमार नामकुम थाना, सअनि होपना बेसरा हाइवे- 01 नामकुम सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### मिक्सचर मशीन वाहन की चपेट में आकर महिला घायल

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक 58 वर्षीय महिला रेणुका देवी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला बिरसा चौक की रहनेवाली है। जानकारी के अनुसार महिला अपनी स्कूटी से कडरु से डोरंडा की तरफ आ रही थी। इसी दौरान सड़क पार करने के दौरान महिला डोरंडा एसबीआई के समीप ढलाई करनेवाले मशीन वाहन की चपेट में आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला का एक पैर में गंभीर चोट लगी है। जिसे आसपास के लोगों द्वारा तत्काल राज अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां महिला इलाजरत है।

### बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को पुत्र रत्न की प्राप्ति पर स्वास्थ्य मंत्री ने दी बधाई

**रांची।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। उन्हें शुभकामना देने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ ईरफान अंसारी कोलकाता के एक अस्पताल पहुंचे। उनके साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी थे। दोनों ने तेजस्वी और समस्त लालू परिवार को इस सुखद क्षण के लिए दिल से बधाई दी। मंत्री ने कहा कि लालू जी का परिवार से हमारे संबंध हमेशा आत्मीय और पारिवारिक रहे हैं। ऐसे हर्ष के अवसर पर उपस्थित रहना मेरा कर्तव्य और सौभाग्य दोनों है। ईश्वर नवजात शिशु को स्वस्थ, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य प्रदान करें। यही मेरी मंगलकामना है।

## सीसीएल ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय में शनिवार को एक भव्य 'सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया, जिसमें मई, 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले 85 कर्मियों में से मुख्यालय में कार्यरत सात कर्मियों को विदाई दी गई।

समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों में प्रमुख नामों में 'सिविल विभाग से आलोक चंद्र महाराणा, महाप्रबंधक (सिविल); प्रणाली विभाग से सुरेश बेहरा, महाप्रबंधक (प्रणाली); गांधीनगर अस्पताल से डॉ. कुमार अजय सिंह, सीएमओ; सतर्कता विभाग से सत्येंद्र कुमार सिंह, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक); गांधीनगर अस्पताल से डॉ. सुनीता सुमन, डिप्टी सीएमओ; गांधीनगर अस्पताल से श्रीमती रेखा खलखो, मेट्रोन एवं चिकित्सा विभाग से श्रीमती जयमाला देवी, वरीय लिपिक शामिल हैं।

समारोह में सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) शंकर नागाचारी, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारीगण, कर्मचारीगण और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के अनुभव और योगदान पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। इस फिल्म में कर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया और इसके निरंतर विकास की कामना की।

मुख्य अतिथि सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी ने अपनी मेहनत और निष्ठा से कंपनी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। सेवानिवृत्ति जीवन की नई शुरूआत है। इस समय को परिवार के साथ बिताएं, स्वास्थ्य का ख्याल रखें और समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं। उन्होंने आगे कहा कि आप सभी कंपनी के ब्रांड एंबेसडर हैं।

निदेशक चंद्र शेखर तिवारी एवं शंकर नागाचारी ने भी सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को सराहते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## एसबीयू में टॉक सीरीज का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में सुपर सैटरडे फैकल्टी एंपावरमेंट टॉक सीरीज के अंतर्गत शनिवार को खाद्य और पोषण विशेषज्ञ डॉ. खादर वली का व्याख्यान हुआ। 'विनिंग हेल्थ बैक टू मिलेट फूड' विषय पर बोलते हुए उन्होंने भोजन में मिलाए जाने वाले रसायनों और मिलावट के कारण हो रहे हार्मोनल असंतुलन पर अपना वक्तव्य रखा। उन्होंने अनाज और अन्य खाद्यान्न जैसे चावल, गेहूं आदि के बारे में बताया। कॉरपोरेट फूड संस्कृति और तथाकथित हरित क्रांति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने इस संदर्भ में विरोध के कम उठते स्वर पर भी आ>र्य व्यक्त किया। उन्होने रासायनिक और मिलावटी खाद्यान्नों के कारण हमारे शरीर में हो रहे आंतरिक और परिवर्तनों और रक्त की संरचना में बदलावों की बात की। साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि इसकी वजह से आधुनिक दौर में हमें बड़ी तादाद में उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, थायरॉइड, कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियां देखने को मिल रही हैं। प्रत्येक दिन के अशुद्ध भोजन से शरीर और रक्त में लगातार आने वाला कार्बन डाइऑक्साइड धीरे-धीरे कई प्रकार की बीमारियों का कारण बन रहा है। आज वैज्ञानिक तरीके से खाद्यान्न लेने से हमारा भोजन खतरनाक बन रहा है और इससे कम उम्र के युवा भी प्रभावित हो रहे हैं। विवि के कुलपति प्रो सी जगनाथन और माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने सत्र के विषय में बोलते हुए इसे उपयोगी करार दिया कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरोही आनंद ने किया।

इस अवसर पर विवि के शिक्षकगण और शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहे। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं दी।

### एडीजी रैंक के अधिकारी के घर में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

रांची। रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के अशोक नगर कॉलोनी में एडीजी रैंक के अधिकारी तदाशा मिश्र के आवास पर चोरी का मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। घटना अशोक नगर स्थित सिविल सर्विसेज कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड की मकान संख्या 457ए में हुई, जो एडीजी तदाशा मिश्र का आवास है। चोरी की जानकारी तब मिली जब एडीजी के कार्यालय में पदस्थापित जवान, प्रकाश आले ने घर का ताला खोला। अंदर प्रवेश करने पर उन्होंने देखा कि घर के अंदर भारी तोड़फोड़ की गई थी और कई कीमती सामान गायब थे। प्रकाश ने अरगोड़ा थाना में दर्ज शिकायत में बताया कि चोरों ने घर में लगे सभी बिजली वायरिंग उपकरण, मेन स्विच, बिजली मीटर, पंखे, चार कुर्सियां, बाथरूम में लगे सैनिटरी फिटिंग्स को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिये और चोरी कर ली है। इस चोरी में लगभग दस लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाल रही है।

## संत जेवियर्स कॉलेज में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस के मूलभूत सिद्धांतों पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची, में भूगोल विभाग द्वारा आयोजित 26 मई से 31 मई, 2025 तक रिमोट सेंसिंग और जीआईएस के मूल सिद्धांतों पर एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शनिवार को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय, बीआईटी मेसरा, जेएसएसी, इग्नू, डीएसपीएमयू, और एक्सआईएसएस जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के विशेषज्ञ वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने व्याख्यान और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को गहन ज्ञान और व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान की।

कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में क्यूजीआईएस सॉफ्टवेयर और जीपीएस अनुप्रयोगों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल था, जहां प्रतिभागियों ने जियोस्पेशियल डेटा विश्लेषण में वास्तविक अनुभव प्राप्त किया।

इस आयोजन ने शिक्षाविदों के बीच सहयोग, ज्ञान आदान-प्रदान और व्यावसायिक नेटवर्किंग के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। डेवलपमेंट कार्यक्रम में बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, और आंध्र प्रदेश के 34 शिक्षकों और शोधकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर, एस. जे. और भूगोल विभाग रांची विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ. जीतेन्द्र शुक्ल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कॉलेज के भूगोल विभाग अकादमिक उत्कृष्टता और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह एफडीपी जियोस्पेशियल टेक्नोलॉजी के अनुप्रयोग को विभिन्न क्षेत्रों में विस्तारित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्ष अनिमेष रॉय, डॉ. राजीव रंजन श्रीवास्तव, डॉ. शिव कुमार, डॉ. संदीप चन्द्र, एंजेलीन टोप्पो, उत्कर्षा रानी ने अमूल्य योगदान दिया।

## श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी गुरुपर्व के मौके पर दो दिवसीय समागम की शुरुआत



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी गुरुपर्व के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय समागम की शुरूआत शनिवार को हुई।

भाई कुलविंदर सिंह जी खरड़, मोहाली वाले ने शबद गायन कर संगत को गुरबाणी से जोड़ा गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में दीवान की शुरूआत रात आठ बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा भूले मारग जिनहि बताइआ, ऐसा गुर वडभागी पाइआ.. शबद गायन से हुई।

दीवान में सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल, सचिव अर्जुन देव मिढ़ा, सुंदर दास मिढ़ा, सुरेश मिढ़ा, हरगोबिंद सिंह, महेश सुखीजा, हरविंदर सिंह बेदी, प्रेम मिढ़ा, नरेश पपनेजा, चरणजीत मुंजाल, अशोक गेरा, हरविंदर सिंह हन्नी, लेखराज अरोड़ा, मोहन लाल अरोड़ा, नीरज गखड़, अश्विनी सुखीजा, रमेश गिरधर, सागर थरेजा, मोहन काठपाल, लक्ष्मण दास मिढ़ा, वेद प्रकाश मिढ़ा, अनूप गिरधर, बिनोद सुखीजा, हरीश मिढ़ा, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, नानक चंद अरोड़ा, महेंद्र अरोड़ा, राजकुमार सुखीजा, बसंत काठपाल, पंकज मिढ़ा, ईशान काठपाल, लक्ष्मण अरोड़ा, पुरुषोत्तम सरदाना, अमरजीत सिंह मुंजाल, राजेंद्र मक्कड़, सुरजीत मुंजाल, नीरज सरदाना, ईशान काठपाल, किशन गिरधर, हरगोबिंद दुआ, सूरज झंडई, करण अरोड़ा, इनीश काठपाल, गोबिंद कौर समेत अन्य श्रद्धालु शामिल थे। ये जानकारी मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने दी।

## ऑटो सवार दो दरिंदे युवक ने दिया घटना को अंजाम

# आदिवासी किशोरी को अगवा कर बनाया हवश का शिकार

- गुमला की है पीड़िता
- पुलिस कर रही जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू (रांची)।** थाना क्षेत्र के मुरगु से बड़ी खबर आ रही है। ऑटो सवार दो दरिंदों ने 30 मई को दिन के करीब तीन बजे नगड़ी स्थित ओवरब्रिज से आदिवासी किशोरी को अगवा कर रात भर चान्हो इलाके में गैंग रेप करने के बाद मंत्री होटल में छोड़ फरार हो गये। इससे पूर्व होटल मालिक राजू तंबोली से दो चिप्स खरीदी और यूपीआई के जरिये 20 रुपये का ऑन लाइन पेमेंट भी किया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता को थाने ले आयी। वह गुमला की रहने वाली है। उसके ब्यान पर रातू थाने में दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। थानेदार आरएन सिंह ने बताया कि यूपीआई पेमेंट में उपयोग किया गया मोबाइल का डिटेल्स, नगड़ी के पतराचौली व मांडर टॉल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटनास्थल का कॉल डंप भी कराया गया। उन्होंने जानकारी दी कि आरोपियों के चंगुल से भागने के दौरान पीड़िता के ललाट व शरीर के अन्य हिस्से में चोटें आयी है। सीएचसी में इलाज के बाद उसे मेडिकल जांच के लिये सदर अस्पताल भेज दिया गया है। सीडब्लूसी में उसका बयान भी रिकार्ड कराया जायेगा। इधर, नाबालिग के साथ हुये गैंग रेप को ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने थाने में पीड़िता से घटना की जानकारी ली। श्री पुष्कर ने डीएसपी अरविंद कुमार को कई जरूरी निर्देश दिये।

### कैसे घटी घटना

पीड़िता अपनी सहेली के साथ दिल्ली जाने के लिये बस से लालगुटवा तालाब आयी। वहां से ऑटो में हटिया स्टेशन पहुंची। एक दिल्ली चली गयी। किन्तु, पीड़िता ने घर लौटने की योजना बनायी। वह गुमला जाने के लिये भाड़े में ऑटो कर फिर लालगुटवा पहुंची। ऑटो में चालक समेत दो युवक थे। दोनों उसे नगड़ी और इटकी होते हुये चान्हो ले गये। सुनसान जगह पर रात भर हवश का शिकार बनाया। वह भागने की कोशिश की। इससे वह चोटिल हो गयी। 12 घंटे तक वह गुनहगारों की गिरफ्त में रही।

### सुबह ला रहे थे रांची

दरिंदे उसे पकड़ ऑटो में बैठाकर रांची ला रहे थे। सुबह 4 बजे मुरगु पहुंचे। इस बीच पीड़िता किसी बहाने ऑटो रोकने की बात कहकर उतरी और समीप के मंत्री होटल में घुस गयी। एक युवक उसके पीछे-पीछे आया और चलने का इशारा किया। लेकिन, वह तबियत खराब होने की बात कह कर आगे जाने से मना कर दिया। इस बीच युवक ने 10-10 रुपये का दो चिप्स खरीदी। यूपीआई से पेमेंट कर काठीटांड चौक की ओर भाग गये।

# रेलवे सुरक्षा बल ने 10 किग्रा गांजा के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मुरी।** रेलवे सुरक्षा बल मुरी ने शुक्रवार के दिन थाना प्रभारी संजीव कुमार के नेतृत्व में नारकोष ऑपरेशन के तहत टाटा जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन (ट्रेन संख्या (18101) के जनरल डिब्बा से 10 किग्रा गांजा के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया।उक्त व्यक्ति मनजीत सिंह (35) कानपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी बताया जाता है। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उसके ट्रॉली बैग में प्लास्टिक से लिपटे हुए 10 पैकेट गांजा,एक आधार कार्ड, तीन जनरल टिकट एवं दो मोबाइल फोन बरामद हुआ। बरामद गांजा की कीमत लगभग एक लाख रुपए आंका गया। पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति से गांजा संबंधित वैध कागजात की मांग की गई परंतु किसी प्रकार का वह वैध कागजात या प्राधिकरण प्रस्तुत नहीं कर पाया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर मनजीत सिंह ने खुलासा किया कि वह गांजा को टाटानगर निवासी संजय सोना से खरीदा है और कानपुर निवासी वीरू सोंकर को देने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आरोपी को जप्त सामान के साथ राजकीय रेल थाना मुरी को सुपुर्द कर दिया।

## आरटीसी कालेज ओरमांझी को मिला ग्रेडेशन नेक बी

# बेहतर शिक्षक की छात्रों को बेहतर शिक्षा दे सकते हैं : वीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** आरटीसी कालेज दड़दाग ओरमांझी को ग्रेडेशन में नैक-बी, मिल गया है। इसे लेकर शनिवार को कालेज के सभागार में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं ग्रेडेशन मिलने की जानाकरी देते हुए सभी शिक्षकों को बधाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची विष्वविद्यालय के कुलपति (वीसी) डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने नैक में बेहतर प्रदर्शन के लिए कॉलेज परिवार को बधाई दी। कहा नैक में बेहतर प्रदर्शन कालेज के शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। बेहतर शिक्षक से ही विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिलती है। उन्होने अपने अनुभवों के अधार पर बताया कोई भी संस्थान स्थिर नही रहता है। उपर जाता है, या निचे जाता है। उन्होने ग्रेडेशन को और अपग्रेड करने के लिए सतत मेहनत व सक्रिय रहने की जरूरत बताया, और कहा कॉलेज को नई शिक्षा तकनीक से लैस करने, व नेक अपग्रेड करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी। वहीं पूर्व सांसद रामटहल चौधरी काजेल को नेक बी ग्रेडेशन मिलने पर खशी जताई, कहा सीमित संसाधनो के बावजूद कालेज का बेहतर प्रदर्शन का परिणाम है। उन्होने 30 वर्ष पूर्व स्कूल व कालेज की स्थापना का उदश्य बताया, कहा सुविधा नही रहने के कारण क्षेत्र के गरीब बच्चे शिक्षा से बंचित हो रहे थें। समाजिक बदलाव के लिए शिक्षा का महत्व को समझते हुए ही कॉलेज शिक्षण संस्थान चंदा कर खोला गया था। शुरू में संस्थान के शिक्षक 10 वर्षो तक बिना पैसा लिए बच्चों को पढाने का कार्य किए थें। इससे पूर्व कॉलेज के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो, प्राचार्य डॉ भीम महतो द्वारा अतिथियों को सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम का संचालन प्रो शैलेंद्र मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के डॉ गौरीशंकर झा, डॉ मुकुंदचन्द मेहता, डॉ विष्णुचरण महतो, प्राचार्य डॉ भीम महतो, उपप्राचार्य प्रो योगेंद्र ठाकुर, जिप सदस्य सरिता देवी, पंसस रेणू चौधरी, रूद्रनारायण महतो, श्याम नारायण महतो, उमाशंकर साहू, राजेश्वर महतो, वसंत नारायण, कुमुद रंजन, आईक्यूएससी समन्वयक प्रो मीनू कुमारी, डॉ अनुराधा कुमारी, प्रो रीता कुमारी, प्रो एकबाल अंसारी, गफ्फार अंसारी, प्रो रामकुमार महतो, प्रो प्रेमनाथ मुंडा, अलका तिर्की, आरएन पांडेय, कालेज के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं व शिक्षकेतर कर्मी आदि उपस्थित थें।


कॉलेज के शिक्षकों के साथ मुख्य अतिति व पूर्व सांसद।

## एनएचआई अधिकारियों की जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों के साथ बैठक

# ओरमांझी में दो माह में बनेगा सर्विस रोड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत ओरमांझी में हो रहे एक्सप्रेस-वे सड़क निर्माण कार्य को ग्रामीणों द्वारा रोके जाने व उनकी मांगों को लेकर शनिवार को एनएचआई के अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ बैठक किया। एनएचआई की ओर से प्रोजेक्ट डायरेक्टर एकता कुमारी, निर्माण कर रहे कंपनी पीआरए इंडिया के जीएम उमाशंकर सिंन्हा, टीम लीडर गौतम तंडासी, आरई इंजीनियर अभय, इंजीनियर रवि राज व राजेश यादव आदि उपस्थित थें। जिन्हे उपस्थित राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू व पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने प्रभावित किसानों को सुविधा उपलब्ध कराने को कहा, किसानों ने अपनी जमीम विकास कार्य के नाम से दी है। उन्हे सुविधा नही मिलेगी तो आंदोलन करें। इसके अलावे पूर्व सांसद ने शास्त्री चैक स्थित तीन वर्ष से ओवरब्रिज निर्माण नही होने व इससे हो रही परेशानियों की जानाकरी देते हुए कहा भुमि अधिग्रहण करने के साथ एक माह के अंदर मकान व नाली तोड़ दिया गया। निर्माण नही होने से प्रतिदिन 10 हजार वाहनों का आवागमन व छात्रों को परेशानी होने की जानाकरी दी, और ओवरब्रिज का निर्माण जल्द शुरू करने को कहा, वहीं प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने सभी मांगों को स्वीकारते हुए दो माह के अंदर सर्विस रोड निर्माण कराने का आश्वासन दिया। वहीं बताया ओवरब्रिज निर्माण कर रहे कंपनी को हटाकर दूसरे कंपनी से निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इसके अलावे कई ग्रामीणों ने भुमि व निर्माण कंपनी की लापरवाही से हुए फसल नुकशान का मुआवजा नही मिलने सहित कई समस्या रखी गई। राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा ओरमांझी की जनता बिना कारण विरोध करने वाले नही हैं। ग्रामीणों की मांगों पर त्वरित कार्रवायी करें।

वार्ता सफल व संतोषजनक होने पर अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों द्वारा खुशी जताई गई। बैठक में जिप सदस्य सरिता देवी, अजय साहू, उपमुखिया राजकिशोर साहू, अशोक पाहन, सुरेंद्र साहू, अजय महतो, दीपक महतो, बंधन मुंडा, अनिरूद्ध साहू, गुडू पाहन, प्रदीप साहू, विवेक कुमार, रवि मुंडा, नारायण साहू, कामेश्वर महतो, संजय साहू, दिनेश मुंडा व आनंद महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण के साथ महिलाएं उपस्थित थें।


बैठक में अधिकारी व जनप्रतिनिधि का समस्या बताते ग्रामीण।

## जर्जर सड़क, मरम्मत की मांग, विधायक प्रतिनिधि ने विधायक का ध्यान आकर्षित किया

**खलारी।** खलारी के विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक ने विधायक सुरेश बैठा को बैंक चौक से फैक्ट्री होते हुए बाजार टांड़ तक जाने वाले मुख्य मार्ग तक जर्जर स्थिति का अवगत कराया। मार्ग में जलजमाव व गड्ढों से दुर्घटना के खतरे, आम नागरिकों एवं स्कूली बच्चों के आवागमन में गंभीर व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। प्रतिनिधि ने मार्ग का तत्काल नवीनीकरण आवश्यक है। जिसमे मार्ग के दोनों ओर नालियों के निर्माण तथा सड़क की मरम्मत कराने की मांग की। विधायक प्रतिनिधि ने कांके विधायक से अनुरोध किया कि वे इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर उठाएं तथा संबंधित विभागों को निर्देशित करें, ताकि जल्द से जल्द इस समस्या का निराकरण हो सके।



## सड़क हादसे में दंपति सहित चार घायल, दो रिम्स रेफर

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के करांजी देवी मंडप के समीप शनिवार की शाम लगभग छह बजे एक बाइक सवार ने पैदल राहगीर दंपति सहित चार लोगों को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे चारो राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में संगीता देवी, सुबनाथ महतो, फुदो देवी, चरण महतो और 8 वर्षीय अमन महतो पिता अनिल महतो है। जिन्हें ग्रामीणों और स्वजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया जहां डॉ सुमन ने चारों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल संगीता देवी और अमन महतो को रिम्स रेफर कर दिया।

## दो लड़कियों को रुपये चोरी करते रंगेहाथ ग्रामीणों ने पकड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के उरुगुट्ट बाजार में शनिवार को दो लड़कियों को रुपये चोरी करते रंगेहाथ ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने दोनों लड़कियों की जमकर धुनाई कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पहुँची पुलिस को तीन घण्टे के काफी मशक्कत के बाद दोनों लड़कियों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ा कर थाना ले जाने में सफलता मिली। जानकारी के अनुसार राजस्थान की दो लड़कियां तन्नु कुमारी व अंजली कुमारी एक बच्चा के साथ उरुगुट्ट बाजार में कई ग्रामीणों का रकम चोरी कर चुकी थी। इसी बीच एक महिला का 3500 रुपये चोरी करते दोनों पकड़ा गई। ग्रामीणों द्वारा दोनों को पकड़ने के बाद जमकर धुनाई की गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को तीन घन्टा तक कड़ी मशक्कत करने के बाद ग्रामीणों के चंगुल से दोनों लड़कियों को छुड़ाया गया। मामले पर थाना प्रभारी विनित कुमार ने कहा कि जांचोपरांत दोषियों पर कारवाई किया जाएगा।

# ग्रामीण क्षेत्र में इंटर कॉलेज का परीक्षाफल रहा शानदार



**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चान्हो/मांडर।** प्रखंड क्षेत्र के बच्चों ने शनिवार को प्रकाशित झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा परीक्षा फल में इंटर के साइंस और कॉमर्स का परीक्षा फल शानदार रहा। शहीद वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज चान्हों में कॉमर्स का परीक्षा फल 98.4% रहा। जिसमें 45 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान, 83 विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान एवं 1 विद्यार्थी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज में प्रथम स्थान शोएब अंसारी 412(82%), द्वितीय स्थान शीतल कुमारी 375 (75%), तृतीय स्थान रिया कुमारी 370 (74%) ने हासिल किया। वहीं संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर के विज्ञान संकाय का परीक्षा फल 77.68 प्रतिशत रहा। सलोनी कुमारी ने 91.6 प्रतिशत लाकर कॉलेज टॉपर की। तो कॉमर्स संकाय का रिजल्ट 89.4 प्रतिशत रहा। कॉमर्स संकाय में इशा किंडो ने 83.6% लाकर कॉमर्स संकाय में टॉप किया। सभी छात्र-छात्राओं को कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुशील कुमार मिंज ने शुभकामना दी।

## बेड़ो प्लस टू स्कूल के छात्र व छात्राओं ने लहराया परचम



बेड़ो। झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा जारी किए गए 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में प्लस टू उच्च विद्यालय बेड़ो के छात्र व छात्राओं ने परचम लहराया है। विद्यालय के अच्छे प्रदर्शन से छात्रों व उनके अभिभावकों में खुशी की लहर है। जहां प्लस टू बेड़ो से विज्ञान संकाय में कल्याणी कुमारी 90% अभिषेक रंजन 84% व प्रिया अनु कुमारी 84% वाणिज्य संकाय में मोनी कुमारी 76% अनिल राम 74% और काजल कुमारी 73% लाकर स्कूल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। जिन्हें विद्यालय की प्रधानाध्यापिका हेनरीता मिंज,सुप्रिया कुमारी,सुनीता तिर्की, उसुर्ला तिर्की, राकेश प्रसाद,राजू गुप्ता, सत्यप्रकाश, सुमित सहित सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं ने छात्र छात्राओं के अच्छे प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के बच्चों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। हम आशा करते हैं कि ये बच्चे भविष्य में अपने समाज तथा देश के लिए अच्छा करेंगे। हम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

## इंटरमीडिएट में एस एस+2 स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम शत प्रतिशत

**सिल्ली।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने शनिवार को इंटरमीडिएट की साइंस एवं कॉमर्स परीक्षा का परिणाम जारी किया जिसमें एस एस +2 विद्यालय सिल्ली के विद्यार्थियों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस बार विद्यालय की ओर से इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 57 परीक्षार्थियों ने भाग लिया था जिसमें 50 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, पांच विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी और दो विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के साइंस स्ट्रीम में सोहन विश्वकर्मा 418 अंक लाकर 83.6 प्रतिशत, सुबोध 417 अंक के साथ 83.4 प्रतिशत, दयानंद 416 अंक लाकर 83.2 प्रतिशत,मनोज रजक 409 अंक लाकर 81.2 प्रतिशत एवं नेहा महतो 388 अंक लाकर 77.6 प्रतिशत इसी प्रकार कॉमर्स स्ट्रीम में शुभम मुखर्जी 420 अंक लाकर 84 प्रतिशत,शिवम मुखर्जी 412 अंक लाकर 82.4 प्रतिशत एवं सागर रवानी 410 अंक लाकर 82 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार पांडे ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की असीम मेहनत और शिक्षकों शिक्षिकाओं के द्वारा विद्यालय में अध्ययन का माहौल तैयार करना एवं उनकी कर्मठता से ही संभव हो पाया। पूरे विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## आरटीसी सांइस में अदिबा नाज टापर हुई


अबिबा नाज। लाईबा परवीन।


सुदेष महतो।

ओरमांझी। जैक बोर्ड द्वारा जारी इंटर साइंस की परीक्षा परिणाम में आरटीसी कालेज दड़दाग की अदिबा नाज ने 83.8 प्रतिषत अंक लाकर कालेज टापर हुई है। वहीं लाईबा परवीन 83 प्रतिषत व सुदेष कुमार महतो 80 प्रतिषत अंक के साथ काजेल के द्वितीय व तृतीय टापर हुए हैं। इसकी जानाकरी देते हुए प्राचार्य ब्रजभुषण नीरज ने बताया कि काजेल से 62 विद्यार्थी परिक्षा में शामिल हुए थें। जिसमें 25 विद्यार्थी प्रथम श्रेण व 17 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुए हैं। उतीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों को प्रचार्य व षिक्षकों द्वारा बधाई दी गई है।

## शंकरी प्लस टू विद्यालय का प्रदर्शन रहा शानदार



इटकी। झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी बारहवी बोर्ड की परीक्षा में शंकरी प्लस टू विद्यालय इटकी की छात्रा सरिया सना विज्ञान में 86.6% के साथ प्रखंड टॉपर बनी व अनीता इंटरमीडिएट कॉलेज की सादिया परवीन 80.8% के साथ प्रखंड में दूसरा स्थान हासिल किया। उमरा कौशर 79.6% और अयान अंसारी 79% के साथ शंकरी विद्यालय से विज्ञान में क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। शंकरी स्कूल से विज्ञान में कुल 47 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिसमें 28 प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। वहीं शंकरी विद्यालय की सनोबर सना 89.4% के साथ वाणिज्य में प्रथम स्थान पर रही वहीं ऋतिक महतो 62.8% और बादल कुमार 61% के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। वाणिज्य में विद्यायल से कुल सात विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमे तीन प्रथम और चार द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।

## विज्ञान में पल्लवी अव्वल, वाणिज्य में बिंदेश्वरी बनी कॉलेज टॉपर

तमाड़। इंटर कॉलेज सलगाडीह में छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रौशन किया है। कॉमर्स संकाय में कुल 24 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 10 प्रथम श्रेणी, 12 द्वितीय श्रेणी, 1 तृतीय श्रेणी में पास हुए और 1 छात्र असफल रहा। कॉमर्स में बिंदेश्वरी कुमारी ने 71.8% अंक लाकर प्रथम स्थान हासिल किया। विनय मछुआ ने 67.8% और वर्षा कुमारी ने 65% अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में कुल 7 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इनमें से 1 प्रथम श्रेणी और 6 द्वितीय श्रेणी में पास हुए। विज्ञान में पल्लवी कुमारी ने 308 अंक (61.6%) लाकर टॉप किया। सुमन कुमारी ने 278 अंक (55.6%) प्राप्त किए। कॉलेज के प्राचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एसबी इंटर कॉलेज सांइस में सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उतीर्ण

**ओरमांझी।** झारखंड अधिविद परिषद (जैक) रांची द्वारा घोषित इंटर सांइस की परीक्षा में एसबी इंटार कालेज बरतुआ मनातु ओरमांझी के सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हो एक बार फिर अपने व कालेज का नाम रोषन किया है। कालेज की छात्रा कुसुम कुमारी ने 90.2 प्रतिषत अंक लाकर काजेल टापर हुई है। वहीं खुषी कुमारी व संगम कुमारी दोनो 89.6 अंक के साथ द्वितीय टापर व अर्जुन महतो 86.2 अंक के साथ तृतीय टापर हुआ है। सभी विद्यार्थियों के बेहतर अंक के साथ प्रथम श्रेणी में उतीर्ण होने पर कालेज के निदेषक बिरेंद्र बंषवार ने सभी को बधाई देते हुए बताया, कि कालेज से 24 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थें। सभी ने बेहतर अंकों के साथ प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए हैं। इसके अलावे सचिव सुनिता कुमारी, प्राचार्य डा. संजय कुमार, हरेंद्र कुमार महतो, दीपक बेदिया व मंजु कुमारी सहित सभी षिक्षक व छात्रों द्वारा भी सभी को बधाई दी गई।


कुसुम कुमारी। खुशी कुमारी। संगम कुमारी। अर्जुन महतो।


### कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

**आम सूचना**

नगर पंचायत, डोमचाँच क्षेत्रान्तर्गत भवन निर्माण हेतू भवन का नक्शा पारित किया जाना है। भवन नक्शा का आवेदन असैनिक अभियंता/Architecture के द्वारा भवन नक्शा पारित हेतू आवेदन किया जाना है। इस संदर्भ में इच्छूक असैनिक अभियंता/Architecture वर्ग jhbpams.jharkhand.gov.in पर LTP हेतू आवेदन कर सकते है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 353947 (Urban Development) 25-26 (D)

### कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

**अति अल्पकालीन**

चतुर्थ डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना–14/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, डोमचाँच के अन्तर्गत वित्तीय तीन वर्ष के लिए (दिनांक–17.06.2025 से 18.06.2025 तक के लिए) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई–प्रोक्यूरमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 12:00 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, डोमचाँच कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारित शर्त एवं समय के अनुसार दिनांक–16.06.2025 को अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खुली डाक के से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

| क्र0सं0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित 2025–2028 तक के लिए | जमानत की राशि 10 प्रतिशत | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सांस्कृतिक भवन | 900000.00 | 90000.00 | दिनांक–16.06.2025 को 12:00 बजे पूर्वाह्न से |

बन्दोबस्ती की शर्त एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचाँच को सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 353951 Urban Development(25-26)#D

### कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

**कार्यालय-आदेश**

जिले के प्रारंभिक विद्यालय में कार्यरत इण्टर प्रशिक्षित शिक्षकों को स्नातक प्रशिक्षित (ग्रेड–4) विज्ञान एवं गणित, सामाजिक विज्ञान एवं भाषा विषयों में प्रोन्नति के निमित सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के अधिसूचना संख्या 281 दिनांक 24.02.2021 के द्वारा प्राप्त आदेश के आधार पर झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक शिक्षक नियुक्त परीक्षा 2003 के आलोक में प्रथम अनुशंसा के आधार पर नियुक्ति शिक्षकों की नियुक्ति तिथि 22.12.2003 मानते हुए वर्ष 2024 की तैयार की गयी औपबंधिक ग्रेडवार वरीयता सूची के प्रारूप का प्रकाशन जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.ranchi.nic.in एवं कार्यालय के वेबसाईट www.dseranchi.com पर करते हुए संबंधित शिक्षकों से विहित प्रपत्र में दिनांक 15.06.2025. तक दावा/आपत्ति की मांग की जाती है।

जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को ग्रेड– 4 (सामाजिक विज्ञान, भाषा, गणित एवं विज्ञान) को प्रोन्नति देने हेतु औपबंधिक वरीयता सूची संख्या– 02

जिसमें
1. स्नातक प्रशिक्षित विज्ञान एवं गणित
2. स्नातक प्रशिक्षित सामाजिक विज्ञान
3. स्नातक प्रशिक्षित भाषा
4. स्नातक प्रशिक्षित सामाजिक विज्ञान एवं भाषा की संयुक्त वरीयता सूची

निर्धारित तिथि के बाद किसी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

विहित प्रपत्र

| आपत्ति कर्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची में क्र० सं० | जिस कॉलम में त्रुटि है उसकी संख्या | त्रुटि का विवरण | सुधार का विवरण | सामाजिक विज्ञान एवं भाषा विषय निर्धारण त्रुटि | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | जिस विषय में नाम अंकित है उसका क्रम संख्या | निर्धारित विषय के संबंध में साक्ष्य | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |

संबंधित शिक्षक का हस्ताक्षर

प्रधानाध्यापक–सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
का हस्ताक्षर/मुहर

संबंधित शिक्षक एवं अन्य अपना दावा/आपत्ति साक्ष्य के साथ संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के माध्यम से समय सीमा के अंदर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

ह०/–
जिला शिक्षा अधीक्षक,
राँची

PR 354005 Human Resource Developement (25-26)_D

समय संवाद



भारतीय संस्कृति में नदियों का धार्मिक और सांस्कृतिक ही नहीं, उनका ऐतिहासिक महत्व भी है। गंगा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी ये महज धरती में बहती पानी की धाराएं भर नहीं, अपने आप में ये एक सभ्यता और संस्कृति को साथ लेकर बहती नदियां हैं। गंगा को भारतीय संस्कृति की आत्मा माना जाता है इसलिए इसे माता का दर्जा दिया जाता है।

# एक सभ्यता और संस्कृति को साथ लेकर बहती नदियां

**डॉ मेरी ग्रेस**

**नदियां** किसी भी देश की लाइफलाइन होती हैं। नदियों से ही उस देश की अर्थव्यवस्था, सभ्यता और प्राकृतिक समृद्धि का पता चलता है। खानपान, मनोरंजन और संस्कृति का भी स्त्रोत नदियां ही होती हैं। हम अगर अपने पौराणिक साहित्य पर नजर डालें तो भारतीय नदियां, भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। भारत में ज्ञान, विज्ञान और आत्मा से परमात्मा तक की खोज सब नदियों के किनारे हुई, इसलिए भारत अकेला ऐसा देश है, जो नदियों को मां कहता है, देवी कहता है और उनकी पूजा करता है। कोई सभ्यता नदियों पर कितनी आश्रित होती होगी, इस बात का अंदाजा भारत की सम्पन्न सनातन संस्कृति से लगाया जा सकता है। नदियों के किनारे बसे ऋषिकेश, हरिद्वार, मथुरा, अयोध्या, प्रयाग, काशी, गया, पटना, नासिक और उज्जैन जैसे नगर भारतीय धर्म और संस्कृति के जगमगाते द्वीप हैं। ये सभी धार्मिक और सांस्कृतिक नगर प्रसिद्ध नदियों के किनारे बसे होने के कारण ही पीढ़ियों से हमारी सभ्यता के गंतव्य स्थल हैं।

भारतीय संस्कृति में नदियों का धार्मिक और सांस्कृतिक ही नहीं, उनका ऐतिहासिक महत्व भी है। गंगा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी ये महज धरती में बहती पानी की धाराएं भर नहीं, अपने आप में ये एक सभ्यता और संस्कृति को साथ लेकर बहती नदियां हैं। गंगा को भारतीय संस्कृति की आत्मा माना जाता है इसलिए इसे माता का दर्जा दिया जाता है।

भारत के चार राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और मुख्य रूप से बंगाल से गुजरने वाली गंगा भारतीय संस्कृति की अमरकथा है। माना जाता है कि नदियों में देवियां और देवताओं का वास होता है। भारत में हिंदू धर्म के सबसे बड़े ग्रंथ महाभारत का आधार ही गंगा है।



देवव्रत यानी भीष्म पितामाह की मां गंगा थीं।


हमारा प्राचीन और समृध्द अतीत गंगा और यमुना नदियों के किनारे महान ऋषि, मुनियों की ज्ञान परंपरा वाला इतिहास है। गंगा और यमुना दोनों ही पवित्र नदियां हैं, जिनके किनारे आधुनिक सभ्यता के कई पड़ाव पड़े। गीता में भगवान कृष्ण खुद नदी और समुद्र की तुलना आत्मा और परमात्मा से की है। नदी आत्मा है। उत्तराखंड में गंगोत्री ग्लेशियर से निकलने वाली गंगा का मुख्यस्त्रोत गोमुख है। कुल 2480 किलोमीटर की यह नदी हिमालय की पवित्र कंदराओं से निकलकर मैदान की तरफ बहती है। गंगा को गंगा बनाने वाली इसकी सहायक नदियां हैं। शायद यही वजह है कि इस देश में सबसे ज्यादा सहायक नदियां अगर किसी नदी की हैं, तो वह गंगा ही है। 2480 किलोमीटर तक बहने वाली गंगा इस लिहाज से देश की सबसे बड़ी और लंबी नदी है, क्योंकि यह पूरी तरह से भारत में बहती है। वैसे लंबाई के लिहाज से ब्रह्मपुत्र 2990 किलोमीटर लंबी है। लेकिन ब्रह्मपुत्र तिब्बत के पुरंग जिले से निकलकर मानसरोवर झील के निकट से भारत और फिर बांग्लादेश में बहती है। इसलिए यह पूरी तरह से भारत में बहने वाली नदी नहीं है।

हालांकि गंगा, गंगोत्री से निकलती है, लेकिन इसे गंगा नाम देवप्रयाग में आकर मिलता है। इसके पहले यह भगीरथी और अलकनंदा होती है। प्रयाग पहुंचने पर गंगा में देश की एक दूसरी विशाल नदी यमुना मिल जाती है, जिसमें चंबल, केन, बेतवा, शिप्रा सहित आधा दर्जन से ज्यादा छोटी नदियां मिलती हैं। जब यमुना, गंगा से मिल जाती है, तो गंगा बहुत ही विशाल और बहुत ही समृद्ध जल वाली नदी या छोटा मोटा समुद्र बन जाती है। इलाहाबाद के बाद गंगा की विशालता का जलवा देखते ही बनता है। पुराणों में वर्णित अंतःसरिता सरस्वती को भी माना जाता है कि वह प्रयाग में गुप्त रूप से गंगा में मिल जाती हैं। इसलिए जहां प्रयाग में गंगा और यमुना मिलती हैं, उस जगह को त्रिवेणी यानी तीन नदियों के संगम वाली जगह कहते हैं।गंगा में आगे चलकर असी और वरुणा वाराणसी में तो बिहार में इसमें तमसा, रामगंगा, सोन और जैसी कई और नदियां आकर मिलती हैं। आज भी भारत में खेती के लिए गंगा का समर्पण अद्भुत है।

**(प्राचार्या उर्सुलाइन इंटर कॉलेज)**

# भक्ति की परम्परा विश्व को भारत की देन है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**जीव** ही शिव है वह पृथ्वी पर एक मात्र जीव है जिसे मेघा मिली है। शेष जीवों का जीवन सिर्फ आहार-विहार पर टिका है। भक्तों के साथ सतसंग में स्वामी सत्यानंद परमहंस ने कहा कि जीव सब कुछ पाने की लालसा रखता है। यह लालसा उसके अंदर होती है। इसी के कारण वह संसार में सभी प्रकार के काम करके ज्यादा से ज्यादा अर्जित करना चाहता है। उन्होंने कहा एक कथा के माध्यम से बताया कि एक शेरनी का बच्चा सियार के झुंड में पला बढ़ा। वह सब कुछ वहीं करता जो शियार करते थे। लेकिन एक दिन एक शेर की की दहाड़ सुनकर उसे लगा कि यह आवाज तो उसके अंदर भी हैऔर वह भी दहाड़ने लगा। यानि जो भी है शक्ति है वह अंदर में छिपी है कभी-कभी समाज और माहौल के कारण एहसास नहीं हो पाता। ठीक उसी प्रकार सभी को सब कुछ त्याग का बल मिला है लेकिन जब इस बल का एहसास कोई करा देता है जब ही मनुष्य भी सब कुछ पाने की लालसा और दौड़ से रूक जाता है। एक जीव को जितना जीने के लिए चाहिए उससे कई गुणा अधिक अर्जित करने के बाद भी उसे चैन नहीं मिलती और इस अंतहीन दौड़ में बैचेन होकर जीवन जीता है। उसका चिंतन पूरा का पूरा सांसारिक वस्तुओं में उलझ जाता है जबकि भक्ति उसे संसार में रहते हुये संसारिक बंधनों से विरक्त होने की चेतना देती है। संसार में भक्ति की परम्परा भारत की देन है। संत महात्माओं की परम्परा केवल भारत में ही है। कठोर साधना से आत्मतत्व की प्राप्ति हो सकती है लेकिन इसमें लंबा समय लगता है। पहले इस प्रकार के साधना की जाती थी। उन्होंने कहा कि आग लकड़ी में भी है लेकिन वह अपने आप प्रज्वलित नहीं हो सकती है। लकड़ी से लकड़ी रगड़कर भी आग प्रज्वलित की जाती है लेकिन इसमें समय ज्यादा लगता है। वहीं कही आग प्रज्वलित है उससे आग जला लेना सहज है। इसलिए वर्तमान काल में संत-महात्माओं ने भक्ति के सहज मार्ग को स्वीकार्य किया। यह मार्ग दास भाव का मार्ग है। दासत्व का सबसे बड़ा उदाहरण अर्जुन हैं जिन्होंने कृष्ण का दासत्व स्वीकार किया। राम ने वशिष्ठ का, हनुमान ने राम का दासत्व स्वीकार किया। इसी मार्ग में चलना बेहतर है। जन्म जन्मातर के कर्म-सत्कर्म का संचित फल मनुष्य को मिलता है।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम, छोटका राजपुर, बक्सर, शाखा कुटी: रांची)**




# एकल विधालय क्या है?

**अजय दीप वाधवा,**



**एकल विद्यालय** 'एक शिक्षक वाले विद्यालय' हैं जो विगत कई वर्षो से भारत के उपेक्षित और आदिवासी बहुल सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में एकल विद्यालय फाउंडेशन द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। भारत के वनवासी एवं पिछड़े क्षेत्रों मे हजारों एकल विद्यालय चल रहे हैं। ग्रामीण भारत के उत्थान में शिक्षा के महत्व को समझने वाले हजारों संगठन इसमें सहयोग दे रहे हैं। भारत के वर्तमान में 65 हजार गांवों के 26 लाख वनवासी बच्चों को एकल विद्यालय फाउंडेशन मुफ्त शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। यहां बुनियादी शिक्षा ही नहीं दी जाती बल्कि समाज के उपेक्षित वर्गो को स्वास्थ्य, विकास और स्वरोजगार संबंधी शिक्षा भी दी जाती है। इस योजना का वैशिष्ट्य यह है कि विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के लिये संबधित ग्राम के ही एक शिक्षित युवक/युवती को शिक्षक/आचार्य के रूप में प्रशिक्षित किया जाता है। इस प्रशिक्षण में संभावित आचार्य को न केवल शिक्षण कला का ही ज्ञान कराया जाता है वरन्? अन्य बातें - जैसे प्राथमिक चिकित्सा, बच्चों को संस्कार-संपन्न बनाना, खेल-कूद कराना आदि के बारे में भी आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाता है। इन विद्यालयों में गांव के लगभग 30- 40बच्चे हंसी-खुशी और खेल-कूद के वातावरण में अनौपचारिक रीति से कक्षा ३ तक की शिक्षा प्राप्त करते हैं जिसके पश्चात इन बच्चों को नियमित विद्यालयों में भर्ती करा दिया जाता है।

एकल विद्यालय की स्थापना, पाठ्यक्रम का चयन, स्कूल का समय और शिक्षक के चयन तक में स्थानीय लोगों की भागीदारी होती है। बच्चों में शिक्षा के प्रति रूचि पैदा करने के लिए फाउंडेशन स्थानीय भाषा में ही शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराता है। स्थानीय समुदाय में से ही शिक्षक का चयन किया जाता है, ताकि बच्चों की भाषा, संस्कृति और परंपरा का उन्हें ज्ञान हो।

पाठ्यक्रम में बच्चों को बुनियादी शिक्षा और जीने के तौर-तरीकों के बारे में भी बताया जाता है, ताकि उनमें आत्मविश्वास की भावना पैदा हो और ग्रामीण जीवनस्तर से ऊपर उठकर वे उच्च शिक्षा हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ा सकें।

**सचिव, एकल रांची चैप्टर**

# सुरेश्वर महादेव मंदिर,चुटिया रांची

**अचंल कुमारी**

ऐतिहासिक नगर चुटिया रांची जिसका सम्बन्ध इतिहास के धर्म स्थलों से रहा है। वह नगर चुटिया अपने आप को इतिहास के पन्नो में गढ़ने को तैयार बैठा है। जिसका आधार सनातन धर्म और आस्था का प्रतीक सुरेश्वर महादेव मंदिर है ।दस वर्ष में बनकर तैयार हुआ ये मंदिर झारखंड का सबसे ऊंचा एवं भारत में दूसरे स्थान पर ऊंचा शिवलिंग हैं। जिसकी ऊंचाई 108 फीट है ।

यह शिवलिंग चुटिया के केतारी बगान में स्वर्णरेखा नदी के किनारे स्थित है। यह मंदिर भारत के सबसे ऊंचे शिवलिंग कौटिल्य लिंगेश्वर मंदिर जो की कर्नाटक में स्तिथ है उसके जितनी है । सुरेश्वर महादेव मंदिर की विशेषता इसकी बनावट जितनी ही खास है।

शिवलिंग के आकार की सरचना वाले मंदिर के गर्भगृह में 3 फीट ऊंचाई और 4 फीट



लंबाई वाले शिवलिंग की स्थापना की गई है, जो की भाव पूर्ण दृश्य स्थापित करता है। मंदिर में शिवलिंग के साथ भगवान महाकाल के परिवार की भी प्रतिमाएं स्थापित की गई है। जो की आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

अगर मंदिर की वास्तुकला की विशेषता की बात की जाए तो मंदिर की बनावट कुछ इस प्रकार है, की शंखनाद होने पर इसकी आवाज लगभग एक मिनट तक गूंजते रहेगी।

स्वर्णरेखा नदी के किनारे मंदिर स्तिथ होने के कारण इसका दृश्य और भी मनमोहक सा प्रतीत होता है। आस्था और विश्वास प्रतीक सुरेश्वर धाम की विशेषता केवल इतनी ही नही है, इसका मुख्य द्वार आकर्षित नक्काशियों से भरपूर है साथ ही साथ मंदिर के गर्भ गृह का द्वार विराट स्वरूप लिए है ।

मुख्य मंदिर का द्वार पीतल से बना है। जिसे ओडिशा के कलाकारों ने खूबसूरत नक्काशी कर बनाया है । इस द्वार का विराट स्वरूप भगवान सुरेश्वर की भव्यता को इंगित करता है ।

मुख्य द्वार की कुंडी जो नंदी के आकार का है, वह मानो यह प्रतीत करता हो जैसे भक्त नंदी स्वयं भगवान महाकाल की अगवानी कर रहे हो। इसके साथ ही शिवलिंग के सामने कुछ ही दूर पर नंदी की मनमोहक प्रतिमा स्थापित की गई हैं, जो एक भक्त और भगवान के अतुलनीय प्रेम को दशार्ती है।

# कोई लौटा दे मेरे बचपन के दिन

**-फिरदौस खान**

**सुप्रसिद्ध** अभिनेता राकेश श्रीवास्तव ने साल 1990 में 'एक लड़का एक लड़की' से हिन्दी सिनेमा में अपना डेब्यू किया था. वे सब टीवी के सीरियल 'लापतागंज' के लल्लन जी के नाम से मशहूर हैं. उन्होंने लखनऊ की भारतेंदु नाट्य अकादमी से ड्रामाटिक आर्ट में डिप्लोमा किया है। वे कई नाटकों और धारावाहिकों में काम कर मुम्बई आए और फिर यहीं के होकर रह गए। वे कहते हैं-

**बचपन से ही फि तरत है मुस्कुराने की**
**हंसने की और लोगों को हंसाने के**

शायद इसीलिए अब वे अपने अभिनय से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। जब उनसे गर्मियों की छुट्टियों के बारे में पूछा गया तो उनके चेहरे पर रौनक आ गई। बचपन होता ही ऐसा है कि इंसान उसे कभी भूल नहीं पाता। बचपन की यादें सबसे खूबसूरत होती हैं। बचपन में पढ़ाई और खेल के सिवा कोई दूसरा काम भी तो नहीं होता। वे कहते हैं कि आपने बचपन याद दिला दिया। गर्मियों की छुट्टियों के दिन बच्चों के लिए खुशियों के दिन होते हैं। सभी बच्चे छुट्टियों के इस मौसम का बेसब्री से इंतजार करते हैं। मैं भी बचपन में गर्मी की छुट्टियों का बेसब्री से इंतजार करता था। मेरे पापा रिजर्व बैंक में कार्यरत थे। अतः तीन-चार साल के बाद अलग-अलग प्रदेश की राजधानी में स्थानान्तरण हुआ करता था।

वे कहते हैं कि हर गर्मी की छुट्टियों में अपने ददिहाल बाबा-दादी से मिलने गोरखपुर जाया करते थे। मैं अपने दादा जी को बाबा कहता था। जब पापा की नियुक्ति पटना में थी तब हम पानी के जहाज से गंगा पार कर महेन्द्रू घाट से सोनपुर जाया करते थे। बचपन में जहाज से गंगा पार करने का जो आनन्द मानस पटल पर छपा है, वो याद करके मन रोमांच से भर जाता है। दूर तक पानी ही पानी नजर आता था। ऊपर नीला अम्बर और नीचे नीला पानी। नीले आसमान के अक्स से पानी नीला दिखाई देता था। आसमान पर जब सफेद बादल होते तो उसके सौन्दर्य में चार चाँद लग जाते थे। मैं कभी आसमान को देखता, तो कभी नदी के बहते पानी को। इस तरह जहाज कब घाट पर पहुंच जाता था, पता ही नहीं चलता था।

उन्हें बचपन से ही खाने-पीने का बहुत शौक था। वे कहते हैं कि बचपन से ही मैं बहुत चटोरा था। सोनपुर पहुंचते ही खाजा खाने के लिए लालायित रहता था। ये मैदे की बहुत ही स्वादिष्ट मिठाई है। गोरखपुर पहुंचने पर बाबा-दादी, चाचा-चाची, बहन सीमा की आंखों में खुशी देखकर हम रास्ते की सारी थकान भूल जाया करते थे। शाम को बाबा घोष कम्पनी चौराहा ले जाया करते और दालमोठ, समोसा और इमरती खिलाते। कभी-कभार घंटाघर रबड़ी-खुरचन खिलाने ले जाते। सुबह-सुबह ही सारे रिश्तेदार मिलने आ जाते थे और हम उनके बच्चों संग घर में ही हुड़दंग मचाया करते थे। मेरी बुआ और दादी के हाथ का बना मिर्च का अचार, इमली की पीड़िया के बारे में सोचकर आज भी मुंह में पानी आ जाता है।

वे जिन्दगी के हर पल को जी लेने में यक ीन रखते हैं। वे कहते हैं कि गर्मियों की छुट्टियों में हम दिन भर खेलते। कभी रिश्तेदारों के बच्चों के साथ, तो कभी मोहल्ले के बच्चों के साथ। बड़े लू के कारण दोपहर में घर से बाहर निकलने से मना करते, लेकिन हमें खेल के आगे कुछ दिखाई ही कहां देता था। बड़ों की नजर बचाते हुए हम बाहर भाग जाते। हमें न गर्मी का अहसास होता था और न ही लू लगने की कोई फिक्र थी। हम तो अपनी छुट्टियों को भरपूर जी लेना चाहते थे और जीते भी थे।

वे सफर में भी खूब चटोरबाजी किया करते थे। वे बताते हैं कि चार साल बाद पापा का स्थानान्तरण अहमदाबाद में हो गया। वहां से छुट्टियों में जब गोरखपुर जाते, तो हम चटोरे ट्रेन में संडीला के लड्डू, खुर्जा का खुरचन, उरई के गुलाब जामुन का आनन्द लेते हुए गोरखपुर पहुंचते और फिर वही हुड़दंग करते। बाबा-दादी के प्यार, आशीर्वाद और खुशियों का भंडार भरकर हम अहमदाबाद आते और फिर से गर्मी की छुट्टियों का इंतजार करते थे।

अपनी शरारतों की वजह से वे कई मुसीबतें उठा चुके हैं, लेकिन फिर भी शरारत करने से पीछे नहीं रहे। वे बचपन का एक ऐसा ही वाकिया सुनाते हुए कहते हैं कि बचपन में सब कुछ आसानी से मिलने में मजा नहीं आता है। बाबा के घर के सामने एक अमरूद का बागीचा था। माली से बचकर चुपके से घुसते और अमरूद के पेड़ की पतली टहनियों पर चढ़कर गर्मी के मौसम में अमरूद खोजते और भद्द से गिरते। हमारे गिरने की आवाज सुनकर माली दौड़कर आता और हमें खूब दौड़ाता तो हम गिरते पड़ते भागते। एक बार भागते हुए बंदर के बच्चे से टकरा गए। बंदर को बहुत गुस्सा आया और उसने दौड़ाकर मेरे पिछवाड़े काट लिया। इसके बाद पेट में चौदह सुइयां लगीं। इसके दर्द का अहसास आज भी है। आज भी सुई के डर से कुत्ते, बिल्ली और बंदर को देखते ही दूर भागता हूं।

दरअसल बचपन की ये खट्टी-मीठी यादें जिन्दगी में बहुत बड़ा सहारा हुआ करती हैं। जब कभी मन उदास हो और कुछ अच्छा न लगे, तो बचपन से जुड़ी चीजें देखकर, बचपन की बातें याद करके चेहरे पर मुस्कान आ ही जाती है।

**(अभिनेता राकेश श्रीवास्तव से खास बातचीत)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# योग, रोग प्रतिरोधी क्षमता बढ़ाता है



**स्वामी मुक्तरथ**

विश्व योग दिवस 21 जून को पूरी दुनिया में आयोजित होगा। योग शारीरिक व्यायाम, सांस लेने के अभ्यास और एकाग्रता की बेहतरी का एक संयोजन है जिससे शरीर और दिमाग सुदृढ़ बनते हैं और हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। योग आसन कई प्रकार के हैं, जिनमें शवासन और शसाकासन से तनाव कम होता है और प्रतिरक्षा प्रणाली की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। प्राणायाम जैसे श्वसन अभ्यास से हमारा श्वसन तंत्र मजबूत बनता है और फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है। त्रिकोणासन से रक्त के संचरण में सुधार होता है और सभी अंगों का इष्टतम कामकाज सुनिश्चित होता है, इसलिए योग का अभ्यास न केवल प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में सहायक है बल्कि यह मानव शरीर के समग्र स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। योग-आसन और सांस लेने का व्यायाम करना चाहिए। चूंकि यह वायरस सीधे फेफड़ों पर असर डालता है, इसलिए श्वसन प्रणाली को मजबूत बनाए रखना अनिवार्य हो जाता है।

सुझाए गए योगासन संतृप्ति के आदर्श स्तर को प्राप्त करने और फेफड़ों की कार्यप्रणाली को बहाल करने में मददगार हैं। योग का अभ्यास करने की सलाह न केवल कोविड पॉजिटिव मरीजों को बल्कि वायरस से ठीक हो चुके मरीजों को भी दी जा रही है। यौगिक श्वसन, शुरूआती स्तर के योगासनों और एकाग्रता से मानसिक शांति मिलती है और उन रोगियों के पूरे शरीर में शांति एवं ठंड का आभास होता है, जिनको कोविड-19 का दर्दनाक अनुभव हुआ है। विशेषज्ञों द्वारा अनुशंसित संशोधित श्वसन तकनीक और योग मुद्रा से ठीक हुए कोविड रोगियों में थकान को कम करने व ऊर्जा के स्वाभाविक स्तर की बहाली में सहायता मिली है। योग के लाभ केवल वयस्कों तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि यह उन बच्चों के लिए भी मददगार हो सकता है जिन्होंने तनाव का अनुभव किया है।

हमारे बच्चों पर सामाजिक, भावनात्मक, शारीरिक और शैक्षणिक सभी दृष्टियों से अकल्पनीय प्रभाव पड़ा है। हमारे देश में बच्चों और युवाओं की सबसे अधिक आबादी है, इस नाते इस महामारी के दौरान आई बाधाओं से निपटने के लिए हमें और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता होगी, ताकि उनका स्वास्थ्य इससे न्यूनतम प्रभावित हो, इसलिए सभी अभिभावक और शिक्षकों को अपने बच्चों को दैनिक जीवन में योग का अभ्यास करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। योग का अभ्यास बच्चों के लिए अपनी अंतरात्मा से अधिक गहनता से जुड़ने और अपनी ताकत, गतिशीलता एवं समन्वय क्षमता को बढ़ाने में सहायक होगा। इसके अतिरिक्त, इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान अपनी एकाग्रता को बढ़ाने तथा मन में शांति और तनाव-मुक्ति की भावना को बनाए रखने से युवावर्ग अत्यधिक लाभान्वित होगा । जब दुनिया ठहर सी गई है, ऐसे में योग हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली में सुधार करने और आंतरिक आत्म-संतुलन बनाए रखने की सबसे प्रभावी स्वास्थ्य कसरत के रूप में उभरा है। योग को वैश्विक स्तर पर अत्यधिक प्रशंसा और लोगों के बीच स्वीकारोक्ति प्राप्त हुई है।

तथा यह लोगों के व्यावहारिक जीवन एवं सोच में शामिल हो चुका है और इस प्रकार यह भारत की सॉफ्ट पावर का एक प्रबल स्त्रोत बन चुका है। आज अगर कोविड का दौर न होता तो हम सभी मन, शरीर और आत्मा के इस मिलन पर्व को बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मना रहे होते, परंतु कोविड महामारी के कारण हमसे अपने घरों में ही रहने और सामाजिक दूरी बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है। देश के सभी नागरिक और छोटे बच्चे भी इस वायरस के कारण अपने हौसले और उत्साह को कम न होने दें।

योग जीवन में अपनाये जीवन को आनंदमय और रोग रहित बनाये। आइए, हम सभी योग के लिए चटाई उठाएं तथा अपने घर पर ही योग दिवस मनाना शुरू करें, ताकि हमारे भीतर का उजियारा बाहर आकर प्रकाशमान हो सके और हम इस कठिन समय में भी एक स्वस्थ एवं शांतिपूर्ण मनःस्थिति प्राप्त कर सकें। (लेखक सत्यानंदयोग मिशन रांची के अध्यक्ष और योग प्रशिक्षक हैं। )



विश्व योग दिवस 21 जून

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में जागरूकता रथ रवाना



रामगढ़। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने रवाना किया। जिला कुष्ठ पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी ने बताया कि इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस का थीम तंबाकू दिखावे का दम , इरादों में जहर, आकर्षण के पीछे का खतरनाक सच को उजागर करना है। इस दिखावे के दम को लोगों के सामने लाना हमारी जिम्मेवारी है। इस निशुल्क नंबर पर कोई भी जो तंबाकू छोड़ना चाहते है सोमवार को छोड़कर सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक परामर्श ले सकते है। सिविल सर्जन ने बताया की हमे सबसे पहले स्कूल के आस पास अभियान चलकर तंबाकू बिक्री न हो इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि स्कूल के बच्चों को बचाना सबसे आवस्यक है क्योंकि तंबाकू ही पहला रास्ता है जिसके बाद बच्चे नशीली द्रव्यों के सेवन की ओर आगे बढ़ते है। इस दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी , जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### मंडा आस्था का महापर्व : ममता



रजरप्पा। शुक्रवार को चितरपुर प्रखंड अंतर्गत बोरोबिंग पंचायत के मुरुबंदा गांव में श्री श्री मंडा पूजा समिति द्वारा शिवालय मंदिर परिसर में शिव उपासना का पर्व मंडा धूमधाम से मना। मंडा पूजा में विधायक ममता, बोरोबिंग पंचायत की मुखिया बसंती देवी और झामुमो के केंद्रीय सदस्य चित्रगुप्त महतो शामिल हुए। ममता देवी ने कहा कि कहा कि मंडा हमारी संस्कृति की पहचान व पूर्वजों के द्वारा दी हुई ऐतिहासिक धरोहर के साथ साथ आस्था से जुड़ा एक महा पर्व है। मंडा पूजा से हमारी संस्कृति व परंपरा जुड़ी है। मौके पर कांग्रेस लक्ष्मण महतो, परीक्षित महतो, गोपाल महतो, भरत ओहदार, फूलचंद महतो, अशोक दांगी, जगेश्वर महतो, कैलाश महतो, रामदेव करमाली, अमर कुमार, तितलेश नायक व अन्य मौजूद थे।

### बीएड कॉलेज लारी में समर कैंप



रजरप्पा। डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ में शनिवार को महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय, के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिसमें प्रशिक्षुओं के रचनात्मक एवं सृजनात्मक कौशलों का विकास किया गया। बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने विभिन्न प्रकार के कौशलों जिसमें भाषण नृत्य-संगीत, कविता स्वलिखित रचनाएं, नाटक के माध्यम से अभिनय, संवाद, इत्यादि का प्रस्तुति दी। विजेता एवं उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर विक्की करमाली, द्वितीय में दीक्षा खन्ना, तृतीय में अंकिता, करण, उमाशंकर, जितेन्द्र तथा चतुर्थ स्थान पर रूकैया फातमा रहा। मंच का संचालन बीएड प्रशिक्षु सतेन्द्र कुमार ने किया। मौके पर सहायक प्राध्यापक मो. परवेज अख्तर, नयन कुमार मिश्रा, डॉ. अशोक राम, इन्दु कुमारी झा व्याख्याताओं में सुप्रिया बर्मन, मुरारी कुमार दुबे, बाबुचन्द प्रसाद, सुलेखा कुमारी, वरूण कुमार तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में नन्दलाल कुमार, श्रेया गुप्ता, बबलु कुमार आदि मौजूद थे।

### डीसी से मिला जदयू का डेलीगेशन



कुजू। रामगढ़ जिला के नये उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज से जनता दल युनाईटेड के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात किया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को बुके देकर स्वागत किया। बाद में रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों के समस्याओं से अवगत कराया गया। जिस पर उपायुक्त ने हर संभव पहल करने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि जनता तक सरकार की हर योजना पहुंचे, इसके लिए हर संभव प्रयास करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में जदयू प्रदेश महासचिव जगदीश महतो, जिला अध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, जिला कार्यकारी सदस्य राजकुमार महतो, सफीक अंसारी, राधेश्याम महतो,बालेश्वर तुरी, बाबूलाल महतो, पप्पू साव आदि शामिल थे।

### भुरकुंडा में हेल्थ अवेयरनेस पर सेमिनार



भुरकुंडा (रामगढ़)। नौकरी और बेरोजगारी से निजात दिलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को भुरकुंडा के मतकमा-कुरसे फोरलेन स्थित चिलेक्स फुडयोटिका रेस्टोरेंट में एक सेमिनार हुआ। जिसमें किशोर सिंह राठौड़ (डायमंड एडब्लूपीएल) ने हेल्थ और वेल्थ को लेकर लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि आज की बदलती जीवनशैली के कारण लाइफ स्टाइल डिजीज जैसी गंभीर बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में अपने खानपान और दिनचर्या में सुधार कर इन बीमारियों से बचा जा सकता है। साथ ही उन्होंने आर्थिक आत्मनिर्भरता पर भी जोर दिया और बताया कि कैसे हेल्थ अवेयरनेस और आधुनिक सोच के जरिए बेहतर जीवन जिया जा सकता है। मौके पर डॉ. साहू राजन सिंह, सुमन देवी, बैजनाथ कुमार, शंकर पांडेय, कैलाश राउत, खुशबू कुमारी, सहित कोलकाता, लातेहार, गोला के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### मातुदानन्द जी का मना पुण्यतिथि



भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर स्थित जय गुरुदेव धाम स्थल में शनिवार को भव्य भंडारा हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरूषों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व शुक्रवार को गुरू जी श्रीश्री मातुदा नन्द जी का 56वां समाधि वर्षगांठ समारोह पूर्वक मनाया गया। विधायक रोशन चौधरी ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की।

# स्वास्थ्य सेवा होगा सुदृढ़ : डीसी

- हजारीबाग उपायुक्त ने जिला स्वास्थ्य समिति के साथ की बैठक, दिये कई निर्देश
- शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज का भी किया निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को सदर अस्पताल सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक हुई।

बैठक का उद्देश्य जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति की गहराई से समीक्षा करना था। उपायुक्त ने स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता, एएनएम की संख्या, स्वास्थ्य भवनों की स्थिति, उपकरणों की व्यवस्था और संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसे टीबी, मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू और टीकाकरण की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए गंभीरता और संवेदनशीलता से कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया।

बैठक में अस्पताल की स्वच्छता, दवा की उपलब्धता, डॉक्टरों की उपस्थिति और आपातकालीन सेवाओं की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने डीपीएम को निर्देश दिया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की उपस्थिति रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित की जाए और कोविड प्रोटोकॉल के तहत सभी तैयारियां मुकम्मल रखी जाएं। उपायुक्त ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज का दौरा किया। उन्होंने कुपोषण वार्ड, मेल सर्जिकल वार्ड, नेत्र विभाग और ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। बल्ड बैंक में खून की उपलब्धता की सूचना नोटिस बोर्ड में लगाने और नियमित रक्तदान शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में सिविल सर्जन सहित सभी विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# चरही में ब्लैक स्पॉट पर फिर अतिक्रमण

## एनएच-33 के किनारे दुकानें, झोपड़ियां और मार्केट

**मुकेश सिंह**



**चरही।** चरही घाटों मोड फोरलेन (एनएच -33) के किनारे एक बार फिर अराजकता ने पैर पसार लिए हैं। जिस भूमि को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने अधिग्रहित कर सुरक्षा व यातायात सुगमता हेतु खाली कराया था, उस पर अब दोबारा अतिक्रमण शुरू हो चुका है। लोग न केवल सड़क के किनारे अवैध रूप से झोपड़ियां और दुकानें बना रहे हैं, बल्कि अब तो इस क्षेत्र में साप्ताहिक मार्केट भी लगाई जा रही है। इससे न केवल हाईवे पर ट्रैफिक बाधित हो रहा है, बल्कि गंभीर सड़क हादसों का भी खतरा कई गुना बढ़ गया है। गौरतलब है कि यह क्षेत्र पहले से ही ह्यब्लैक स्पॉटह्न के रूप में चिन्हित है, जहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ऐसे में अतिक्रमण का दोबारा फैलना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। प्रशासन और एनएचएआई द्वारा जिस जमीन को संरक्षित और खाली रखने का आदेश दिया गया था, वहां इस प्रकार की गतिविधियां प्रशासन की सक्रियता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले भी प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया गया था, लेकिन नियमित मॉनिटरिंग न होने के कारण लोग दोबारा लौट आए। अब जरूरत है कि जिला प्रशासन और एनएचएआई तत्काल संयुक्त कार्रवाई करें, अतिक्रमणकारियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो और इस ब्लैक स्पॉट को दोबारा सुरक्षित बनाया जाए ताकि जान-माल की रक्षा हो सके और हाईवे की मूल संरचना बनी रहे।

## हजारीबाग सेंट्रल जेल में नक्सली की संदिग्ध मौत

**हजारीबाग।** हजारीबाग जेल में एक मामला सामने आया है, जहाँ आत्मसमर्पण कर चुका एक पूर्व नक्सली संदिग्ध हालात में जेल के भीतर मृत पाया गया। यह घटना राज्य की सुरक्षा व्यवस्था और जेल प्रबंधन पर कई सवाल खड़े कर रही है। शनिवार सुबह हजारीबाग स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब जेल कर्मियों ने वार्ड डी में एक विचाराधीन बंदी का शव फांसी के फंदे से लटका पाया। मृतक की पहचान श्यामलाल देहरी उर्फ संतु देहरी उर्फ सोमालाल देहरी के रूप में हुई है, जो कभी झारखंड के कुख्यात नक्सलियों में गिना जाता था। श्यामलाल मूलतः दुमका जिले के काठीकुंड थाना क्षेत्र का निवासी था। उसने 24 जनवरी 2020 को झारखंड सरकार की सरेंडर नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया था। उसके साथ दो अन्य सब-जोनल नक्सली सदस्य राजेंद्र राय उर्फ गहना राय और रिमील दा उर्फ सोकुल दा ने भी आत्मसमर्पण किया था। उस वक्त तीनों ने हथियार डालते हुए सरकार के समक्ष पुनर्वास की उम्मीद जताई थी। सरेंडर के दौरान राजेंद्र और रिमील ने राइफलें, जबकि श्यामलाल ने पिस्टल जमा की थी। तीनों पर हत्या, लूट, रंगदारी और पुलिस पर हमले जैसे संगीन आरोपों में केस दर्ज थे। सरकार ने श्यामलाल पर 1 लाख और अन्य दो पर 5-5 लाख का इनाम घोषित कर रखा था। आत्मसमर्पण के बाद श्यामलाल को पहले दुमका केंद्रीय कारा में रखा गया था। लेकिन सुरक्षा कारणों से उसे 9 फरवरी 2021 को हजारीबाग केंद्रीय कारा स्थानांतरित कर दिया गया।

# लायंस क्लब ने शीतला मंदिर में किया भंडारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन कर लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 300 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता रहा है। मौके पर क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने बताया की लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष माला शर्मा, लायन विजयंत कुमार, लायन डॉ एमके मंजुल, लायन रेखा मंजुल, सूबेदार एचएन यादव, लायन दीनबंधु सिंह, लायन विजय वर्णवाल, एमजेएफ संजय जयसवाल, लायन निर्मल अग्रवाल व लायन अजय सिंह का विशेष योगदान रहा।

## बरही में अवैध वसूली से परेशान बस मालिकों ने एसपी से लगायी गुहार

**हजारीबाग/बरही।** एनएच-20 रांची-पटना मुख्य मार्ग पर बसों से अवैध वसूली को लेकर बिहार-झारखंड-बंगाल बस एसोसिएशन ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत दी है। शिकायत में एसोसिएशन के सचिव ईशान प्रकाश ने बताया कि बरही चौक स्थित रांची-पटना रोड पर हर दिन उनकी एसोसिएशन की बसों से जबरन 120 रुपये प्रति बस वसूले जा रहे हैं, जबकि सरकारी प्रावधान के अनुसार यदि कोई बस बस स्टैंड पर रुककर सवारी लेती है, तो अधिकतम 30 रुपये ही लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनकी बसें न तो बरही स्टैंड में रुकती हैं, न सवारी लेती हैं, इसके बावजूद ठेकेदार के लोग गाली-गलौज, धमकी और लाठी-डंडों के बल पर बस कर्मियों से अवैध वसूली करते हैं। विरोध करने पर बसें जलाने और शीशा तोड़ने तक की धमकी दी जाती है। ईशान प्रकाश ने चेतावनी दी कि अगर जल्द इस रंगदारी पर रोक नहीं लगाई गई, तो सभी बस संचालक आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि बस चालकों और स्टाफ को भयमुक्त माहौल में संचालन का मौका मिल सके। उन्होंने कहा कि बस संचालन से ही सैकड़ों लोगों की रोजी-रोटी जुड़ी है, लेकिन जबरन वसूली से सभी परेशान हैं। एसोसिएशन ने उम्मीद जताई है कि पुलिस प्रशासन उनकी समस्या को गंभीरता से लेगा और ठोस कार्रवाई करेगा। शिकायत करने वालो में शाकिल खान, पंकज कुमार, संजय कुमार, प्रदीप कुमार, विकाश कुमार, नीरज कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

# जुबिली कॉलेज का इंटर कॉमर्स में शानदार प्रदर्शन

## 85 प्रतिशत छात्र पास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



श्रेया, रोहित यादव व धीरज कुमार

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के विद्यार्थियों इंटरमीडिएट कॉमर्स 2025 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर प्रदर्शन कर अपने माता-पिता कॉलेज व कोयलांचल का का नाम रोशन किया है। इस बार कुल 85 प्रतिशत छात्रों ने सफलता प्राप्त की है, जिसमें प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या 19 रही जबकि द्वितीय श्रेणी में 9 छात्र सफल हुए। कॉलेज की श्रेया कुमारी ने 375 अंक प्राप्त कर कॉलेज की टॉपर छात्रा बनी है। वहीं रोहित कुमार यादव 372, धीरज कुमार 349, एलिना शाहीन 348 और कौशल कुमार ने 347 अंक प्राप्त कर कॉलेज के टॉप फाइव की सूची में शामिल हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य एके एस झा सहित महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। प्राचार्य ने कहा कि यह परिणाम छात्रों और शिक्षकों की मेहनत का प्रतिफल है।

### साइंस में 60 % छात्र सफल



अनिशा, धीरज राय व करण शर्मा

साइंस में 60 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं। जिसमें प्रथम श्रेणी से 33 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। जबकि द्वितीय श्रेणी से 24 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। कॉलेज की अनिशा रानी ने 428 अंक प्राप्त कर कॉलेज की टॉपर छात्रा बनी है। वहीं धीरज राय 416, करण शर्मा 372, प्रत्युश राठौर 366 और अदिति वर्मा ने 365 अंक प्राप्त कर कॉलेज के टॉप फाइव की सूची में शामिल हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य एके एस झा सहित महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। प्राचार्य ने कहा कि यह परिणाम छात्रों और शिक्षकों की मेहनत का प्रतिफल है।

### श्रमिक प्लस टू उच्च विद्यालय और महिला कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कुजू।** श्रमिक प्लस टू उच्च विद्यालय तोपा पिंडरा के छात्र-छात्राओं ने झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट विज्ञान व वाणिज्य संकाय परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस बीच प्रतिष्ठा सिंह 361 अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही। जबकि कमर फातिमा 322, शिखा कुमारी 322, यशवंत कुमार गंझू 320, अरसी परवीन 318, वसीम अंसारी 318, तृषा कुमारी 310, अभय लाल 301, दीपा कुमारी 285, सुशीला टुडू 274, सरोज करमाली 270 अंक लाकर विद्यालय टॉप 10 में शामिल हुए। विज्ञान संकाय में कुल 11 बच्चों ने भाग लिया था. जिसमें 8 प्रथम श्रेणी व 3 द्वितीय श्रेणी से सफल हुए। विज्ञान संकाय में इंटर महिला कॉलेज मुरपा कुजू के छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस दौरान अनुप्रिया बेदिया व अंतरा राज 379 अंको के साथ विद्यालय की टॉपर रही। वहीं अंशु कुमारी 359, रिया कुमारी 324, ज्योति कुमारी 300, तेजल मेहता 305, रंजना कुमारी 262 अंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया।

## एक नजर में

### चौपारण में नहीं रुक रही है शराब तस्करी



**चौपारण।** जगह वही, धंधा वही... बस तस्कर बदल गए! चौपारण में अवैध शराब का धंधा इस कदर जड़ें जमा चुका है कि अब प्रशासन की कार्रवाई भी सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई है। बृंदा गांव में पुलिस और गृहरक्षक बल ने संयुक्त छापेमारी में 8000 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया और 200 लीटर अवैध शराब जब्त की। शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण भी बरामद हुए, लेकिन धंधे के सरगना फिर से अंधेरे में गुम हो गए। इस कार्रवाई में चौपारण थाना के सुमितेश कुमार, सय्यद बेसिरुद्दीन, साधू चरण हेमब्रोम और अनूप कुमार सिंह शामिल थे। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब हर बार छापेमारी होती है, तो कारोबार दोबारा क्यों चालू हो जाता है? स्थानीय ग्रामीणों का साफ कहना है कि प्रशासन सिर्फ भट्ठियाँ तोड़कर अपनी पीठ थपथपा रहा है, असली तस्कर और उनके राजनीतिक संरक्षक आजाद घूम रहे हैं। लोग पूछ रहे हैं कि हर बार सिर्फ माल जब्त और शराब नष्ट करने से क्या बदलाव आएगा? चौपारण में अवैध शराब अब महज एक अपराध नहीं, बल्कि सामाजिक विनाश का कारण बन चुकी है। युवाओं का भविष्य, घरों की शांति और गांव की अस्मिता दांव पर है। एफआईआर की तैयारी और जांच की बातों से कुछ नहीं होगा, जब तक पूरे नेटवर्क पर सीधी और कठोर कार्रवाई नहीं होती। चौपारण की जनता अब सिर्फ कार्रवाई नहीं, नतीजे चाहती है।

### डीएसपी ने किया प्रवचन मंच का उद्घाटन

**बरही ।** प्रखंड के चलंगा गांव में आयोजित नौ दिवसीय महायज्ञ के तीसरे दिन डीएसपी अजीत कुमार विमल ने प्रवचन मंच का उद्घाटन किया। पूजा समिति ने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं से संस्कृति से जुड़ने, भागवत कथा सुनने और रामचरितमानस को जानने की अपील की। इस मौके पर पूजा समिति के सदस्य, पुजारी, भाजपा युवा नेता मुन्ना यादव और ज्ञानी पंडित सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

### बरही में तंबाकू निषेध दिवस पर रैली निकली




**बरही ।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर बरही अनुमंडलीय अस्पताल द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका नेतृत्व डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने किया। रैली अस्पताल से शुरू होकर बरही चौक तक गई और वापस अस्पताल में समाप्त हुई। इसमें सहिया दीदी और अस्पताल के दर्जनों कर्मचारी शामिल थे। डॉ. ज्ञानी ने कहा कि तंबाकू की लत लाखों लोगों को असमय मौत के मुंह में धकेल रही है। किशोरों में बढ़ती लत विशेष चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि समाज को मिलकर इस दिशा में ठोस पहल करनी होगी। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, रैली और शपथ ग्रहण जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। डॉ. प्रकाश ने कर्मियों को तंबाकू सेवन न करने, दूसरों को रोकने और तंबाकू मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई। बीपीएम नारायण राम, डॉ. अमन कुमार, महादेव राम, मो. शमशाद और शाहिद अली समेत अनेक सहिया दीदी इस अभियान में मौजूद रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट था—लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करना।

### बरही में 244 ग्रामीणों का हुआ परीक्षण



**बरही।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 29 मई की रात बरही अनुमंडलीय अस्पताल द्वारा ग्राम बरसोत चौक और उप स्वास्थ्य केंद्र जीतपुर में रात्रि रक्त सर्वेक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बरसोत पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी ने फीता काटकर व रक्त देकर किया। शिविर में मलेरिया पर्यवेक्षक मो. इरशाद आलम के नेतृत्व में टीम ने कार्य किया। मुखिया चौधरी ने ग्रामीणों को फाइलेरिया (हाथीपांव) की जानकारी देते हुए बताया कि यह मच्छर से फैलने वाली बीमारी है, जिसका प्रभाव हाथ, पैर, स्तन आदि अंगों पर पड़ता है और लंबे समय में लाइलाज हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी की पहचान बचपन में नहीं हो पाती, और इसके लक्षण 5 से 15 वर्षों में सामने आते हैं। हाइड्रोसील का इलाज संभव है, लेकिन अन्य अंगों में सूजन स्थायी हो सकती है। इस शिविर में 244 ग्रामीणों के रक्त नमूने लिए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विष्णु कुमार महतो, शाहिद अली, संतोष कुमार, माया देवी, यशोदा देवी सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय रही।


### बीडीजेजे इंटर कॉलेज का शानदार प्रदर्शन




**दारू।** इंटर साइंस और वाणिज्य 2025 के परीक्षा परिणाम में बीडीजेजे इंटर कॉलेज, बरही का प्रदर्शन सराहनीय रहा। साइंस स्ट्रीम में कुल 416 और कॉमर्स में 33 छात्रों ने परीक्षा दी, जिसमें साइंस का 95प्रतिशत और वाणिज्य का 100प्रतिशत परिणाम रहा। साइंस में नागेश्वर साव ने 448 अंकों के साथ कॉलेज टॉप किया, जबकि वाणिज्य में सोनम खातून ने 413 अंक हासिल कर टॉप किया। साइंस में प्रथम श्रेणी से 264 और द्वितीय श्रेणी से 100 छात्र उत्तीर्ण हुए। वहीं, वाणिज्य में 29 प्रथम श्रेणी व 4 द्वितीय श्रेणी से सफल रहे। साइंस में हर्ष राज (447), दशरथ कुमार (438), सबिता कुमारी (431) समेत अन्य छात्रों ने टॉप 10 में जगह बनाई। वाणिज्य में आशीष कुमार (411), लरबिया इमरान (395), आईसा प्रवीण (391) समेत अन्य टॉपर्स रहे। विद्यालय के प्राचार्य भुनेश्वर प्रसाद वर्मा समेत सभी शिक्षकों और स्टाफ ने सफल छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बर्बरता की अंतहीन कारनामा





**अन्नू अंबालिका**

हर साल देशभर से लगभग 80,000 से ज्यादा बच्चों के गायब होने का क्या मतलब है? राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के दिसंबर 2023 में जारी आंकड़े बताते हैं कि साल 2022 में 83,350 बच्चे गायब हुए, जिनमें 20,380 लड़के व 62,946 लड़कियां और 24 ट्रांसजेंडर थे। इनमें ज्यादातर तलाश भी लिए गये लेकिन 2781 बच्चे हमेशा हमेशा के लिए ओझल हो गये। जबकि इसके पहले एनसीआरबी ने जो डाटा 2022 में पेश किया था, उसमें लापता हुए बच्चों की संख्या 76,069 थी। मतलब साफ है कि अगले एक साल में लापता हुए बच्चों की संख्या में तकरीबन 6000 की बढ़ोतरी हो गई। जबकि 2021 में गायब होने वाले बच्चों की संख्या सिर्फ 33,650 थी। इन आंकड़ों से पता चलता है कि बच्चों के गायब होने की संख्या में भारी बढ़ोतरी हो रही है।

### उपलब्ध आंकड़ों से कहीं ज्यादा बच्चे गायब

सवाल है एक तरफ जहां बच्चों की सुरक्षा के लिए हर साल नई से नई बातें कही जाती हैं, कसमें खायी जाती हैं और आधुनिक से आधुनिक उपकरण लगाकार सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। फिर भी मासूमों के गायब होने के सिलसिले में जरा भी कमी आने की बजाय बढ़ोतरी क्यों रही है? अगर इस मामले में हम एनसीआरबी के आंकड़ों की जगह उन गैरसरकारी संस्थाओं पर यकीन करें, जो बच्चों के लापता होने की समस्या में काम करती हैं, तो बच्चों के गायब होने की वास्तविक संख्या इससे ज्यादा है। इनके मुताबिक तो हर साल 80-85 हजार नहीं बल्कि कई लाख बच्चे गायब हो रहे हैं। यही वजह है कि आज देश में हर एक मिनट में कम से कम दो बच्चे गायब हो रहे हैं। घर से बिछुड़कर आखिर ये मासूम कहां चले जाते हैं? क्योंकि जो बच्चे अगले एक महीने तक नहीं मिलते, घरों से गायब होने वाले ऐसे बच्चों के घर वापस न आने की आशंका करीब सौ फीसदी हो जाती है।

### सुराग नहीं मिलने पर सवाल

जो बच्चे गायब होने के बाद मिल जाते हैं, उनके बारे में तो हम थोड़ा-बहुत जानते भी होते हैं कि इन्हें कौन और कैसे बहला-फुसलाकर ले गया था। लेकिन जो बच्चे कभी लौटकर आये ही नहीं, उनके बारे में मां-बाप कुछ भी नहीं जानते। संचार के साधनों के बावजूद एक-डेढ़ फीसदी बच्चे गायब होने के बाद कभी वापस नहीं आते। हालांकि अपराधियों की धड़पकड़ में हाल के सालों में इजाफा हुआ है। पुलिस के पास आज पहले के मुकाबले जांच पड़ताल के बेहतर संसाधन हैं, इसके बाद भी गायब बच्चों की एक तय संख्या लौटकर घर नहीं आती, तो आखिर उनका होता क्या है? उनका कोई सुराग क्यों नहीं मिलता?

### रिपोर्ट ही नहीं लिखी जाती

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ऑफ इंडिया के डाटा विश्लेषण के मुताबिक हर दिन हजारों की संख्या में गायब होने वाले बच्चों में से बहुत मामूली संख्या में ही बच्चे लौटकर आ पाते हैं। सैकड़ों बच्चों की तो रिपोर्ट ही नहीं लिखी जाती, उनके मां-बाप द्वारा कोशिश किये जाने पर पुलिस उन्हें डांटकर थाने से भगा देती है। जिन बच्चों को निठारी कांड में क्रूरता की बलि चढ़ा दिया गया था, उनके मां-बाप ने पुलिस से उनके लापता होने की शिकायतें की थीं, लेकिन पुलिस ने कोई ध्यान ही नहीं दिया।

**अपराध के शिकार होने की आशंका**

वास्तव में जो बच्चे कभी भी वापस घर नहीं आ पाते, वो अपराधियों के चंगुल में फंस जाते हैं। गायब होने वाली लड़कियों के साथ अकसर रेप जैसी घिनौनी वारदातें होती हैं और ज्यादातर को मार दिया जाता है। अगर इंटरनेशनल क्राइम पर नजर रखने वाले पत्रकारों की रिपोर्टें देखें तो पता चलता है कि ऐसे सैकड़ों बच्चों के अंगों की तस्करी होती है। सफेदपोश संगठन इन बच्चों के अंगों को अकसर चुपचाप निकाल लेते हैं।

बच्चे आतंकवाद का भी सबसे आसान हथियार बन जाते हैं। कुछ साल पहले आयी यूएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के सत्ता विरोधी सशस्त्र संगठनों ने बच्चों को अपने संघर्षों में हिस्सेदार बना दिया है। आज की दुनिया में बच्चों की मासूमियत के लिए जगह नहीं बची। शायद इसीलिए बच्चों के खोने की आपराधिक घटनाओं में तमाम सरकारी, गैर सरकारी प्रयासों के बावजूद कमी नहीं आ रही बल्कि खोने वालों बच्चों की तादाद लगातार बढ़ रही है। अब वक्त आ गया है, लोग घरों से निकल सड़क पर भी नजर रखें और गायब हो रहे बच्चों की खोज खबर लें।

# घरेलू सहायकों से कैसा हो आपका व्यवहार



**अलका सोनी**

**घर** में कोई समारोह हो या रोजमर्रा के काम- उसे अच्छी तरह से निपटाने में हमारे ह्यहेल्पिंग हैंडह्ल की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। उन्हें आते हुए देखकर आपके चेहरे पर सुकून आ जाता है और अगर किसी दिन वे न आएं तो उनकी वैल्यू का पता चलता है। जब आपका पूरा घर बिखरा हुआ दिखता है। आप कामों से घिरी हुई खुद को पाती हैं। ये दरअसल हमारे घरेलू कार्यों में सहायक हैं जो हमारा ध्यान रखते हैं। इसलिए इनका ध्यान रखना हमारी भी जिम्मेदारी है।

कोई एक व्यक्ति होता है जो हमारे घर के कामों में हमारी मां, पिताजी और सबकी मदद करता है। कोरोना आपदा ने जहां हर इंसान को घर का काम करने की प्रेरणा दी थी वहीं हमें घरेलू कामगारों की अहमियत भी समझाई थी। जब उनके बिना जीवन मुश्किल हो गया था। तब हमारा सारा समय कामों को निपटाने में ही बीत जाता था। इसलिए यह सामाजिक और नैतिक दृष्टि से भी सही है कि उनके साथ हमारे रिश्ते अच्छे हों।

कुछ बातें जो आपके और घरेलू सहायक के रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए जरूरी हैं :-

### सद्व्यवहार की दरकार

अपने घरेलू सहायक या सहायिका से तेज आवाज में बात करने की बजाय धीमी आवाज में बात करें। काम के दौरान अगर उनसे कोई भूल हो जाए, तो बजाय उसी समय या सबके सामने जोर से डांटने के, उन्हें अलग ले जाकर शांति से बात करें। इससे उनकी नजर में आपके प्रति सम्मान बढ़ेगा। आप उनके मान का ख्याल रखेंगे, तो वे भी आपका मान करेंगे। आप उन्हें कभी आराम से उस गलती के दोहराव न होने की बात कह सकते हैं।

### घर के कायदों की जानकारी दें

अगर आप किसी नए सहायक को रख रहे हैं तो उसे रखने के पूर्व अपने काम व घर के तौर-तरीकों के बारे में और उसके साथ ही कार्यों की सीमाएं भी जरूर बताएं। घर का अनुशासन यदि उसको पता होगा तो वो उसी तरीके से काम करेगा। लेकिन उनके बार-बार लापरवाही करने, बेअदबी करने जैसी गलतियों को नजरअंदाज भी न करें। उनके साथ स्वस्थ रिश्ते के लिए जहां आपका बेहद सख्त होना गलत है, वहीं बेहद नर्म होना भी मुश्किल में डाल सकता है।

### सावधानी में ही समझदारी भी

आज के दौर में सहायकों को लेकर कई ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं कि सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण सवाल है। अपनों की सुरक्षा के लिए सहायक रखने की सूचना संबन्धित पुलिस थाने में अवश्य दें एवं उसको भी यह बात स्पष्ट बता दें। साथ ही जहां तक संभव हो उनके सामने अपने गहनों और पैसों का जिक्र या प्रदर्शन न करें। आप कब और कहां जा रहे हैं,उसकी जानकारी भी सीमित रखें उनसे। ध्यान रहे कि अपनी जानकारी उतनी ही दी जाए जितनी आवश्यक है क्योंकि नए व्यक्ति को पहले परखा जाए, फिर उस पर विश्वास करना चाहिए।

### तहकीकात के फायदे

आप जब भी किसी को अपने घर काम पर रखें यह ध्यान रखें कि आपको उनके परिवार के बारे में पूरी जानकारी हो। इसके दो फायदे हैं, एक तो यह कि उसको भी अपनापन महसूस होगा कि कोई उसके परिवार के बारे में भी जानना चाहता है और दूसरा ये कि तहकीकात के दौरान आपको उसका पिछला रिकॉर्ड भी पता चल जाएगा। साथ ही उसका अपने परिवार के प्रति व्यवहार देख कर भी आप ये तय कर पाएंगे कि वह दूसरे लोगों के प्रति कैसे व्यवहार कर सकता है।

### आवश्यक सुविधाएं

आपके घर जो भी काम करने आते हों, उनकी मूलभूत आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखें। जैसे घर में बैठने या आराम करने का कोई स्थान, वहां बिजली की सुविधा, पानी, उसके स्वयं के लिए कुछ वक़्त आदि जरूर दें ताकि उसपर अभाव का प्रभाव न पड़े। सुविधाओं का समय-समय पर आप निरीक्षण भी करते रहें। ऐसा करने से एक-दूसरे के प्रति सजगता बढ़ेगी। उनके जन्मदिन का ध्यान रखें। अगर कभी वो छुट्टी मांगें, तो मना न करें और हो सके तो कोई तोहफा दें।

### कुछ बातें पहले करें तय

घरेलू सहायक रखते समय हम जिस तरह उनके पूर्व कामों या घरों के अते-पते की जानकारी लेते हैं, वैसी ही तसल्ली उन्हें भी चाहिए होती है। उन्हें काम समझाते समय ही अवकाश, वेतन के दिन, घर के लोगों के परिचय आदि के बारे में स्पष्ट बता दें। क्या वेतन वृद्धि देंगे, अतिरिक्त काम का अलग से भुगतान करेंगे व वार-त्योहार में छुट्टियों की कैसी व्यवस्था रखेंगे, इस बारे में भी अगर कोई आश्वस्ति दे सकेंगे, तो कामगार काम की इज्जत करेंगे।

इनके अलावा भी अगर कुछ चीजों का ख्याल रखें तो बेहतर है। जैसे किसी महिला सहायक के घर में काम करते समय घर के पुरुषों को शालीन वस्त्र पहनने को कहें। उनके खाने-पीने के लिए बर्तन सही हों। अगर वे आपके घरेलू मामलों में बोलें, तो उनको झिड़कने की बजाय, शांति से समझायें। घरेलू सहायक को इतना भरोसा होना चाहिए कि किसी भी समस्या के होने पर वे आपसे बात कर सकते हैं। याद रखें कि आपके ह्यहेल्पिंग हैंडह्ल आपके घर काम करने आते हैं लेकिन वे भी मानवीय बर्ताव व सम्मान के हकदार हैं।

# बेटियों की सुरक्षा अब किसके भरोसे,हैवानियत की सजा मौत ही हो

**रानी राज**



महिलाओ के साथ दुष्कर्म व हत्या के विरोध में युवतियों का गुस्सा बढता जा रहा है। उनका कहना है कि दुष्र्किमयों को मौत की सजा देने के साथ ही बेटियों को मजबूत बनाया जाना चाहिए। यह भी कहा गया कि बेटे और बेटी में फर्क करना बंद किया जाय।

कल्पना जादौन ने कहा कि आखिर कब तक ऐसा होता रहेगा। बचपन से ही लड़की को कमजोर माना जाता है। वह अकेले जाएंगी तो सुरक्षित नहीं हैं। मगर वह कमजोर नहीं हैं। अगर इन घटनाओं पर रोक नहीं लगी तो दुनिया में आने से पहले बेटियों को गर्भ में ही मार दिया जाए। गंदे हाथ तो बेटियों को नहीं छू सकेंगे।



शालिनी ने कहा कि परिवार में बेटा-बेटी में फर्क समझा जाता है। यह सोच खत्म होनी चाहिए। युगांशी ने कहा कि बचपन से ही अभिभावक बेटा-बेटी में अंतर समझते हैं। बालिका को मजबूत बनाने की जरूरत है। अंबिका पाल ने कहा कि सरकार को कठोर कानून बनाना चाहिए। खाड़ी देशों में दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया जाता है। पुलिस को हेल्मेट न लगाने पर चालान के रूप में रुपये मिलते हैं, लेकिन दोषियों को सजा दिलाने में रुपये नहीं मिलेंगे, तभी तो हमारे देश में दोषियों को जेल में रखा जाता है। अंकिता दीक्षित ने कहा कि दुष्कर्मी को फौरन सजा मिलनी चाहिए। सऊदीअरब से सबक लिया जा सकता है। दुष्कर्म के मामले में कठोर सजा का प्रावधान हो। कंचन राघव ने कहा कि महिलाओं को एक होना होगा। सोशल मीडिया पर अफसोस जताने से कुछ नहीं होने वाला है। हैवानों को सबक सिखाने का वक्त आ गया है।

शुभी शर्मा ने कहा कि बालिका हो या युवती, इन दरिंदों से नहीं बच पा रही हैं। सरकार की उदासीनता का फायदा दुष्कर्मी उठा रहे हैं। अंबिका चौहान ने कहा कि सरकार ऐसा कानून बनाए, जो लोगों में खौफ पैदा करे। स्कूल में नैतिक शिक्षा की पढाई होनी चाहिए। सेल्फ डिफेंस की ट्रेंनिग दी जाए। दुष्कर्मी को कड़ी सजा मिले। अगर वह मौत मांगे तो मौत न दी जाए बल्कि लगातार उसे तकलीफ देनी चाहिए।

# अपनी क्षमता को लेकर शंका



**प्रशांत झा**

**अगर** आपको अपना कैरियर चमकाना है और निरंतर तरक्की करनी है अपनी एफिशिएंसी के प्रति आशंकित रहने की आदत छोड़ दें। कम्फर्ट जोन से बाहर आएं और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियां आगे बढ़कर स्वीकार करें। अपनी कार्यक्षमता के प्रति सशंकित रहने वाले स्कूल के बैक बेंचर्स जैसे होते हैं। बॉस जब भी कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देना चाहते हैं तो घबराकर बहाने बनाते हैं। ऐसे लोग पूरी जिंदगी एक सामान्य कर्मचारी के रूप में ही काट देते हैं और कभी टीम लीडर नहीं बन पाते।

### बिना प्लानिंग काम करना

याद रखें, किसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समुचित योजना बनानी जरूरी होती है, मार्ग में आने वाली मुश्किलों का पूवार्नुमान लगाना होता है। कोई अड़चन आने पर कौन सी योजना पर काम करेंगे यह तैयारी रखनी होती है। प्रोफेशनल लाइफ में आगे बढ़ने के लिए ब्लूप्रिंट बनाएं और उसमें परिस्थितियों के मुताबिक बदलाव करते रहें।

ये आदतें भी कैरियर की दुश्मन

* किसी से सलाह लिए बिना बड़े और महत्वपूर्ण निर्णय लेना।

कोई भी निर्णय अकेले लेने पर उसमें खामियां रह जाने की गुंजाइश होती है।

इससे आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है।

बॉस से टेढ़ी भाषा में बात करना या कड़क ईमेल से नाराजगी जताना।

ड्रेसिंग सैंस न होना। लटकी हुई शर्ट, गंदी जुराब, बिना पॉलिश के जूते व बढ़ी हुई दाढ़ी लेकर ऑफिस पहुंच जाना।

ऑफिस में बॉस के लिए अंटशंट बोलना, गाली-गलौज वाली सड़क छाप भाषा का इस्तेमाल करना।

निश्चित तौर पर सफलता आपके व्यवहार हर दिन अपने गुणवत्ता को बढ़ाने की जरूरत और समझ पर निर्भर करता है। धर्य और मुश्किल में सहज रहना आपके लिए अनिवार्य शर्त है।

# खत्म हो रही है बच्चों की मासूमियत चुप है समाज



**-क्षमा शर्मा**

इंडोनेशिया के क्यूरी बारोह गांव में बहुत से साइबर कैफे को कहा गया है कि वे सस्ती दरों पर उपलब्ध अपनी वाई-फाई सेवाओं को तत्काल प्रभाव से बंद कर दें, क्योंकि इस कारण बड़ी संख्या में बच्चे पोर्न और वे साइट्स देख रहे हैं, जो उनके लिए बेहद हानिकारक हैं। यह सिर्फ इंडोनेशिया की बात नहीं है। स्कूलों में अध्यापकों से बात करें, तो पता चलता है कि इन दिनों उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि बच्चे पोर्न खूब देख रहे हैं। लगातार आती खबरों पर गौर करें, तो पता चलता है कि छोटी उम्र के बच्चे दुष्कर्म जैसे अपराध कर रहे हैं। उन्हें इसकी गंभीरता के बारे में पता नहीं है। वे तो वह कर रहे हैं, जो वे देख रहे हैं।

भारत सरकार ने हाल ही में ऐसी बहुत-सी साइट्स पर रोक लगाई है, जिनमें बच्चों के साथ होते बलात्कार या दूसरे अपराध दिखाए जाते हैं। ऐसी साइट्स तक मौजूद हैं, जो दुष्कर्म को एक आनंददायक घटना की तरह पेश करती हैं। और इनके दो-दो लाख से ज्यादा सदस्य बताए जाते हैं। इसके अलावा बाल वेश्यावृत्ति या चाइल्ड सेक्स संबंधी साइट्स भी बड़ी संख्या में उपलब्ध हैं। जब भी इन पर रोक की बात होती है, तो कुछ लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हवाला देकर शोर मचाने लगते हैं। लेकिन अभिव्यक्ति का यह मतलब नहीं है कि समाज में अच्छे-बुरे की पहचान भुला दी जाए। बच्चों के दिमाग में बालपन से ही सेक्स से जुड़ी बातें दिखाना और लड़कियों-महिलाओं को सेक्स की वस्तु की तरह पेश करना बेहद घातक है। यह किसी भी समाज के लिए अच्छा नहीं है, चाहे वह पश्चिम का समाज हो या हमारा समाज।

तकनीक को बच्चों के लिए भगवान की तरह पेश किया जाता रहा है। कहा जाता रहा है कि अगर बच्चा टेक्नो सेवी या तकनीक में पारंगत है, तो उसकी सारी समस्याएं आनन-फानन में हल हो सकती हैं। दुनिया के दरवाजे उसके लिए खुल जाते हैं। पर बहुत बार खुले दरवाजे तमाम तरह के अपराधों को भी निमंत्रित करते हैं। साइबर स्पेस ऐसा ही दरवाजा है, जिसके दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं।

खास तौर से बच्चों के हाथों में अगर हमेशा लैपटॉप, टैबलेट या मोबाइल रहता है, तो उसका असर पड़ता है। इससे बच्चे चिड़चिड़े और हिंसक हो रहे हैं। वे मामूली बातों पर बदला लेने को तैयार हो रहे हैं। इसका हल यह बताया जाता है कि माता-पिता और अध्यापकों को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि बच्चे क्या देख रहे हैं, वे क्या कर रहे हैं। मगर क्या चौबीसों घंटे बच्चों पर नजर रखना संभव है? फिर ज्ञान की एक उम्र भी होती है। अगर पांच साल के बच्चे को पचास साल के व्यक्ति का ज्ञान यों ही मिल जाए, तो उसका क्या होगा!समय और उम्र के साथ हमें अपने आप ही बहुत-सी बातों का पता चल जाता है। सेक्स से जुड़ी बातों को जानने की भी इसीलिए एक खास उम्र निर्धारित की गई है। लेकिन तकनीक इन दिनों बच्चों को समय से पहले वह सब कुछ सिखा रही है, जो उनके लिए ठीक नहीं है। इससे बच्चों की मासूमियत खत्म हो रही है।

# फेरोक्रोम उद्योग में भारत की पहली वेस्ट हीट रिकवरी प्रोजेक्ट लागू करेगी टाटा स्टील


- ओडिशा में परियोजना के लिए कॉमफिट एनरसैव और यंत्र हार्वेस्ट के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**भुवनेश्वर/जमशेदपुर।** भारत के फेरोक्रोम उद्योग में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए, टाटा स्टील ओडिशा के कटक जिले स्थित अपने फेरो एलॉय संयंत्र, अथागढ़ में वेस्ट हीट रिकवरी (डब्ल्यूएचआर) परियोजना की शुरूआत करने जा रही है। कंपनी ने शुक्रवार को इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए हीट और एनर्जी रिकवरी समाधानों की अग्रणी प्रदाता कॉमफिट एनरसैव प्राइवेट लिमिटेड और ऊर्जा संरक्षण समाधान क्षेत्र की प्रमुख कंपनी यंत्र हार्वेस्ट के साथ एक सहमतिपत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

टाटा स्टील के फेरो एलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के तहत संचालित अथागढ़ संयंत्र को इस रणनीतिक सहयोग से महत्वपूर्ण लाभ होने की संभावना है। इस पहल का उद्देश्य ऊर्जा दक्षता को बढ़ाना और सतत औद्योगिक अभ्यासों को प्रोत्साहित करना है।

एमओयू के अनुसार, कॉमफिट एनरसैव और यंत्र हार्वेस्ट संयंत्र में संयुक्त रूप से वेस्ट हीट रिकवरी प्रणाली का डिजाइन और कार्यान्वयन करेंगे। यह समझौता पंकज सतीजा, एक्जीक्यूटिव इंचार्ज, एफएएमडी, टाटा स्टील; गणेश भट, तकनीकी निदेशक कॉमफिट एनरसैव; और गौरांग भट्ट, तकनीकी निदेशक यंत्र हार्वेस्ट द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। इस अवसर पर पंकज सतीजा ने कहा, हम सभी ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, जल और जैव विविधता के बीच के गहरे संबंध से भली-भांति परिचित हैं। इस हीट इंटीग्रेशन प्रक्रिया के माध्यम से हम उस ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं, जो सामान्यतः वातावरण में व्यर्थ चली जाती। यह साझेदारी हमारे सतत संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो $CO_2$ उत्सर्जन में कमी, ऊर्जा दक्षता में वृद्धि और ऊर्जा लागत में कमी लाएगी। हमें पूरा विश्वास है कि यह सहयोग औद्योगिक ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगा।



एफएएमडी के एग्जूक्टिव इंचार्ज पंकज सतीजा के को एमओयू दस्तावेज सौंपते कॉमफिट एनरसैव के निदेशक व अन्य पदाधिकारी।

यह नवाचारी परियोजना फर्नेस में स्मेल्टिंग ऑपरेशन प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होने वाली टॉप वेस्ट गैस से गर्मी को संग्रहित करने पर केंद्रित है। इस पुनः प्राप्त हीट का उपयोग क्रोम ओर फाइन्स को सुखाने के लिए किया जाएगा, जिससे वर्तमान में फर्नेस ऑयल पर होने वाली निर्भरता समाप्त हो जाएगी। इस परिवर्तन से प्रतिवर्ष लगभग 3 करोड़ की लागत बचत होने की संभावना है।

यह परियोजना एनर्जी सेविंग्स कंपनीज (ईएससीओ) मॉडल के तहत, बिल्ड-ओन-ऑपरेट (बीओओ) फ्रेमवर्क के अनुसार लागू की जाएगी। इस मॉडल में परियोजना की लागत उस हीट एनर्जी के वैल्यू से रिकवर की जाएगी, जिसे संग्रहित कर प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाएगा, जिससे एक पारदर्शी और प्रदर्शन-आधारित भुगतान व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

यह पहल टाटा स्टील की जिम्मेदार निर्माण प्रक्रिया में नेतृत्व को मजबूत करती है और भारतीय फेरोक्रोम क्षेत्र में ऊर्जा नवाचार के लिए एक नया उदाहरण स्थापित करती है। कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों में बी.डी. नन्दा, चीफ (ऑपरेशंस झ फेरो एलॉयज प्लांट्स), नताशा झा, हेड (प्रोजेक्ट्स, टेक्नोलॉजी और इम्प्रूवमेंट), सरबेस्वर नायक, हेड, फेरो एलॉयज प्लांट, अथागढ़, एफएएमडी, टाटा स्टील, जितेंद्र जैन, प्रबंध निदेशक, कॉमफिट एनरसैव और आलोक झा, रीजनल सेल्स मैनेजर, यंत्र हार्वेस्ट, समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह में उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### डीसी ऑफिस में दी गयी कर्मियों को विदाई

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार में आयोजित एक समारोह में सेवानिवृत्त होने वाले तीन कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गयी। मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को उनके उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए सराहना की और उनके दीर्घायु, सुखद, स्वस्थ एवं सक्रिय सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों में सुषमा देवी, अनुसेवी सुचांद दास गोस्वामी, चालक लक्ष्मण राम मांझी शामिल हैं।

### सर्वोदय समिति ने किया उपायुक्त का अभिनंदन

**जमशेदपुर।** शनिवार को जमशेदपुर सर्वोदय समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा जमशेदपुर स्थित उपायुक्त कार्यालय में पूर्वी सिंहभूम जिले के नव पद स्थापित उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी (भा. प्र .से ) का अभिनंदन किया गया। सर्वोदय समिति के अध्यक्ष रियाजुद्दीन खान, महासचिव मनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष नंदलाल सिंह, सक्रिय सदस्य अनूप सिंह, राजकुमार आदि ने उपायुक्त महोदय से भेंट कर उन्हें फूल और गुलदस्ता देखकर उनका स्वागत किया।

### चांडिल में 1.10 करोड़ से बनेंगे दो उप स्वास्थ्य केंद्र

**चांडिल।** शहरबेड़ा एवं चिलगु में जिला परिषद मद से एक करोड़ दस लाख की लागत से बनने वाले दो उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कार्य ईंचागढ के विधायक सबिता महतो, जिप अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो एवं चांडिल के जिला पार्षद सदस्य पिंकी लायेक ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। मौके पर ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो, बिदु मुर्मू, माधवी सिंह सरदार, रविन्द्रनाथ तंतुबाई व कई लोग उपस्थित थे।

### ईचागढ़ सीएचसी में मना विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**चांडिल।** शनिवार 31 मई को ईंचागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। जिसमें स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मचारियों ने तंबाकू का न सेवन करेंगे और सभी को तम्बाकू का सेवन करने का प्रोत्साहन करेंगे का संकल्प लिया। एक अनुमान के मुताबिक हर रोज करीब 35 सौ लोग तम्बाकू के सेवन से मौत हो रही है। मौके पर डॉ निलम भुषण, डॉ रवि सिंह, रौशन झा, सुनिल महतो, पुनम कुमारी, लक्ष्मण साव, विष्णु मांझी, जगन्नाथ चटर्जी थे।

### झारखंड हॉकी ने अपने द्रोणाचार्य प्रतिमा बरवा को खो दिया : नंदजी

**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी नंदजी प्रसाद ने महिला हॉकी कोच प्रतिमा बरवा की निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि झारखंड में महिला हॉकी ने अपने द्रोणाचार्य को खो दिया है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में असंभव है महिला हॉकी कोच प्रतिमा बरवा ने द्रोणाचार्य का भूमिका निभाते हुए झारखंड में कई महिला हॉकी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिससे खिलाड़ियों के साथ-साथ झारखंड भी गौरवान्वित हुआ है हॉकी को बढ़ाने में काफी संघर्ष करके झारखंड हॉकी को एक नया आयाम दिया है।

### उवि गम्हरिया के 23 विद्यार्थी को प्रथम श्रेणी

**गम्हरिया।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा घोषित 12वीं साइंस और कॉमर्स की परीक्षा में प्लस टू राज्य संपोषित उच्च विद्यालय गम्हरिया का परिणाम बेहतर रहा। 12वीं की परीक्षा में इस विद्यालय से कुल 44 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए थे जिसमें 23 बच्चे प्रथम और 10 बच्चे द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण घोषित किए गए। इसमें 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर भूमि कुमारी महतो विद्यालय टॉपर रही जबकि 73.2 प्रतिशत अंक लाकर खुशबू कुमारी व साहिल महतो द्वितीय व 70.2 प्रतिशत अंक लाकर पुष्पा कुमारी तृतीय विद्यालय टॉपर रही। इसी प्रकार, 12वीं कॉमर्स की परीक्षा में कुल 71 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे जिसमें 60 बच्चे प्रथम और 11 बच्चे द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसमें 84.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पिंकी कुमारी विद्यालय टॉपर बनी जबकि 79.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

# 10 को होगा जुस्को श्रमिक यूनियन का चुनाव
# रघुनाथ पांडेय समेत 71 ने खरीदा नामांकन पत्र

### सोमवार को दाखिल होंगे नामांकन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआइएसएल की मान्यता प्राप्त जुस्को श्रमिक यूनियन के चुनाव के लिए आज अध्यक्ष पद पर रघुनाथ पांडेय, समेत कुल 71 लोगों ने विभिन्न पदों एवं कमेटी मेंबर का चुनाव लड़ने के लिए बिष्टुपुर यूनियन कार्यालय में लाइन लग कर नामांकन पत्र खरीदा। सोमवार दो जून को नामांकन दाखिल किये जायेंगे जबकि इच्छुक उम्मीदवार 4 जून को नामांकन वापस ले सकेंगे जबकि चुनाव 10 जून को गुप्त मतदान से होगा और इसके लिए सुबह 7 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक वोट डाले जायेंगे।


यूनियन कार्यालय की खिड़की पर लाइन लग कर नामांकन पत्र खरीदते निवर्तमान अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय।

आज अध्यक्ष पद के लिए नामांकन खरीदने वालों में निवर्तमान अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय के अलावा परमानंद सिंह, चंद्रशेखर भूमिज और राजेश कुमार ने नामांकन दाखिल किए। कार्यकारी अध्यक्ष पद के लिए गोविंद झा व अमरनाथ तिवारी ने नामांकन खरीदा है जबकि डिप्टी प्रेसिडेंट पद के लिए मनीष कुमार दुबे,रविकांत शुक्ला और सुरेश मुखी ने नामांकन पत्र खरीदा है। उपाध्यक्ष पद के लिए ग्यारह लोगों ने नामांकन पत्र खरीदने वालों में संतोष कुमार, बसंत बिरुआ, जीतेंद्र सुहानी, मनोज पांडेय, विजय गोप, पिंटु शर्मा, मुन्ना मुखी,ए तुलसी राव, दिनेश महतो, सूर्य प्रकाश और अखिलेश कुमार राय शामिल हैं। महासचिव पद के लिए तीन लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा है जिसमें विनय कुमार, गोपाल प्रसाद जायसवाल व सीडीएस कृष्णन शामिल हैं। सह सचिव पद के लिए बुलबुल कुमार सिंह, कुमार कौशिक, संजु महतो, अवधकिशोर सिंह व संजय लालू ने नामांकन पत्र खरीदा है जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए नेहा उपाध्याय,कमलेश कुमार सिंह, बिजय बहादुर सिंह और तुफान कुमार मिश्रा ने नामांकन पत्र खरीदा है।

चुनाव पदाधिकारी सीएस झा के साथ चुनाव समितिके सदस्य सरोज पांडेय और अश्विनी मथान ने यह जानकारी दी है।

**कमेटी मेंबर के लिए इन्होंने खरीदा नामांकन पत्र :** चुनाव क्षेत्र टीएसयू एंड एसएसयू-1 से रंजीत कुमार, सतीश कुमार और सन्नी कुमार शर्मा,धनंजय कुमार मुखी और प्रवीण कुमार ने नामांकन पत्र खरीदा है। चुनाव क्षेत्र-2 में शंकर दयाल सिंह और राजू गोराई चुनाव क्षेत्र-3 के लिए सूरज सिंह ने सिर्फ नामांकन पत्र खरीदा है। चुनाव क्षेत्र-4 के लिए अखिलेश कुमार, राजेश शर्मा, अमित सरकार, विजय शंकर दूबे,मिश्री माझी, अर्जुन लाल, प्रसेनजीत दास और अखिलेश कुमार ने , चुनाव क्षेत्र-5 के लिए सीएच गोबिंद रंजन, शैलेश कुमार, हृदय कुमार घोष, चुनाव क्षेत्र-6 के लिए अजीत कुमार मिश्रा,सुमेंदु सौरभ,मंटु महतो, आशुतोष आनंद, देवेंद्र कुमार सिंह,अब्दुल खलिख, महाबीर प्रसाद व बिपुल कुमार ने नामांकन पत्र खरीदा है। चुनाव क्षेत्र-7 से एकमात्र नामांकन सुनील चौबे ने खरीदा है। चुनाव क्षेत्र -8 से जीतेंद्र कुमार ने नामांकन पत्र खरीदा है जबकि चुनाव क्षेत्र-9 से धीरज कुमार,अमित कुमार सिंह और अतीन्द्रनाथ गांगुली ने व चुनाव क्षेत्र-10 से राजकुमार यादव,राकेश बहादुर,गुरुचरण महतो ने नामांकन पत्र खरीदा है। चुनाव क्षेत्र-11 से ऋषभ कुमार, संत प्रकाश और शरद पाल।

## विरोध व भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यूसिल अधिग्रहित भूमि का सीमांकन

- आशा उरांव ने यूसिल द्वारा अधिग्रहित जमीन के बदले रोजगार नहीं देने का लगाया आरोप
- हक मांगने पर यूसिल ने उसके खिलाफ 18 मामले दर्ज कराई है : आशा उरांव
- यूसिल की अधिग्रहित जमीन आशा उरांव की नहीं : अंचल निरीक्षक

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**जादूगोड़ा।** विरोध व भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यूसिल अधिग्रहित भूमि का शनिवार को मुसाबनी अंचल निरीक्षक शरद चंद्र बेरा की अगुवाई में जादूगोड़ा यूसिल अस्पताल से बाजार गेट तक सीमांकन किया गया। इधर अपनी जमीन के बदले नौकरी को लेकर संघर्ष कर रही आदिवासी महिला



आशा उरांव ने यूसिल द्वारा अधिग्रहित जमीन के बदले रोजगार नहीं देने का लगाया आरोप तथा कहा कि यूसिल ने 30 डिसमिल जमीन कब्जा कर रखा है। जिसके बदले में उसे न तो रोजगार मिला व नहीं ही नौकरी। बदले में कंपनी के अपर प्रंबधक एम के साहू ने उसके खिलाफ एसडीओ कोर्ट में सरकारी काम में बाधा डालने समेत 107 के कुल 18 मामले दर्ज करायी है। जबकि जमीन के बदले हक की लड़ाई लड़ रही हूं।

## नवल टाटा हॉकी अकादमी ने मनाया 8-दिवसीय ग्रासरूट्स हॉकी फेस्टिवल का समापन समारोह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए), जमशेदपुर ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ ईस्ट सिंहभूम के तत्वावधान में आयोजित बहुप्रतीक्षित ग्रासरूट्स हॉकी फेस्टिवल 2025 का सफल समापन किया। इस 8 दिवसीय उत्सव का समापन एक रंगारंग और उत्साहपूर्ण समारोह के साथ अकादमी परिसर में हुआ। इस आयोजन ने न केवल जमीनी स्तर के खेलों की भावना का जश्न मनाया, बल्कि उन सभी युवा खिलाड़ियों, कोचों, स्वयंसेवकों और समर्थकों के समर्पण और जुनून को भी सलाम किया, जिन्होंने इस समारोह को एक यादगार और प्रेरणादायी सफलता में बदल दिया। इस समारोह ने पटमदा, पोखरी, बिरसा नगर और परसुडीह की चार उत्साही टीमों को एक साथ लाकर उभरते हुए हॉकी प्रतिभाओं को अपनी कौशलता दिखाने और खेल के प्रति अपने जुनून को जगाने का एक शानदार मंच




प्रदान किया। पुरस्कार वितरण के दौरान, टीम पोखरी ने पूरे टूर्नामेंट में दबदबा बनाए रखते हुए चैंपियन का खिताब जीता। टीम पटमदा ने प्रथम उपविजेता स्थान हासिल किया, जबकि टीम बिरसा नगर ने द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। खेल भावना और ईमानदारी के उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में टीम परसुडीह को फेयरप्ले अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# 2.15 लाख जमा पूंजी को नकारा

- दस्तावेज प्रस्तुत करने पर ब्रांच मैनेजर प्रीति दास के उड़े होश
- मामला अटल पेंशन योजना की
- भारतीय स्टेट बैंक की जादूगोड़ा शाखा की अजीबोगरीब कहानी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जादूगोड़ा।** भारतीय स्टेट बैंक देश की सबसे विश्वसनीय बैंकों की श्रेणी में समझी है। जिस पर खाता धारक आंख बंद कर विश्वास करते है,लेकिन समय के साथ-साथ बैंक कर्मियों की लापरवाही व अनुभव की कमी ने भारतीय स्टेट बैंक की साख पर बट्टा लगा



रहे है। ऐसा ही एक अजीबोगरीब घटना घटी स्टेट बैंक की जादूगोड़ा शाखा में। मामला अटल पेंशन योजना से जुड़ा था। जादूगोड़ा की धर्मडीह की रहने वाली लाभुक रागिनी शर्मा के रिश्तेदार पास बुक लेकर बैंक में जमा अटल पेंशन योजना की जानकारी हासिल करने सर्विस मैनेजर के गए जहां जांचों उपरांत पहले तो अटक पेंशन स्कीम में किसी तरह की राशि जमा होने से इनकार कर दिया। बाद में बैंक कर्मी के समक्ष प्रमाण प्रस्तुत की गई तो बैंक कर्मी के होश उड़ गए। बाद में उसमें जमा राशि की जानकारी दी। इस बात बैंक कर्मी की इस गलती की अहसास कराने शाखा प्रबंधक प्रीति दास के पहुंचने पर उनका भी जवाब बच्चों जैसा था। वह कहती है गलत पोर्टल चेक करने से भूल हुई है। आगे कहती है यह अटक पेंशन योजना नहीं है। नेशनल पेंशन स्कीम है।

## एनआइटी जमशेदपुर में आज से सिंदूर विजय ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** हमारे सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए, एनआईटी जमशेदपुर खेलो इंडिया और फिट इंडिया अभियान के बैनर तले 1-15 जून तक सिंदूर विजय ट्रॉफी नामक त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला की मेजबानी कर रहा है। यह श्रृंखला झारखंड डॉक्टर क्रिकेट एसोसिएशन (जेडीसीए) डॉक्टर्स इलेवन, लोयोला एलुमनस इलेवन और एनआईटी जमशेदपुर इलेवन के बीच एनआईटी जमशेदपुर के डाउन्स ग्राउंड में खेली जाएगी। श्रृंखला का उद्घाटन समारोह 31/05/2025 को एनआईटी जमशेदपुर में एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो आर वी शर्मा, एनआईटी जमशेदपुर के रजिस्ट्रार कर्नल डॉ एन के राय, डीन छात्र कल्याण डॉ आर पी सिंह और तीनों टीमों के टीम सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। समारोह में खेलो इंडिया और फिट इंडिया अभियान का प्रतिनिधित्व करते हुए संस्थान में सभी प्रकार की खेल गतिविधियों के लिए गणमान्य लोगों द्वारा प्रेरणा देखी गयी।

# एक्सएलआरआइ व आइएफक्यूएम की ऐतिहासिक साझेदारी
# भारत में क्वालिटी मैनेजमेंट शिक्षा को मिलेगा नया आयाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारत की प्रमुख प्रबंधन संस्थान एक्सएलआरआइ-जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, जमशेदपुर ने इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट (आइएफक्यूएम ) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य देश में गुणवत्ता प्रबंधन शिक्षा, अनुसंधान और उद्योग-अकादमिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना है।

यह रणनीतिक पहल शैक्षणिक ज्ञान और उद्योग में प्रचलित व्यवहारिक तकनीकों के बीच की दूरी को पाटने की दिशा में एक ठोस कदम मानी जा रही है। साझेदारी के माध्यम से केस स्टडी आधारित शिक्षण, नवीनतम प्रबंधन पद्धतियों और अनुभवी विशेषज्ञों की व्यावहारिक समझ का समावेश किया जाएगा, जिससे भारत के युवा प्रबंधक गुणवत्ता और उत्कृष्टता के क्षेत्र में वास्तविक परिवर्तन ला सकें। यह साझेदारी न केवल शिक्षा जगत, बल्कि उद्योग और समाज के लिए भी दीर्घकालिक प्रभाव का वाहक बनने की ओर अग्रसर है।


एमओयू पर हस्ताक्षर करते एक्सएलआरआई के निदेशक व अन्य।

एमओयू के तहत एक्सएलआरआइ के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए विशेष गुणवत्ता प्रबंधन पाठ्यक्रम विकसित किए जाएंगे, जिनमें लाइव प्रोजेक्ट, औद्योगिक भ्रमण, वास्तविक व्यवसाय समस्याओं पर आधारित केस स्टडी और आइएफक्यूएम विशेषज्ञों द्वारा संचालित सत्र शामिल होंगे। पाठ्यक्रम निर्माण और शिक्षण में एक्सएलआरआइ के प्रोफेसर और आइएफक्यूएम के अनुभवी पेशेवर मिलकर योगदान देंगे। यह पहल जून 2025 से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र से लागू की जाएगी। इसका उद्देश्य छात्रों को गुणवत्ता प्रणाली और प्रदर्शन उत्कृष्टता की गहराई से समझ प्रदान करना है।

## एक नजर में

### झारखंड बंगाली समिति का सांस्कृतिक कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** झारखंड बंगाली समिति, जमशेदपुर शाखा द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम शनिवार, 31 मई को सुरेश चंद्र डे भवन, बिष्टुपुर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन शाखा कार्यकारी अधिकारी तपन कुमार सेनशर्मा ने किया। समाजसेवी एवं संस्था के संरक्षक शेखर डे को विशेष रूप से मंच पर आमंत्रित किया गया। उन्होंने रवीन्द्रनाथ टैगोर और काजी नजरुल इस्लाम के साहित्य एवं उनके योगदान पर अपने विचार साझा किए, जो श्रोताओं के लिए प्रेरणादायक रहे। कार्यक्रम में रवींद्र संगीत, कविताएँ, नजरूल पर भाषण और नृत्य प्रस्तुत किए गए। अदिति सेनगुप्ता सहित अन्य कलाकारों ने एकल एवं सामूहिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। समापन में नजरुल गीति 'दुर्गम गिरी कंदर मोरू' ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। धन्यवाद ज्ञापन सह-संपादक स्टोटा दासगुप्ता ने किया। आयोजकों ने सफल आयोजन के लिए सभी सहभागी एवं दर्शकों का धन्यवाद किया।

### छऊ नृत्य झारखंड की वीरता, कला और परंपरा का अनूठा संगम : जोबा माझी



**चक्रधरपुर।** टोकलो क्षेत्र के भरनिया गांव में दो दिवसीय छऊ नृत्य प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन हुआ। शनिवार को समापन के मौके पर सिंहभूम की सांसद जोबा माझी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही। इस दौरान सांसद ने छऊ नृत्य का आनंद लिया और भव्य आयोजन के लिए स्थानीय जय मां पाउड़ी छऊ नृत्य समिति की प्रशंसा की। सांसद ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा छऊ नृत्य झारखंड की पहचान है, जिसमें वीरता, कला और परंपरा का संगम दिखता है। यह नृत्य अपनी ऊर्जा, रंग-बिरंगे मुखौटे और शक्तिशाली अभिव्यक्तियों के लिए प्रसिद्ध है। कहा कि चैत्र एवं मासांत पर्व आदि मौके पर कोल्हान समेत राज्य के कई हिस्सों में छऊ नृत्य का आयोजन होता है। खास बात है कि इस छऊ नृत्य में स्थानीय कलाकार अपनी कला प्रदर्शन करते है। छऊ नृत्य में भरनिया गांव के उपर एवं नीचे टोला के कलाकारों ने भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। मौके पर मुखिया सरिता गागराई, झामुमो नेता रामलाल मुंडा, कांग्रेस नेता सह पूर्व प्रत्याशी विजय सिंह सामाड, समाजसेवी गंगाराम गागराई, लखीराम सरदार, गुरूचरण नायक, जोहन सिंह सरदार, गंगाराम नायक, रतन सरदार व काफी संख्या में ग्रामीण दर्शन उपस्थित रहे।

### तमाड़ के किसानों के वाहनों पर जुर्माना लगाना सरासर गलत बात है : अर्जुन मुंडा



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को रांची से जमशेदपुर जाते समय बुंडू-तमाड़ क्षेत्र के किसानों से मुलाकात हुईअर्जुन मुंडा की । उन्होंने एक अत्यंत गंभीर समस्या से अवगत कराया। किसानों ने बताया कि इस क्षेत्र से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन पुआल लेकर रांची और आसपास की गौशालाओं में भेजे जाते हैं, जिससे पशुपालकों की जरूरतें पूरी होती हैं और स्थानीय हजारों परिवारों की आजीविका भी चलती है। परंतु प्रशासन द्वारा उन वाहनों पर लगातार भारी जुर्माना लगाया जा रहा है, जिससे किसान अत्यंत परेशान हैं। प्रतिदिन लगभग 100 से 150 गाड़ियां इस कार्य में संलग्न रहती हैं। यह स्थिति न केवल किसानों के परिश्रम का अपमान है, बल्कि उनकी आजीविका पर भी सीधा प्रहार है। प्रशासन की यह कार्रवाई अन्यायपूर्ण है। इस गंभीर विषय पर आज अर्जुन मुंडा जी ने परिवहन सचिव से वार्ता की और निर्देश दिए कि किसानों के वाहनों पर लगाये जा रहे जुमार्न को अविलंब बंद करे । सरकार का यह कर्तव्य है कि वह अन्नदाताओं के साथ खड़ी हो, न कि उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा करे। ये किसान वर्षों से यह कार्य निष्ठा के साथ करते आ रहे हैं और उनकी मेहनत का सम्मान किया जाना चाहिए, न कि उसे दंडित किया जाए।

### सोना देवी विवि बीएससी एग्रीकल्चर के विद्यार्थी समर इंटर्नशिप में सीख रहे हैं सहकारिता का पाठ



**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला के बीएससी एग्रीकल्चर सेमेस्टर वन और टू के पांच छात्र छात्राएं समर इंटर्नशिप कर रहे हैं। इन्हें झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड, घाटशिला ब्रांच में कार्य अनुभव प्राप्त करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। शाखा प्रबंधक सुदेशना मुंडा ने बताया कि इन सभी इंटर्न को बैंकिंग प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। ग्राहक से सम्पर्क करने, खाता खुलवाने, फाईल मेंटेन करने के साथ साथ सरकार की ऋण योजनाओं की भी जानकारी दी जा रही है। इन्हें लैम्पस और पैक्स सिस्टम से भी अवगत कराया जायेगा। साथ ही इन्हें सहकारिता का अर्थ भी समझाया जा रहा है कि किस तरह मिलजुल कर एक दूसरे के सहयोग से आर्थिक विकास करने का प्रयास किया जाता है। सोना देवी विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर की विभागाध्यक्ष अर्चना सिंह ने यह जानकारी दी।

### एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस में सीबीएसई का दो दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण का समापन



**जमशेपुर।** एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस में दो दिवसीय प्रशिक्षण (30 मई और 31 मई 2025) का उद्घाटन समारोह सुरक्षा निर्देशन की घोषणा के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद प्रतिनिधियों और स्कूल के स्थल निदेशक सह प्राचार्या द्वारा औपचारिक दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण उद्देश्यों के सफल संचालन और पूर्ति के लिए प्रारम्भ किया। उद्घाटन सत्र में स्थल निदेशक सह प्राचार्या श्रीमती मौसमी दास के स्वागत भाषण, सीबीएसई अनुभाग अधिकारी श्री राघवेंद्र कुमार द्वारा निदेशक का संदेश पढ़ने और संसाधन व्यक्ति (आरपीएस) श्री विपिन कुमार भार्गव और श्री शरद नौटियाल द्वारा क्रमश: परिचयात्मक भाषणों के साथ जारी रहा।




# मुंबई की विरासत का मुकाबला करेंगे पंजाब



एजेंसी

**अहमदाबाद।** नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की दूधिया रोशनी में रविवार को पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस एक लाख से अधिक दर्शकों के बीच इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के खिताबी मुकाबले में जगह बनाने के लिये अपना सर्वस्व झोंकने के लिये उतरेंगे। दोनो टीमो के बीच क्वालीफायर 2 का रोमांचक मुकाबला शाम साढ़े सात बजे से खेला जायेगा। पांच बार की आइपीएल चैंपियन मुंबई को आइपीएल के मौजूदा संस्करण में लय में आने में समय लगा मगर बल्लेबाजी में गहराई और जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन ने टीम को छठे खिताब के करीब लाकर खड़ा कर दिया है। रविवार को आइपीएल 2025 के दूसरे क्वालिफायर में मुंबई इंडियंस का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। जहां पीबीकेएस को पहले क्वालिफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा था, वहीं एमआई को एलिमिनेटर में जीटी के खिलाफ एक बड़ी जीत मिली। अब दोनों टीमों का लक्ष्य इस मुकाबले को जीतकर फाइनल में पहुंचना होगा, जहां मंगलवार को उनका सामना आरसीबी से होगा। पंजाब की टीम 2008 के पहले आइपीएल संस्करण में ही नॉकआउट दौर में पहुंची थी, जहां सेमीफाइनल में उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स के हाथों नौ विकेट की करारी हार झेलनी पड़ी। इसके बाद उन्हें नॉकआउट या प्ले ऑफ की दौड़ में पहुंचने के लिए छह साल लग गए, जब 2014 में अंक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए वह फाइनल तक पहुंचे। हालांकि फाइनल में उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स ने एक रोमांचक मुकाबले में तीन गेंद शेष रहते तीन विकेट से हराया। इसके बाद उन्हें प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए 11 साल लग गए। इस साल भी उन्होंने 14 मैचों में नौ जीत और 19 अंकों के साथ अंक तालिका में टॉप किया, लेकिन पहले क्वालिफायर में उन्हें आरसीबी के हाथों 10 ओवर शेष रहते आठ विकेट की करारी हार मिली। पीबीकेएस के बल्लेबाज थोड़ी सी असमतल और दोहरी उछाल वाली पिच पर लड़खड़ा गए और सिर्फ 101 रन पर ऑलआउट हो गए। अब उन्हें एमआई के खिलाफ मुकाबले को जीतकर फाइनल में पहुंचना है तो ना सिर्फ उन्हें अपने प्ले ऑफ बल्कि एमआई के खिलाफ रिकॉर्ड को भी सुधारना होगा। पीबीकेएस ने अब तक पांच प्ले ऑफ मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्हें सिर्फ एक में जीत मिली है। इसमें इस साल का पहला क्वालिफायर मुकाबला भी शामिल है। वहीं एमआई की बात की जाए तो संयुक्त रूप से सर्वाधिक पांच बार आईपीएल खिताब जीतने वाली एमआई ने प्ले ऑफ में 21 मैच खेले हैं, जिसमें उन्हें 14 में जीत और सात में हार मिली है। हालांकि अहमदाबाद में उनका रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है और वहां उन्होंने छह में से सिर्फ एक मुकाबला जीता है, जबकि पांच में उन्हें हार मिली है। एमआई की टीम ने एलिमिनेटर में जिस तरह का प्रदर्शन किया और जीटी को मात दी, अपने उसी प्रदर्शन को वे बरकरार रखना चाहेंगे।

## दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर

दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 33 मुकाबलों में एमआई को 17 जबकि पीबीकेएस को 16 में जीत मिली है, मतलब मामला बहुत करीबी रहा है। इस सीजन दोनों टीमों के बीच हुए एकमात्र मुकाबले में पीबीकेएस ने एमआई को हराया है। यह पहली बार होगा, जब दोनों टीमें प्ले ऑफ में एक-दूसरे के खिलाफ भिड़ेंगी। अगर दोनों टीमों के प्ले ऑफ रिकॉर्ड की बात की जाए तो एमआइ ने प्ले ऑफ में 21 मैच खेले हैं, जिसमें उन्हें 14 में जीत और सात में हार मिली है। वहीं पीबीकेएस सिर्फ पांच बार प्ले ऑफ में पहुंची हैं, जिसमें उन्हें चार में हार और सिर्फ एक में जीत मिली है। पीबीकेएस इस रिकॉर्ड को सुधारना चाहेगी। यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा, जहां पर पीबीकेएस ने छह में से चार मुकाबले जीते हैं, वहीं एमआई का अपने पड़ोसी राज्य में प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। वहां एमआई ने छह में से सिर्फ एक मुकाबला जीता है, जबकि पांच में उन्हें हार मिली है।



## चहल की उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर

मार्को यानसेन की अनुपस्थिति और आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले युजवेंद्र चहल की अनुपलब्धता टीम के लिए परेशानी का सबब बन गई है क्योंकि उसने इन खिलाड़ियों की जगह पर जो विकल्प आजमाए वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके। चहल अगर पूरी तरह फिट रहे तो उनका इस मैच में खेलना तय है, लेकिन उनकी उपलब्धता पर मैच से पहले ही कोई फैसला लिया जाएगा।

### पंजाब को करनी होगी वापसी

आरसीबी के खिलाफ करारी हार के बाद पंजाब का आत्मविश्वास कम हुआ होगा, लेकिन पंजाब किंग्स को अगर पहली बार चैंपियन बनना है तो उसे इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी और पंजाब किंग्स की तुलना में मुंबई इंडियंस की टीम नॉकआउट चरण में जीत दर्ज करने का अधिक अनुभव रखती है। उसके मुख्य कोच माहेला जयवर्धने के सामने चुनौती अपनी टीम को संगठित रखने की होगी।

### रोहित का फॉर्म में लौटना मुंबई के लिए राहत की बात

जहां तक मुंबई इंडियंस का सवाल है तो अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने शुरू में मिले दो जीवनदान का फायदा उठाकर गुजरात टाइटंस के खिलाफ बड़ी पारी खेली। रोहित फिर से लय में लौट आए हैं और पंजाब किंग्स के गेंदबाजों के लिए उन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। अगर समग्र तौर पर देखा जाए तो मुंबई इंडियंस की टीम में कोई कमी नजर नहीं आ रही है क्योंकि उसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। फाइनल में पहुंचने के लिए उसकी टीम काफी हद तक रोहित, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और कप्तान हार्दिक पंड्या पर निर्भर रहेगी।



### दोनों टीमों इस प्रकार है

**पंजाब किंग्सः** प्रियांश आर्या, प्रभसिमरन सिंह, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहाल वढेरा, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, अजमातुल्लाह ओमरजई, हरप्रीत बरार, काइल जैमीसन, अर्शदीप सिंह।

**मुंबई इंडियंसः** जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या (कप्तान), नमन धीर, मिचेल सैंटनर, राज बावा, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, रिचर्ड ग्लीसन।

## भारत ए के खिलाफ हेन्स का शतक, दिन के खेल की समाप्ति तक इंग्लैंड लायंस का स्कोर 237/2

➲ भारत ए की पहली पारी 557 रन पर ऑलआउट, करुण का दोहरा शतक

एजेंसी

**कैंटरबरी।** टॉम हेन्स के शतक और मैक्स होल्डेन के अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड लायंस ने भारत ए के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहली पारी में दिन के खेल की समाप्ति तक दो विकेट पर 237 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड लायंस की टीम फिलहाल भारत ए से 320 रन से पीछे चल रही है। स्टंप्स के समय हेन्स 103 रन और होल्डेन 64 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत के लिए अबतक अंशुल कंबोज और हर्ष दुबे को एक-एक विकेट मिला है। हेन्स-होल्डेन की शानदार साझेदारी इससे पहले, करुण नायर के दोहरे शतक और ध्रुव जुरेल तथा सरफराज खान के अर्धशतकों की मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहली पारी में 557 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड लायंस की शुरूआत अच्छी नहीं रही और भारत को पहली सफलता अंशुल कंबोज ने बेन मैकनी को आउट कर दिलाई जो 16 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद हेन्स ने एमिलिओ गे के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 109 रनों की साझेदारी की और इंग्लैंड लायंस की पारी को संभाला। हर्ष ने हालांकि एमिलिओ को आउट कर



इस साझेदारी को तोड़ा। एमिलिओ 90 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। फिर हेन्स और होल्डेन ने पारी आगे बढ़ाई और भारत ए के गेंदबाजों को दिन का खेल समाप्त होने तक कोई सफलता हासिल नहीं करने दी। हेन्स और होल्डेन के बीच अब तक तीसरे विकेट के लिए 106 रनों की साझेदारी हो चुकी है।

### करुण ने चौका लगाकर दो सौ रन पूरे किए

करुण ने 281 गेंदों पर 26 चौके और एक छक्के की मदद से 204 रन बनाए और जमान अख्तर की गेंद पर आउट हुए। एक वक्त भारत ने 51 रन पर यशस्वी जायसवाल और कप्तान अभिमन्यू ईश्वरन के विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद करुण ने सरफराज खान के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 181 रन की साझेदारी निभाई। सरफराज शतक से चूक गए और 119 गेंद में 13 चौके की मदद से 92 रन बनाकर आउट हुए।

## वनडे मैचों में गेंद के नियम में बदलाव कर सकता है आइसीसी, कन्कशन नियमों में भी परिवर्तन संभव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** क्रिकेट की वैश्विक संस्था आइसीसी प्लेइंग कंडीशन्स में कुछ बदलाव कर सकता है। इसमें वनडे मैचों में एक गेंद के नियम से लेकर कन्कशन सब्स्टीट्यूट में परिवर्तन तक शामिल हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस साल के शुरू में टी20 सीरीज के दौरान कन्कशन सब्स्टीट्यूट के इस्तेमाल को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद आइसीसी ने इस नियम में कुछ संशोधन करने का फैसला लिया है।

### कन्कशन रिप्लेसमेंट के लिए सौंपनी होगी पांच खिलाड़ियों की सूची

विजडन की रिपोर्ट के अनुसार, टीमों को मैच शुरू होने से पहले रैफरी को ऐसे पांच खिलाड़ियों की सूची सौंपनी होगी जो कन्कशन सब्स्टीट्यूट होंगे। इस सूची में विकेटकीपर, बल्लेबाज, तेज गेंदबाज, स्पिनर और ऑलआउरंडर की भूमिका से एक खिलाड़ी होगा। अगर ऐसी स्थिति आती है कि जिस खिलाड़ी को कन्कशन सब्स्टीट्यूट चुना गया है वो भी कन्कशन का शिकार हो जाता है तो मैच रैफरी को सूची के बाहर किसी खिलाड़ी को उसका रिप्लेसमेंट चुनना होगा। हालांकि, रिप्लेसमेंट चुनते वक्त यह ध्यान रखना होगा कि ये लाइक फॉर लाइक सब्स्टीट्यूट हो। यानी अगर कोई तेज गेंदबाज कन्कशन के कारण बाहर हो रहा है तो उसकी जगह कोई तेज गेंदबाज ही मैदान पर आए।

### भारत-इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज के दौरान हुआ था विवाद




भारत और इंग्लैंड के बीच इस साल चौथे टी20 मैच के दौरान भारत ने शिवम दुबे की जगह कन्कशन सबस्टीट्यूट के रूप में हर्षित राणा को उतारा था। शिवम गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं जिन्होंने 89 टी20 मैचों में 72.4 ओवर गेंदबाजी की है और उनकी जगह हर्षित को उतारने पर विवाद हुआ था क्योंकि हर्षित विशेषज्ञ तेज गेंदबाज हैं। हर्षित ने उस मैच में तीन विकेट लिए थे। इस फैसले ने यह चर्चा शुरू कर दी थी कि क्या भारत को इससे फायदा पहुंचा। मौजूदा नियम के अनुसार, कन्कशन सब्स्टीट्यूट लाइक फॉर लाइक रिप्लेसमेंट हो सकता है जिसमें मैच रैफरी सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी को मंजूरी देते समय चोटिल खिलाड़ी की शेष खेल में भूमिका को ध्यान में रखता है।

### वनडे में चुननी होगी एक गेंद

इसके अलावा आइसीसी वनडे में दो गेंदों के इस्तेमाल पर भी परिवर्तन करने जा रहा है। मौजूदा समय में वनडे में दोनों छोर से नई गेंद का इस्तेमाल होता है, लेकिन आइसीसी इसमें संशोधन करने जा रहा है। संशोधित नियम के अनुसार, एक से 34 ओवर तक दो गेंदों का इस्तेमाल होगा जिसके बाद 35 से 50 ओवर तक के खेल के लिए फील्डिंग टीम को इन दो में से किसी एक गेंद को चुनना होगा जिससे शेष ओवर कराए जाएंगे। यानी 34 ओवर के बाद दोनों छोर से एक ही गेंद का इस्तेमाल करना होगा। किसी कारण अगर मैच 25 या इससे कम ओवर का कराना पड़ता है तो एक ही गेंद का इस्तेमाल किया जा सकेगा।

### कब से लागू होंगे नियम

रिपोर्ट के मुताबिक, संशोधित प्लेइंग कंडीशन्स 17 जून से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच होने वाले पहले टेस्ट मैच से लागू हो सकते हैं। वहीं, वनडे और टी20 प्रारूप के नियमों में बदलाव क्रमशः दो और 10 जुलाई को लागू होंगे जब बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच सीमित ओवरों की सीरीज खेली जाएगी। आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में मौजूदा नियम ही लागू रहेंगे।

## सिनर फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

**पेरिस।** विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी जैनिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को मात्र 94 मिनट में 6-0, 6-1, 6-2 से हराकर फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। इतालवी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 2024 यूएस ओपन और 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताब जीतने के बाद अब ग्रैंड स्लैम मैच जीतने की अपनी लकीर को 17 तक पहुंचा दिया है। इस सीजन में शानदार फॉर्म में चल रहे सिनर ने बेसलाइन से खेल को नियंत्रित किया और अपने प्रतिद्वंद्वी को मुश्किल से ही कोई मौका दिया।

## प्रोफेशनल क्रिकेट कोचिंग का उद्घाटन



**रांची।** खेलकूद शिक्षा का अपरिहार्य अंग है। बच्चों के समग्र विकास एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावनाओं को गति देने के लिए स्पोर्ट्स में रुचि समय की मांग है। ये बातें आनंदमयी सिंह ने कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में शनिवार को क्रिकेट प्रेक्टिस नेट का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में पूरे मनोयोग के साथ काम करने पर सफलता निश्चित है। मौके पर विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष पंचम सिंह और सचिव कुणाल कुमार सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास तथा अन्य क्षेत्रों में संभावनाओं का द्वार खोलने के लिए विद्यालय प्रबंधन सतत प्रयत्नशील है। प्राचार्या प्रेमलता कुमारी ने कहा कि पाठ्यक्रम के दबाव और शहरीकरण के इस दौर में बच्चों को एक अलग पहचान दिलाने के लिए कैंब्रियन स्कूल पूरी तरह से सजग और प्रयत्नशील है, यही कारण है कि राष्ट्रीय शिक्षा-नीति के आयामो के अनुरूप विद्यालय प्रबंधन बच्चों को प्रोत्साहित कर रहा है। मौके पर प्रेस मीडिया के प्रतिनिधि, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवम छात्र-छात्राएं सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन स्पोर्ट्स हेडगर्ल मीनाक्षी कुमारी ने किया।

## एक दिवसीय कराटे कैम्प 5 जून को

**रांची।** डोरंडा कॉलेज में 5 जून को एक दिवसीय विशेष कराटे कैम्प का आयोजन किया जा रहा है इस कैम्प में वे कराटे प्लेयर्स भाग लेंगे। जो स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के द्वारा आयोजित झारखंड सब जूनियर, कैडेट, जूनियर 2025 चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त करने किए है। ये सभी प्लेयर्स कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन (KIO) द्वारा उत्तराखंड में 11 जून से 15 जून तक होनेवाले नेशनल चैंपियनशिप 2025 में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित कराटे प्लेयर्स को 5 जून को स्पोर्ट्स किट्स दिया जायेगा एवम् कराटे चैंपियनशिप से संबंधित नियमो का ट्रेनिंग दिया जायेगा। इस मौके पर हंसी मानस सिन्हा, सेंसेई के के सिंह, सेंसेई हेजाज असदक, शिहान शशी पांडे, शिहान रंजीत मेहता उपस्थित रहेंगे।

## दो दिवसीय झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के द्वारा पूर्वी क्षेत्र वुडबॉल चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ



**रांची।** शनिवार को झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के द्वारा पूर्वी क्षेत्र वुडबॉल चैंपियनशिप पुरुष और महिला वर्ग का आयोजन स्थानीय जयपाल सिंह स्टेडियम में शनिवार को शुभारंभ पर मुख्य अतिथि रांची जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह, झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के अध्यक्ष राज कुमार पोद्दार के द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के तौर पर समाजसेवी अरुण कुमार, समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी, ऋषिकेश लाल, दीपक वर्मा, समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर पर भारत वुडबॉल पर पहली बार बनी गीत गीत का भी लोकार्पण किया गया। इस गीत के निमार्ता देवपूजन ठाकुर, गायक अमित आर्यन गायिका ऋषिका कांस कार ने वुडबॉल पर गीत गाया है। मौके पर मुख्य रूप से ब्रजेश गुप्ता,रिंकू वर्मा, अंश वर्मा, नितेश कुमार, एस के दत्ता, सरवर अंसारी समेत कई खेलप्रेमी उपस्थित थे। पूरे प्रतियोगिता का संचालन झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के सचिव गोविंद झा ने किया।

## एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने आठ स्वर्ण समेत 24 पदक जीते

**गुमी।** भारत ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कुल 24 पदकों के साथ अपने शानदार अभियान का समापन किया है। भारत के कुल 24 पदकों में आठ स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य पदक शामिल है। भारतीय दल पिछले सत्र में छह स्वर्ण समेत 27 पदक जीते थे। चैंपियनशिप के अंतिम दिन शनिवार को भारतीय एथलीटों ने तीन रजत और तीन कांस्य पदक अपने नाम किये। पारुल चौधरी शनिवार को महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में 15 मिनट 15.33 सेकंड (15:15.33 सेकंड) का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने इससे पहले 3000 मीटर मीटर स्टीपलचेज में भी रजत पदक जीता था। भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.16 मीटर तक भाला फेंका। बागपत के खेकड़ा गांव निवासी सचिन का इससे पहले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.39 मीटर था।

## सेमीफाइनल में समाप्त हुआ सात्विक-चिराग का सफर

एजेंसी

**सिंगापुर।** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी का सफर सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में समाप्त हो गया। भारतीय जोड़ी को सेमीफाइनल में मलयेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक की जोड़ी के खिलाफ तीन गेम तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने पहला गेम जीता था, लेकिन वह लय बरकरार नहीं रख सकी।

### पहला गेम हारने के बाद आरोन-सोह ने की वापसी

सात्विक-चिराग को 64 मिनट तक चले मुकाबले में आरोन-सोह के खिलाफ 21-19, 10-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने जबरदस्त धैर्य और जज्बे का प्रदर्शन कर सात मैच प्वाइंट बचाए लेकिन यह उन्हें हार से बचाने के लिए काफी नहीं था। मलयेशिया की इस जोड़ी ने ही पेरिस ओलंपिक में सात्विक-चिराग का अभियान समाप्त किया था। विश्व की 27वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ आरोन-सोह ने एक बार फिर शुरूआत गेम गंवाने के बाद मजबूत वापसी की।

### शुरूआत से करीबी रहा मुकाबला



भारतीय जोड़ी के लिए यह इस साल तीसरा सेमीफाइनल था। यह जोड़ी इससे पहले इंडिया ओपन और मलयेशिया ओपन में अंतिम चार में पहुंची थी। यह मुकाबला शुरूआत से काफी करीबी था जहां दोनों जोड़ियों हर अंक के लिए पूरा जोर लगा रही थी। स्कोर एक समय 6-6 की बराबरी पर थी। भारतीय जोड़ी के दमदार स्मैश का आरोन चिया अच्छा बचाव कर रहे थे। चिराग के दमदार स्मैश से भारत ने एक बार फिर से स्कोर को 8-8 से बराबर किया, जबकि सात्विक के शानदार रिटर्न से इस जोड़ी ने 11-8 की बढ़त कायम की। भारतीय जोड़ी ने इस बढ़त को बरकरार रखते हुए स्कोर को 15-12 किया लेकिन मलयेशिया की जोड़ी ने वापसी करते हुए इसे 18-18 कर दिया। मलयेशिया की जोड़ी एक प्वाइंट का बचाव करने में सफल रही जबकि आरोन के चूकने से भारतीय जोड़ी ने पहला गेम जीत लिया।

### अगले दो गेम जीतकर लगातार तीसरी बार फाइनल में मलयेशियाई जोड़ी

मलयेशियाई जोड़ी ने दूसरे गेम में दमदार खेल से 5-0 की बढ़त कायम की। सात्विक और चिराग इसके बाद 32 शॉट वाली रैली को जीतने में सफल रहे लेकिन आरोन और सोह ने दबदबा कायम रखते हुए इस गेम को आसानी से जीत लिया। निर्णायक गेम की शुरूआती में कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन भारतीय जोड़ी की गलती का फायदा आरोन-सोह ने उठाया और लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंचने में सफल रही।

स्पीड न्यूज

## चाय पानी मोड़ के पास हाईवा पालटा ड्राइवर खलासी फरार

**शिकारीपाड़ा।** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत चाय पानी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर ट्रेलर पलटा। बताते चले की शनिवार को सरस डंगल से चिप्स लोड कर दुमका की तरफ जा रही हाईवा ट्रेलर चायपानी मोड के समीप पुल के पास अनियंत्रित होकर पलट गई हालांकि इस हादसा में चालक और उपचालक बाल बाल बच गए मिली जानकारी के अनुसार हाईवा ट्रेलर अपना ट्रिप बढ़ाने के चक्कर में चालक ने नियंत्रण खो दिया और हादसा का शिकार हो गया सूचना मिलते ही शिकारीपाड़ा पुलिस एस आई इमरान अंसारी दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर पलटी ट्रेलर को जेसीबी के मदद से पुलिस अभी रक्षा में रखा गया हैं और यू डी केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## दुर्घटना में घायल युवक को भारतीय एकता ट्रस्ट ने दी सहायता राशि

**शिकारीपाड़ा।** सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए भारतीय एकता ट्रस्ट ने एक सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक को इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की है। ट्रस्ट के सदस्यों ने घायल युवक के परिजनों से मिलकर सहयोग राशि सौंपी और उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।जानकारी के अनुसार पारशिमला के निवासी समीर अंसारी हाल ही में एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज में कठिनाई आ रही थी। इसकी जानकारी जैसे ही ट्रस्ट को मिली, उन्होंने तुरंत सहायता का हाथ बढ़ाया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष आफताब अंसारी ने कहा कि ₹समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना हमारा कर्तव्य है। मानव सेवा ही सच्ची सेवा है और हमारी संस्था सदैव इसके लिए तत्पर है। युवक के परिजनों ने ट्रस्ट की इस सहायता के लिए गहरा आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे सामाजिक संगठन समाज के लिए एक उम्मीद की किरण हैं। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष आफताब अंसारी, प्रमुख सदस्य महताब आलम, मुश्ताक आलम, सफाद अंसारी, शाहबाज अंसारी के साथ कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## पांच दिवसीय समर कैम्प का समापन

**बेरमो।** कस्तूरबा श्रीं विद्या निकेतन ढोरी में पाँच दिनों से चल रहा समर कैम्प दिनांक 31 मई 2025 को संपन्न हो गया। इस समर कैम्प में नृत्य, चित्रकला, हस्तकला संगीत पाक कला, योगाभ्यास, खेलकूद आदि क्रियाकलापों अभ्यास कराया गया। इसमें कक्षा प्रथम से दशम 154 भैया बहनों ने भाग लिया और सारे क्रियाकलापों को खेल खेल में ही भैया बहनों ने सीखा, भैया बहनों ने अपने पाँच दिनों का अनुभव शेयर किया। विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडेय और प्रभारी प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार महतो ने भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। समर कैम्प के प्रमुख शैल बाला कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए इस कार्यक्रम की समापन की घोषणा की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संजू ठाकुर, प्रीति प्रेरणा सिंह, विभा कुमारी, नित्यानंद मिश्रा, राजेंद्र पांडे, मंतोष प्रसाद, कुमार गौरव आदि आचार्य दीदी जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## फुसरो में समर कैंप का हुआ समापन

**बेरमो।** अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में शनिवार को 26 मई से चलने वाले समर कैंप का समापन हो गया। जिसमें कक्षा अरुण से पंचम तक के लगभग 50 भैया बहन शामिल थे।इस समर कैंप में भैया बहनों को विभिन्न प्रकार के खेल, हस्तकला, रंगोली, कराटे, नृत्य, चत्रकला, और पेपर कटिंग से डिजाइन, ओर भी विभिन्न प्रकार के गतिविधियों से भैया बहनों का ज्ञान वर्धन किया गया।इस समर कैंप में भैया बहनों ने ढेर सारा मनोरंजन किया। आनंद पूर्वक 6 दिन कब गुजर गए पता ही नहीं चला। इस समर कैंप में समय का सदुपयोग किस प्रकार करना चाहिए भैया बहनों ने बखूबी सीखने का काम किया।

# उपायुक्त ने जन जागरूकता रथ को किया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा के द्वारा समाहरणालय परिसर से तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जन जागरूकता हेतु जागरूकता रथ एवं रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



यह जागरूकता रथ जिले सभी नौ प्रखंडों के सभी पंचायतों में घूम घूम कर आम जनमानस को तम्बाकू सेवन से होने वाले घातक बीमारियों के बारे में जागरूक करेगा। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने बताया कि इस वर्ष का थीम- तम्बाकू और निकोटिन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना। यह थीम तम्बाकू और निकोटिन उद्योगों द्वारा अपने असुरक्षित उत्पादों को आकर्षण बनाने के लिए नियोजित भ्रामक तकनीकों को उजागर करने और चुनौती देने और केंद्रित है- विशेष रूप से युवा लोगों के लिए। इसके लिए जिले में व्यापक जन-जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को तंबाकू मुक्त भविष्य निर्माण में आगे आना होगा। साथ ही बताया कि जागरुकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर ऑडियो संदेश देगा जिसमें आम जनता को तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी खतरों कोटपा 2003 एवं ई-सिगरेट निषेध अधिनियम 2019 के प्रावधानों की जानकारी देगा। उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील किया कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और तंबाकू मुक्त स्वस्थ समाज निर्माण में सहयोग करें। मौके पर सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ अरविंद कुमार अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी उपस्थित थे। सिविल सर्जन डॉ प्रसाद ने बताया कि तम्बाकू से हर दिन 3500 से अधिक भारतीय की मृत्यू तम्बाकू से जनित किसी न किसी रोग से होती है जो कि एक गम्भीर विषय है। तम्बाकू का उपयोग और इसका सेवन कई प्रकार के कैंसर जैसे फेफड़े स्वरयंत्र मुंह ग्रासनली गला बृहदांत्र मूत्राशय गुदे अग्नाशय और गर्भाशय ग्रीवा के साथ साथ तीव्र माइलॉयड ल्यूकेमिया के प्रमुख कारणों में से एक है। ऐसा अनुमान है कि तम्बाकू के सेवन के कारण हर साल एक करोड़ से अधिक लोग मारे जाते है। तंबाकू न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है बल्कि पर्यावरण पर भी कई तरह से बुरा प्रभाव डालता है।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता रथ को

## उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा किया रवाना



हरी झंडी दिखा रवाना करते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** समाहरणालय परिसर में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने विश्व तम्बाकु निषेध दिवस (वर्ल्ड नो टोबेको डे) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपायुक्त द्वारा तम्बाकु जागरूकता के लिए हरी झण्डी दिखाकर दुमका के विभिन्न क्षेत्रों में तम्बाकु एवं नशा के दुष्परिणाम से बचाव हेतु जागरूकता रथ को रवाना किया गया। उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि विधायलों में तम्बाकु से बचाव एवं दुष्परिणाम के प्रचार-प्रसार हेतु निबंध लेखन, चित्र लेखन, स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित किया जाए।

इस तम्बाकु जागरूकता रैली में डॉ विजय हासदा, जिला कुष्ठ निवारण-सह-नोडल पदाधिकारी, एनटीसीपी, दुमका, राकेश आनंद, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेश सिन्हा, आरकेएसके कॉडिनेटर मृत्युंजय शांडिल्य, रिजिनल कॉडिनेटर बिजय मरांडी, जिला परामर्शी, एनटीसीपी ज्योति, सोशल वर्कर, एनटीसीपी नागेंद्र तिवारी, निकेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बोकारो जिला में तंबाकू के दुष्प्रभाव पर उल्लेखनीय प्रगति

**बोकारो।** बोकारो जिला में तंबाकू के दुष्प्रभाव को रोकने खातिर 883 स्कूलों के पास की दुकानों से तम्बाकू उत्पाद हटाया गया और उन्हें तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित किया गया। अभी तक 10391 व्यक्तियों को तम्बाकू छोड़ने हेतु एनआरटी की उपलब्धता कराई गई। बोकारो जिला के सदर अस्पताल सभी अनुमण्डलीय अस्पताल सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 126 आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में तम्बाकू छोड़ने हेतु परामर्शी सेवा एवं निकोटीन गम की सुविधा उपलब्ध है। कोटपा-2003 एवं पीईसीए 2019 के विभिन्न धाराओं के अनुपालन हेतु जिला/अनुमण्डल/प्रखण्ड स्तर पर छापामारी दल का गठन किया जा चुका है। साथ ही सभी थाना स्तर पर एक एएसआई को कोटपा नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। सभी प्रखण्ड में प्रखण्ड स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति का गठन किया जा चुका है। तम्बाकू के दुष्प्रनाव के प्रति जन जागरूकता हेतु अभी तक 42 ग्राम पंचायतों में ग्राम स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति का गठन किया जा चुका है। इस वर्ष 239 ग्राम पंचायतों में यह समिति का गठन करने का लक्ष्य है।

### विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर

## हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** शनिवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर श्री अजय नाथ झा उपायुक्त बोकारो के द्वारा समाहरणालय बोकारो के प्रांगण से तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जनजागरूकता हेतु जागरूकता रथ एवं रैली को हरी झण्डी दिखा का रवाना किया गया। तत्पश्चात हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। उपायुक्त बोकारो ने सभी को बताया कि तम्बाकू से हर दिन 3500 से अधिक भातीय की मृत्यू तम्बाकू से जनित किसी न किसी रोग से होती है जोकि एक गम्भीर विषय है। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर आमजनमानस को तम्बाकू के दुष्प्रभाव के बारे में यह जानना अत्यन्त जरूरी है। भारत में 13 लाख से अधिक लोगों की मृत्यू तम्बाकू सेवन से होने वाली जनित रोगों के कारण से हो जाती है। सभी प्रकार के कैंसर में एक तिहाई तम्बाकू सेवन के कारण होते हैं। 38 प्रतिशत टी0बी0 से होने वाली मौतें तम्बाकू सेवन से सम्बन्धित हैं। तम्बाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह, पुरानी फेफडों की बीमारी, स्ट्रोक, बांझपन, अंधापन, टी0बी0 एवं नपुंसक आदि का एक प्रमुख जोखिम कारक है। ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे के अनुसार झारखण्ड मे 38.9 प्रतिशत व्यस्क (15 वर्ष से अधिक आयु के) किसी न किसी रूप में तम्बाकू का सेवन करते हैं जिसमें 59.7 पुरूष और 17 प्रतिशत महिलाये शामिल हैं। ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे के अनुसार झारखण्ड में 13 से 15 आयुवर्ग के 5.1 प्रतिशत स्कूली छात्र किसी न किसी रूप से तम्बाकू का सेवन करते हैं।

## मछली लदा वाहन व दुध लदा वाहन के बीच जोरदार टक्कर, दो गंभीर



खबर मन्त्र संवाददाता

**पोडैय़ाहाट (गोड्डा)।** निमार्णाधीन एनएच 133 फोर लाइन सड़क पर पुणः आमने-सामने दो वाहन की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल गोड्डा रेफर कर दिया है। घटना शनिवार अलहे सुबह की है। मछली लदा पिकअप वाहन हंसडीहा की ओर से गोड्डा की ओर जा रही थी।वही दुसरी ओर से दुध लदा वाहन गोड्डा से देवघर की ओर जा रही थी की एकाएक घटवारी चौंक ओवर ब्रिज के समीप आमने-सामने टक्कर हो गई और दोनों वाहन सड़क पर ही पलट गया। जिसमे दुध लदा चालक चंदन कुमार एवं उपचालक घनश्याम यादव गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। दोनों घायल कोसी थाना क्षेत्र बिहार बौंसी थाना क्षेत्र के लीला बरन गांव का रहने वाला है। इधर घटना घटित के बाद मछली पूरे सड़क पर बिखर गया था।और घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों ने बिखरे पड़े मछली की लूटपाट कर ली।जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर थाना परिसर लाया।

## स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आज यहां संपन्न हो गया। तेजस भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित समारोह में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में भाग लेने वाले कई प्रतिभागियों को मोमेंटो प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ जीएम और परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा ने कहा कि कार्यों का त्वरित निष्पादन करने से अधिकांश कचरा यूं ही साफ हो जाता है । मन का कचरा या टेबल पर रखा फाइल का कचरा त्वरित कार्य निष्पादन से सफाई हो जाती है।




उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा लोगों को जागृत करने का एक प्रयास है। अपने जीवन के दिनचर्या में इसे शामिल करने से ही यह प्रयास सफल हो पाएगा। उन्होंने पॉलिथीन उपयोग पर रोक लगाने की लोगों से अपील की और कहा कि डीवीसी प्रबंधन ने जो थैला लोगों को उपलब्ध कराया है-उसका उपयोग करते हुए बाजार में भी दिखना चाहिए। वरिष्ठ जीएम-मानव संसाधन डॉक्टर डीसी पांडेय ने कहा कि स्वच्छता के लिए लोगों को प्रोत्साहित करते रहना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन की सफलता के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। समारोह का संचालन प्रबंधक राजकुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर डॉ पीके घोष परविंद कुमार अवधेश सिंह शेखावत अनुतोष एक्का अमूल्य सिंह सरदार सरयू रविदास भुनेश्वर महतो बॉबी देवी स्मृति देवी बमबम अक्षय कुमार आदि शामिल थे। प्रतिभागियों में डीजीएम ललन प्रसाद गुप्ता रोशनी कुमारी सिमरन कुमारी दीपिका कुमारी रामजी रजक सुमन कुमार आदि को मोमेंटो प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर विगत 16 मई से 31 मई तक मनाये गए स्वच्छता पखवाड़ा में किए गए कई कार्यक्रमों के संबंध में प्रदर्शित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इन कार्यक्रमों में क्षय रोग के रोगियों को पोषाहार का वितरण और महिलाओं को सेनेटरी पैड का भी वितरण किया गया।

# चास के कल्याण गुरुकुल में 40वां फ्लैग ऑफ सेरेमनी मनी

## बांटे गये नियुक्ति पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चास स्थित कल्याण गुरुकुल में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली छात्राओं के लिए आयोजित 40 वां फ्लैग आफ सेरेमनी में उपायुक्त अजय नाथ झा शामिल हुए। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी एनएस कुजूर संस्थान के प्रधानाध्यपक राम बली गिरी सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह प्रेझा फाउंडेशन के प्रतिनिधि शिक्षक समेत अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर स्मार्ट मोबाइल फोन का दो माह का प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली 33 छात्राओं को बेंगलुरू स्थित टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड में चयनित होने पर उन्हें उपायुक्त व अन्य अतिथियों द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मौके पर अपने संबोधन में डीसी श्री झा ने कहा कि बहुत कम छात्राओं को यह अवसर प्राप्त होता है- आप सभी का चयन नौकरी के लिए हुआ है।




उन्होंने कहा कि शॉर्ट कट लेना नहीं है। कंपनी प्रबंधन द्वारा जो भी कार्य दायित्व दिया जाएं-उसका ईमानदारी से निर्वहन करना है। मेहनत करना है व काम सीखना है और आगे बढ़ना है। उपायुक्त ने छात्राओं को दूसरे बच्चियों के लिए रोल मॉडल बनने के लिए प्रेरित किया। कहा कि सबों को कुछ न कुछ देश के लिए करना होता है। सबका अपना-अपना योगदान होता है। आप सभी को अपना कार्य - दायित्व पूरा करना है। उन्होंने सभी को जीवन में आगे बढ़ने एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

उपायुक्त ने परिसर में पौधरोपण भी किया। इससे पूर्व उपायुक्त ने स्मार्ट मोबाइल फोन कंप्यूटर लैब प्रशिक्षण कक्ष आदि का जायजा लिया। प्रेझा फाउंडेशन को कोर्स की अवधि बढ़ाने और नये कोर्स को जोड़ने की बात कहीं। वहीं जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर ने कहा कि प्रशिक्षण पूरा करने वाली 33 छात्राओं का रोजगार के लिए चयन हुआ है। आप सभी अपना हुनर दिखाते हुए आगे बढ़ें। मौके पर संस्थान के प्रधानाध्यापक राम बली गिरी शिक्षक/ प्रेझा फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने प्रशिक्षण पूर्ण कर जीवन का नया अध्याय शुरू करने के लिए बधाई दी।

## कृषक मित्रों की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी

**गोड्डा।** झारखंड के हजारों कृषक मित्र अपनी वर्षों पुरानी उपेक्षा और अनदेखी के खिलाफ 27 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। मांग है। सम्मानजनक मानदेय, जो आज तक उन्हें नहीं मिला। आंदोलन अब पूरे प्रदेश में फैलता जा रहा है और सरकार पर दबाव बढ़ता जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार भगत ने प्रेस को बताया कि आज विभागीय निदेशक के निर्देश पर जिलास्तरीय अधिकारियों ने उनसे बैठक की और हड़ताल समाप्त करने का आग्रह किया, लेकिन बातचीत नतीजे तक नहीं पहुंच सकी। कृषक मित्र अपनी मूल मांग पर अडिग हैं। घर चलाना भी चुनौती बन गया है। जब सरकार कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने की बातें कर रही है।

एक नजर में

## डॉ0 निशिकांत बने खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के एडवाइजरी कमेटी के चेयरमैन

**गोड्डा।** संसदीय कार्य मंत्रालय ने गोड्डा सांसद डॉ० निशिकांत दुबे को खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग (उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सर्वजनिक वितरण मंत्रालय) के झारखंड राज्य के एडवाइजरी कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया है। संसदीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अवर सचिव अनिल कुमार ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार कुल 24 राज्यों में अलग-अलग दलों के लोकसभा व राज्यसभा सांसदों को खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग का चेयरमैन नियुक्त किया है। झारखंड से गोड्डा सांसद डॉ० निशिकांत दुबे को चेयरमैन नियुक्त किया गया है। सांसद डॉ० दुबे झारखंड में खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की एडवाइजरी कमेटी के चेयरमैन के तौर पर झारखंड में भारत सरकार के संबंधित इस विभाग की योजनाओं का संचालन, लाभार्थियों को लाभ सहित पूरी योजनाओं की समीक्षा करेंगे व संसद की स्थायी समिति को रिपोर्ट करेंगे।

## पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना का राहत राशि चेक उपायुक्त ने आश्रितों को दिया

**दुमका।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की राहत राशि का चेक लाभुक को उपायुक्त अभिजित सिन्हा ने प्रदान किया। लाभुक को राशि चेक ग्राम साथी संस्था सीएफएल के पद पर कार्यरत पूर्णिमा कुमारी के सहयोग से मिला। सीएफएल की ओर से शिकारीपाड़ा प्रखुंड के सिखाड़ी गांव में वित्तीय साक्षरता शिविर लगा कर लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उनके द्वारा पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, एपीवाई, एसएसवाई योजनाओं के बारे में और क्लेम को लेकर विस्तारपूर्वक बताया जा रहा है। शिविर में मृतक के आश्रित उत्तम भंडारी ने सीएफल कर्मी पुर्णिमा कुमार से संपर्क किया। जिनके अथक प्रयास से मृतक के आश्रित परिवार को मुआवजा राशि का चेक भुगतान किया गया।

## दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के बीच ट्राई साइकिल एवं अन्य उपकरण हुआ वितरण

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिला के शिकारीपाड़ा समाज कल्याण एवं बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में शनिवार को शिकारीपाड़ा प्रखंड परिसर में सांसद नलिन सोरेन ने दो सौ दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के बीच ट्राई साइकिल सहित अन्य सहयोगी उपकरणों का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद नलिन सोरेन ने कहा कि आज वैसे व्यक्तियों के बीच सहायक उपकरणों का वितरण किया जा रहा है जिनका रजिस्ट्रेशन जनवरी 2025 में किया गया थाद्य इसके पीछे सरकार की मंशा है कि सभी दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक अपने हक और अधिकार के लिए कहीं भी सुगमता पूर्वक पहुंचकर लाभ उठा सकेद्य उसी के तहत इस प्रकार के उपकरण का वितरण किया जा रहा हैद्य यह जिला के प्रत्येक प्रखंड में किया जा रहा है और आगे भी किया जाएगा। कार्यक्रम को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मोहम्मद एजाज आलम ने भी संबोधित करते हुए योजना पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालाद्य कार्यक्रम में अंचल अधिकारी शिकारीपाड़ा कपिल देव ठाकुर, प्रभुनाथ हांसदा के साथ सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। बताते चलें कि कड़ी धूप में भी लाभुक खुले मैदान में धूप की परवाह किए बिना अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए। वितरण कार्यक्रम के पश्चात सांसद अपने आवास के लिए प्रस्थान कर गए।

## धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम में खूब दिखी आदिवासी परंपरा की झलक

**दुमका।** दिसोम मांझी थान आर जाहेर थान समिति संताल परगना प्रमंडल के दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू के नेतृत्व में 'धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम' आयोजित हुई। इस कार्यक्रम की शुरूआत दिसोम जाहेर थान में दिसोम नायकी बाबा सीताराम सोरेन के नेतृत्व में बोंगा-बुरु के साथ शुरू हुई। संध्या 4 बजे से बिरसा मुंडा आउटडोर स्टेडियम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुआ। इसके बाद रात 8 बजे से विश्व प्रसिद्ध लेखक सह कथाकार गुरु बाबा सोमाय किस्कू का प्रवचन शुरू हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए संताली जगत के स्टार सिंगर सिंगराय सोरेन, डिगीर सोरेन, कल्पना हांसदा, बनाम राजा नारायण टुडू, कुनामी चांदों म्यूजिकल ग्रुप जामताड़ा समेत कई कलाकार शामिल हुए। उक्त रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का दर्शकों ने खूब लुफ्त उठाया। साथ ही विश्व प्रसिद्ध लेखक सह कथाकार गुरु बाबा सोमाय किस्कू का प्रवचन सुना। इस धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए लोग झारखंड के अलावा पड़ोसी राज्य से भी मरांग बुरू भक्त शामिल हुए। इस कार्यक्रम में लगभग 7 से 10 हजार की संख्या में लोग शामिल होकर उक्त धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक ऐतिहासिक कार्यक्रम के गवाह बने। मौके पर जमशेदपुर से तलसा मांझी बाबा दुर्गा चरण मुर्मू, भोगनाडीह से सिदो मुर्मू-कान्हू मुर्मू के छठे वंशज मंडल मुर्मू, देवघर से काराम गुरु, सर्वेश्वर किस्कू, जामताड़ा से देश मांझी परगना बाबा सुनील हेंब्रम, संताली साहित्यकार मान चुंडा सोरेन सिपाही, अमिताभ बच्चन सोरेन, एसकेएमयू के प्रोफेसर सुजीत सोरेन, पूर्व दिसोम मांझी बाबा विशाल मरांडी समेत देश के कई क्षेत्रों से मरांग बुरू शामिल हुए।

## संकरी गली में फंसी गाय, रेस्क्यू का इंतजार

**गोड्डा।** जिले के गोढ़ी मोहल्ले में शुक्रवार को एक गाय संकरी गली में फंस गई, करीब डेढ़ फीट चौड़ी इस गली में गाय गलती से घुस गई थी, लेकिन आगे बढ़ने या पीछे लौटने में असमर्थ रही। स्थानीय निवासियों ने गाय को निकालने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग से अपील की है कि इस मामले का संज्ञान लिया जाए और तुरंत रेस्क्यू टीम भेजकर गाय को सुरक्षित निकाला जाए। स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द से जल्द कार्रवाई करेगा और गाय को सुरक्षित निकाला जाएगा। खबर लिखे जाने तक गाय को रेस्क्यू नहीं कर किया गया था।

## महिला कालेज के अवकाश प्राप्त चार कर्मियों को दी गयी विदाई

**गोड्डा।** महिला कालेज के लेखापाल सुधांशु शेखर झा, वनस्पति विज्ञान के प्रयोगशाला प्रभारी राम मुर्मू, चतुर्थवर्गीय कर्मचारी प्रतिमा देवी एवं ताला मरांडी के अवकाश प्राप्त होने पर कालेज सभागार में शुक्रवार को समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान सभी प्रभारी प्राचार्य डा० सुमनलता ने अवकाश प्राप्त कर्मियों को अंगवस्त्र सहित चेक प्रदान किया। कालेज की प्रभारी डा० सुमनलता ने कहा कि सुधांशु शेखर झा महाविद्यालय के स्थापना काल से ही कालेज सेवारत हैं। इनकी कार्यकुशलता की बदौलत ही आज विद्यालय मुकाम हासिल करने में सफल रहा है। वे 19 अगस्त 1989 से ही इस महाविद्यालय में अपनी सेवा दे रहे हैं। ऐसे कार्यकुशल कर्मियों को विदाई देना बहुत ही कष्टकारी है। लेकिन सरकारी नौकरी में योगदान व सेवानिवृत्त एक पड़ाव है। इससे सभी कर्मियों को गुजरना पड़ता है। इसी प्रकार राममुर्मू ने भी पांच नवंबर 1990 से ही महाविद्यालय में सेवा देकर खासकर विज्ञान विभाग की छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने में अहम योगदान दिया है। इसे भुलाया नहीं जा सकता है। इसी प्रकार प्रतिमा देवी व ताला मरांडी ने भी निष्ठापूर्वक कार्य कर सभी का दिल जीत लिया है। कहा कि विदाई चाहे किसी की भी हो बहुत ही कष्टकारक होता है। उन्होंने सभी के दीर्घ जीवन की मंगल कामना की। कार्यक्रम का संचालन डा० शाबरा तब्बसुन कर रही थी। इसके पूर्व छात्राओं ने विदाई गीत गाकर माहौल को गमगीन बना दिया। इस अवसर पर डा० विभा राय, डा० रेखा कुमारी, डा० कौशल, अरविंद यादव, नीलेश कुमार यादव, निरंजन दास, रौशन कुमार, मनोरमा कुमारी, साधना कुमारी, शैश टेलर, प्रियंका कुमारी आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### हेट स्पीच मामले में अब्बास को अंसारी को साल की सजा

**मऊ।** जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे और सदर विधायक अब्बास अंसारी को हेट स्पीच मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी करार दिया है। कोर्ट ने अब्बास को दो साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने मंसूर अंसारी को छह माह की सजा और एक हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। अब्बास को सजा होने के बाद उनके समर्थक कोई हंगामा न करें, इसके लिए कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कोर्ट का यह फैसला अब्बास के राजनीतिक करियर को प्रभावित कर सकता है। दो साल की सजा होने से उनकी विधानसभा की सदस्यता रद्द हो सकती है।

### मणिपुर में बाढ़ से जनजीवन प्रभावित

**इम्फाल।** मणिपुर में और उसके पड़ोसी राज्यों में पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण शनिवार को खुरई, चेकोन और खाबम में नदी के तटबंध धंस गया, जिसके कारण कई घर जलमग्न हो गए और इंफाल, इरिल और नम्बुल नदियों के किनारे वाले इलाकों में बाढ़ आ गई। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए अधिकारियों और असम राइफल्स ने हेल्पलाइन जारी की हैं। बाढ़ के कारण लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। घाटी के इलाकों में नदी के तटबंधों की सुरक्षा के लिए सैकड़ों लोग बांस और रेत की बोरियों से तटबंध को पाटने में लगे हुए हैं।

### असम में 79 पाक समर्थक गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे माहौल के बीच सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने के आरोप में असम पुलिस बेहद कड़ा रूख अपनाए हुए है। पाकिस्तान समर्थकों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने राज्य के अलग-अलग हिस्सों से 79 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने बताया है कि शत्रु देश के प्रति सहानुभूति और समर्थन करने जैसे राजद्रोहियों के विरुद्ध असम पुलिस का अभियान जारी है।

### नाइजीरिया में बाढ़ से 100 की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य नाइजर राज्य में भारी बारिश के कारण आई विनाशकारी बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 100 हो गई है। राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनईएमए के वरिष्ठ अधिकारियों ने आपदा वाले मोक्वा क्षेत्र का जायजा लेने गए अधिकारियों ने शुक्रवार दोपहर और शव बरामद किए गए।

### यूक्रेन में जारी रहेगा सैन्य अभियान :रूस

**मॉस्को।** वरिष्ठ रूसी अधिकारियों ने कहा है कि यूक्रेन में सैन्य अभियान तब तक जारी रहेगा जब तब संघर्ष के मूल कारणों का समाधान नहीं हो जाता और शांति समझौतों की औपचारिक पुष्टि नहीं हो जाती। रूसी स्टेट ड्यूमा की रक्षा समिति के अध्यक्ष एंड्री काटापीलोव ने बिना शर्त युद्ध विराम की संभावना से इनकार करते हुए कहा कि हमारा देश तब तक अपना हमला जारी रखेगा जब तक कि चीजें लिखित रूप में नहीं रखी जातीं।

### लारा दत्ता के पिता एलके दत्ता का निधन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस लारा दत्ता के पिता विंग कमांडर एल.के. दत्ता का निधन हो गया है, जिससे फिल्म जगत और उनके प्रशंसकों में शोक की लहर है। लारा शुक्रवार सुबह अपने पति टेनिस स्टार महेश भूपति के साथ मुंबई में पिता के अंतिम संस्कार में शामिल हुईं। इस दौरान वह बेहद भावुक नजर आईं। उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। फैंस न सिर्फ उनके पिता को श्रद्धांजलि दे रहे हैं, बल्कि इस कठिन समय में लारा को हिम्मत भी बंधा रहे हैं। लोग सोशल मीडिया पर संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। लारा के पिता वायुसेना में विंग कमांडर से सेवानिवृत्त थे।

# अंतरिक्ष पर मानव को भेजेगा इसरो

## गगनयान मिशन के तहत भारत ने शुरू की बड़ी तैयारी

एजेंसी

- निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने और नए व्हीकल्स के विकास पर भी जोर
- इसरो ने जारी की 2024 की अपनी उपलब्धियां




**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब चांद पर मिशन के साथ ही अंतरिक्ष में मानव भेजने की भी तैयारी कर रहा है। गगनयान मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएंगे। इसके अलावा, निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने और नए व्हीकल्स के विकास पर भी जोर दिया जा रहा है। इसरो चंद्रयान, गगनयान और भारत-अमेरिका निसार मिशन सहित कई सफल प्रक्षेपण के साथ ही एक्सिओम-4 मिशन पर देश के पहले अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस)पर भेजने के लिए प्रतिबद्ध है। इसरो ने पिछले वर्ष की उपलब्धियों को गिनाते हुए अपनी वेबसाइट में यह नवीनतम जानकारी साक्षा की। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से पांच प्रक्षेपण सफल रहे हैं जिनमें आठ भारतीय अंतरिक्ष यान, एक विदेशी उपग्रह और पीओईएम 3 और 4 सहित छह रॉकेट निकायों का सटीक प्रक्षेपण शामिल है इनमें पीएसएलवी-सी58/एक्सपोसैट, पीएसएलवी-सी59/प्रोबा-3, पीएसएलवी-सी60/एसपीएडेक्स डॉकिंग प्रायोगिक मिशन, जीएसएलवी-एफ14/इनसैट-3डीएस और एसएसएलवी-डी3/ईओएस-08 मिशन शामिल थे। इन सभी ने अपनी निर्धारित कक्षा में पेलोड को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। वर्ष 2024 की अपनी उपलब्धियों को दर्शाते हुए इसरो ने बताया कि संगठन के जीसैट-20 को स्पेसएक्स के फाल्कन-9 ब्लॉक 5 द्वारा केप कैनावेरल से लॉन्च किया गया।

टीएसएटी- 1 ए को भी फाल्कन-9 द्वारा ही लॉन्च किया गया जिसके परिणामस्वरूप कुल आठ भारतीय उपग्रहों, एक विदेशी उपग्रह, और छह रॉकेट निकाय (पोयम -3 और पोयम - 4 सहित) को उनकी इच्छित कक्षाओं में प्रक्षेपित किया गया। वेबसाइट के मुताबिक पिछले साल 31 दिसंबर तक निजी आपरेटरों/शैक्षणिक संस्थानों सहित कुल 36 भारतीय अंतरिक्ष यान पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित किये गये। इस दौरान भारत सरकार के स्वामित्व वाले परिचालन उपग्रहों की संख्या लियो (निम्न पृथ्वी कक्षा) में 22 और जियो (भू-समकालिक पृथ्वी कक्षा) में 31 है। इसरो इन उपग्रहों का संचालन और प्रबंधन करता है, जो देश के विकास और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा दो भारतीय अंतरिक्ष मिशन -अर्थात चंद्रयान-2 ऑर्बिटर (सीएच 2ड) और सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु पर आदित्य-एल1 भी सक्रिय थे। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान के प्रणोदन मॉड्यूल ने नवंबर 2023 से अपनी चंद्र कक्षा से स्थानांतरित होने के बाद उच्च पृथ्वी की कक्षा (1 लाख किमी से अधिक दूर) में काम करना जारी रखा। इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने वर्ष 2024 के लिए इसरो सिस्टम फॉर सेफ एंड सस्टेनेबल स्पेस ऑपरेशंस मैनेजमेंट (आईएसफौरओएम) द्वारा संकलित भारतीय अंतरिक्ष स्थिति आकलन रिपोर्ट (आईएसएसएआर) जारी करते हुए कहा कि पीएसएलवी -सी 3 का ऊपरी चरण वर्ष 2001 में आकस्मिक रूप से टूट गया था जिससे 371 टुकड़े हुए थे। इनमें से अधिकांश टुकड़े हालांकि फिर से वायुमंडल में प्रवेश कर गए हैं। वर्ष 2024 के अंत तक 41 पीएसएलवी - सी 3 का मलबा अभी भी कक्षा में ही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के अंत तक 34 रॉकेट निकायों ने पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश किया और उस समय ऐसे पांच पुनःप्रवेश हुए।वायुमंडलीय पुनः प्रवेश में 34 रॉकेट निकायों ने 2024 के अंत तक पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश किया। इसरो की वेबसाइट के मुताबिक सभी एलवीएम 3 रॉकेट निकाय क्षय हो चुके हैं और केवल एलवीएम 3 एम 2 वन वेब इंडिया-मिशन से एक ही राकेट कक्षा में बचा हुआ है। जीएसएलवी रॉकेट निकायों में से केवल जीएसएलवी -एफ 12 और जीएसएलवी- एफ 14 रॉकेट निकाय कक्षा में हैं। वर्ष 2024 के अंत तक कुल 31 भारतीय उपग्रह वायुमंडल में पुनः प्रवेश कर चुके हैं। वर्ष 2024 में नौ भारतीय उपग्रह वायुमंडल में पुनः प्रवेश कर चुके हैं। इनमें काटोसैट-2 भी शामिल है, जो 14 फरवरी को वायुमंडल में पुनः प्रवेश कर गया।

## मानव रहित विमान, ड्रोन, राडार व बमों का परीक्षण कर रही सेना

एजेंसी

- पोखरण, बबीना, जोशीमठ सहित देश के कई स्थानों पर हो रहा है परीक्षण



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि भारतीय सेना अगली पीढ़ी की कई रक्षा प्रौद्योगिकियों का कई परीक्षण क्षेत्रों में करीब-करीब युद्ध जैसी परिस्थितियों में परीक्षण कर रही है। राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज, मध्य प्रदेश के बबीना फील्ड फायरिंग रेंज और उत्तराखंड में जोशीमठ सहित देश में विभिन्न परीक्षण स्थानों पर मानवरहित हवाई प्रणालियों, ड्रोन, आड़े-तिरछे उड़ान पथ से प्रहार करने वाले बम, कम ऊँचाई वाले वायु क्षेत्र पर निगरानी रखने वाले आधुनिक राडार आदि के परीक्षण किए जा रहे हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सेना व्यापक प्रतिरक्षा क्षमताओं के विकास और परीक्षण कर रही है। इनमें बड़ी संख्या में रक्षा निर्माण इकाइयां भी भाग ले रही हैं। आगरा और गोपालपुर में विशेष वायु रक्षा उपकरणों का प्रदर्शन किया जाएगा। इन अभियानों में करीब-करीब वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों के प्रदर्शन का बारीकी से आकलन किया जा रहा है। थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मंगलवार को बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में चल रहे परीक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की और सभी हितधारकों के साथ बातचीत की। मंत्रालय ने कहा कि ये परीक्षण भारतीय सेना के परिवर्तन के दशक की वृहद योजना में एक महत्वपूर्ण कदम हैं और इनका उद्देश्य उभरती युद्धक परिस्थितियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों का तेजी से समावेशन सुनिश्चित करना है।




## थाईलैंड की ओपल सुचाता चुआंग्सरी बनीं मिस वर्ल्ड

**हैदराबाद । ओपल सुचाता चुआंग्सरी ने 72वें मिस वर्ल्ड का खिताब का ताज जीतीं। इस ताज को दुनियाभर की 110 सुंदरियां को मात देकर मिस थाईलैंड ने अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व नंदिनी गुप्ता ने किया था लेकिन वो टॉप 4 की रेस से बाहर हो गई थीं।**

### लीबिया में हिजबुल्लाह का कुख्यात कमांडर ढेर

**गाजा पट्टी/बेरूत।** इजराइल ने ईरान समर्थित आतंकी समूह हिजबुल्लाह के एक कुख्यात कमांडर को मार गिराने का दावा किया है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि दक्षिणी लेबनान में रात भर हुए हमले में उसने हिजबुल्लाह रॉकेट यूनिट कमांडर को मार गिराया। आईडीएफ के अनुसार हिजबुल्लाह की रॉकेट यूनिट का कमांडर मोहम्मद अली जमौल को डेयर एज-जहरानी के पास ब्यूफोर्ट कैसल क्षेत्र में ढेर कर दिया गया। जमौल ने युद्ध के दौरान इजराइल पर कई बार रॉकेट हमले किए। हाल ही में वह क्षेत्र में हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे को बहाल करने की जद्दोजहद कर रहा था। हमास के गाजा पट्टी में संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों में गाजा पर हमलों में 60 लोग मारे गए हैं और दर्जनों घायल हुए हैं। यह साफ नहीं किया गया है कि इनमें कितने लड़ाके और कितने नागरिक हैं। फिलिस्तीनी मीडिया ने आज सुबह गाजा शहर और पट्टी के दक्षिण में खान यूनिस में हमलों की पुष्टि की है।

## अब इस्पात आयात पर शुल्क दोगुना करेंगे ट्रंप

एजेंसी

- अमेरिका के राष्ट्रपति ने इस्पात व एल्युमीनियम पर टैरिफ 50 प्रतिशत किया और बुधवार से होगा लागू



**वेस्ट मिफ्लिन (पेन्सिल्वेनिया)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को पेन्सिल्वेनिया के इस्पात कर्मियों से कहा कि वह उनके उद्योग की रक्षा के लिए इस्पात आयात पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर रहे हैं। यह एक नाटकीय वृद्धि है, जो आवास, वाहन और अन्य सामान बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली धातु की कीमतों को और बढ़ा सकती है। बाद में सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि एल्युमीनियम शुल्क को भी दोगुना करके 50 प्रतिशत किया जाएगा और दोनों शुल्क बढ़ोतरी बुधवार से लागू होंगी। ट्रंप ने उपनगरीय पिट्सबर्ग में यूएस स्टील के मोन वैली वर्क्स-इरविन संयंत्र में बात की, जहां उन्होंने एक विस्तृत सौदे पर भी चर्चा की जिसके तहत जापान की निप्पॉन स्टील प्रतिष्ठित अमेरिकी स्टील विनिमार्ता में निवेश करेगी। हालांकि, ट्रंप ने शुरू में पिट्सबर्ग स्थित यूएस स्टील को खरीदने के लिए जापानी स्टील विनिमार्ता की बोली को रोकने की बात कही थी, लेकिन उन्होंने पिछले सप्ताह अपना रुख बदल दिया और निप्पॉन द्वारा ह्यआंशिक स्वामित्वह्ल के लिए एक समझौते की घोषणा की। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि उनके प्रशासन द्वारा मध्यस्थता में किया गया सौदा अंतिम रूप ले चुका है या नहीं, या स्वामित्व किस तरह का होगा। यूएस स्टील के एक गोदाम में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए ट्रंप ने कहा कि हम आज यहां एक ब्लॉकबस्टर समझौते का जश्न मनाने के लिए आए हैं, जो यह सुनिश्चित करेगा कि यह प्रतिष्ठित अमेरिकी कंपनी एक अमेरिकी कंपनी बनी रहे। उन्होंने कहा कि आप एक अमेरिकी कंपनी बने रहेंगे, आप यह जानते हैं, है न शुल्क के बारे में, ट्रंप ने कहा कि आयातित इस्पात पर शुल्क दोगुना करने से ह्यअमेरिका में इस्पात उद्योग और भी सुरक्षित हो जाएगा।

## प्रसिद्ध वन्यजीव विशेषज्ञ थापर का निधन

- बाघों के प्रति असीम प्रेम से टाइगर मैन के नाम से भी प्रसिद्ध थे वाल्मीक थापर



**नयी दिल्ली।** प्रसिद्ध वन्यजीव विशेषज्ञ, लेखक एवं प्रकृति प्रेमी वाल्मीक थापर का शनिवार तड़के यहां निधन हो गया। थापर 73 वर्ष के थे। वह लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे थापर के परिवार में पत्नी संजना कपूर और पुत्र हमीर थापर हैं। बाघों के प्रति असीम प्रेम के कारण वह टाइगर मैन के नाम से भी प्रसिद्ध थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि थापर का निधन दिल्ली के कौटिल्य मार्ग स्थित उनके आवास पर हुआ। उनका अंतिम संस्कार लोधी रोड स्थित विद्युत शवदाह गृह में शाम को किया गया। उन्होंने बताया कि थापर का जन्म नई दिल्ली में वर्ष 1952 में हुआ था। दून स्कूल के बाद उन्होंने दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज में प्रवेश लिया। वहां समाजशास्त्र ऑनर्स में उन्हें स्वर्ण पदक मिला। वे प्रसिद्ध पत्रकार रोमेश थापर के पुत्र और इतिहासकार रोमिला थापर के भतीजे थे। वाल्मीक थापर ने अभिनेता शशि कपूर की बेटी और रंगमंच कलाकार संजना कपूर से विवाह किया था। वाल्मीक थापर ने अपना पूरा जीवन वन्यजीव संरक्षण, खासतौर पर बाघों के अध्ययन और सुरक्षा को समर्पित किया। थापर, रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान से जुड़े रणथंभौर फाउंडेशन के सह-संस्थापक भी थे।

### बिहार में घूसखोर दारोगा को चार साल की जेल

**पटना।** दस हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़े गए पटना के नौबतपुर थाने के तत्कालीन दारोगा अजीत कुमार राय को निगरानी कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायाधीश मो. रुस्तम ने दोषी दारोगा को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-13 (एक) में चार वर्ष का सश्रम कारावास और दस हजार रुपये का अर्थदंड लगाने की सजा सुनाई है। यह मामला दिसंबर, 2016 का था। जब शिकायतकर्ता श्यामनंदन की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस मामले में मोटरयान निरीक्षक से जांच कराने का आवेदन भेजने के लिए दारोगा ने दस हजार रिश्वत की मांग की थी। इस मामले में दारोगा को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने आठ दिसंबर, 2016 को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। इस कांड की जांच और चार्जशीट पुलिस निरीक्षक किरण पासवान ने की थी।

## राजीव कृष्ण बने यूपी के डीजीपी

एजेंसी

**लखनऊ।** योगी सरकार ने 1991 बैंच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण को यूपी पुलिस का नया डीजीपी नियुक्त किया है। अब तक में आईपीएस राजीव कृष्ण डीजी विजिलेंस और उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। सीनियर आईपीएस राजीव कृष्ण उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर के रहने वाले हैं। आईपीएस राजीव कृष्ण का नाम भावी डीजीपी के तौर पर सबसे आगे चल रहा था। इन्हें सीएम योगी आदित्यनाथ के विश्वसीनय अधिकारियों में से एक माना जाता है। आईपीएस राजीव कृष्ण को अपराध पर रोकथाम लगाने और हाईटेक पुलिसिंग के लिए जाना जाता है। इन्हें ऑपरेशन पहचान एप के जरिए अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया। साथ ही ई-मालखानों से लेकर मुकदमों के ऑनलाइन रिकॉर्ड की सोच का श्रेय इन्हीं को दिया जाता है। सीनियर आईपीएस राजीव कृष्ण का जन्म 20 जून 1969 को हुआ था।

राजीव कृष्ण ने पहले बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने यूपीएससी की तैयारी शुरू की। उन्होंने 1991 में यूपीएससी क्लियर किया और आईपीएस के तौर पर नियुक्ति मिली।

## बिहार में 47 आइएएस अफसरों का ट्रांसफर

खबर मन्त्र संवाददाता




- पटना समेत 18 जिलों के डीएम बदले गये, छह प्रमंडलों में नये कमिशनर की तैनाती
- चंद्रशेखर सिंह पटना प्रमंडल के आयुक्त नियुक्त, गया के डीएम त्यागराजन एस.एम को पटना डीएम की कमान
- राज्य परिवहन आयुक्त नवीन कुमार बने खगड़िया डीएम

**पटना।** बिहार सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 47 अफसरों का स्थानातंरण किया है। इनमें कई अफसरों को प्रोन्नति दी गई है। 18 जिलों के जिलाधिकारी (डीएम) बदल दिए गए हैं। छह प्रमंडलों में नये कमिशनर (आयुक्त) की तैनाती की गई है।

पटना के डीएम रहे चंद्रशेखर सिंह को पटना प्रमंडल, दरभंगा के डीएम राजीव रौशन को सारण प्रमंडल, समाज कल्याण विभाग के निदेशक (समेकित बाल विकास परियोजना) कौशल किशोर को दरभंगा प्रमंडल, मुंगेर के डीएम अवनीश कुमार सिंह के मुंगेर प्रमंडल, कम्फेड के प्रबंध निदेशक राज कुमार को तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर, योजना एवं विकास विभाग के विशेष सचिव हिमांशु कुमार राय को भागलपुर प्रमंडल का कमिशनर बनाया गया है। वहीं पटना प्रमंडल के कमिशनर मयंक वरवड़े को बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक बनाया गया है।

**इन जिलों में बदले डीएम :** सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के मुताबिक गया के डीएम त्यागराजन एस.एम. को पटना जिले का डीएम, राज्य परिवहन आयुक्त नवीन कुमार को खगड़िया, पूर्णिया के डीएम कुन्दन कुमार को नालन्दा, मधुबनी के डीएम अरविन्द कुमार वमार्को मुंगेर, बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक धर्मेन्द्र कुमार पश्चिम चंपारण, बेतिया, पशुपालन निदेशक नवदीप शुक्ला को बांका, पंचायती राज विभाग के निदेशक आनंद शर्मा को मधुबनी, संसदीय कार्य विभाग के अपर सचिव नवीन को जमुई, योजना एवं विकास विभाग के निदेशक डा.विद्या नन्द सिंह को बक्सर, मुंगेर के बंदोबस्त अधिकारी सुनील कुमार-एक को कैमूर(भभुआ), जल संसाधन विभाग के अपर सचिव पवन कुमार सिन्हा को गोपालगंज, नालन्दा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर को गया (गयाजी), स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव आदित्य प्रकाश को सिवान, कैमूर के डीएम सावन कुमार को सुपौल, नगर विकास एवं आवास विभाग की अपर सचिव वर्षा सिंह को वैशाली, बांका के डीएम अंशुल कुमार को पूर्णिया, मधुबनी के उप विकास आयुक्त डीएम दीपेश कुमार को सहरसा का डीएम बनाया गया है। तिरहुत प्रमंडल के कमिशनर सरवणन एम. को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव के पद पर पदस्थापित किया गया है। इसी प्रकार दरभंगा प्रमंडल के कमिशनर मनीष कुमार को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के सचिव, सारण प्रमंडल के कमिशनर गोपाल मीणा को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव, भागलपुर प्रमंडल के कमिशनर दिनेश कुमार को शिक्षा विभाग के सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के विशेष सचिव कंवल तनुज को लघु जल संसाधन विभाग के सचिव के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं सामान्य प्रशासन विभाग की विशेष सचिव रचना पाटिल, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के विशेष सचिव मो. नैय्यर इकबाल और पटना नगर निगम के आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर, बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मीनेन्द्र कुमार, चकबंदी निदेशक राकेश कुमार को सचिव स्तर में प्रोन्नति दी गई है।

